RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 235
नई दिल्ली, रविवार, 2 जुलाई, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



सात से दस दिन में सुधर जाएंगे मणिपुर के हालात

राष्ट्रीय-11

# मानसून सत्र 20 से, यूसीसी और एनसीटी बिल से गर्माएगी संसद

- 23 अगस्त तक चलने वाले सत्र में कई मुद्दों पर विपक्षी एकता का होगा लिटमस टेस्ट
- लोकसभा चुनाव से पहले राजनीतिक परिदृश्य भी स्पष्ट कर देगा यह सत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



फाइल फोटो

**संसद** का आगामी मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होगा। इस सत्र में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक और राष्ट्रीय राजधानी की सरकार को बदलने के उद्देश्य से एक विधेयक दिल्ली क्षेत्र (संशोधन) अध्यादेश सहित विवादास्पद विधायी प्रस्ताव पेश किए जा सकते हैं।

इस कारण यह सत्र काफी हंगामेदार रहने की संभावना है। यह सत्र 11 अगस्त तक चलेगा। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने ट्विटर पर कहा कि मानसून सत्र में सभी दल विधायी कार्यों और अन्य विषयों पर सार्थक चर्चा में योगदान दें। जोशी ने कहा कि 23 दिनों तक चलने वाले इस सत्र में कुल 17 बैठकें होंगी। मैं सभी दलों से सत्र के दौरान संसद के विधायी और अन्य कार्यों में रचनात्मक योगदान देने की अपील करता हूं। सत्र के हंगामेदार रहने की उम्मीद है, क्योंकि विपक्षी दल अगले साल लोकसभा चुनाव से पहले नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले एनडीए के खिलाफ एकजुट होने की कोशिश कर रहे हैं। संसद में इसका सीधा प्रभाव दिखेगा। संसद की बैठक ऐसे समय हो रही है जब प्रधानमंत्री मोदी ने यूसीसी के लिए जोरदार वकालत की है और सरकार इस मुद्दे पर परामर्श प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ रही है।

कांग्रेस और वाम सहित विपक्ष के एक बड़े वर्ग ने यूसीसी का विरोध किया है और भाजपा सरकार के कदम को 2024 के लोकसभा चुनाव के करीब ध्यान भटकाने वाली रणनीति बताया है। विपक्ष ने इस मुद्दे पर व्यापक विचार-विमर्श का आह्वान किया है। भाजपा के नेतृत्व वाले उत्तराखंड ने पहले ही यूसीसी पर अपनी रिपोर्ट पूरी कर ली है और इसे राज्य में लागू करने की पूरी तैयारी कर ली है। सत्र के दौरान कई महत्वपूर्ण विधायी प्रस्ताव एजेंडे में होंगे। इनमें बहुप्रतीक्षित डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक और वन संरक्षण (संशोधन) विधेयक शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) अध्यादेश को प्रतिस्थापित करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण विधेयक भी चर्चा के लिए रखा जाएगा। एनसीटी विधेयक पर मतदान का विशेष महत्व है, क्योंकि यह हाल ही में एक मंच पर आए विपक्ष के लिए लिटमस टेस्ट की तरह होगा। आम आदमी पार्टी (आप) विधेयक के खिलाफ समर्थन मांगने के (शेष पेज 9)

## सरकार को घेरने के लिए कांग्रेस ने की बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**मानसून** सत्र में अपनी रणनीति तय करने के लिए यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी के आवास पर शनिवार को कांग्रेस संसदीय रणनीति समूह की बैठक हुई। इसमें कांग्रेस ने अपनी संसदीय रणनीति पर चर्चा की। पार्टी ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी), मणिपुर की स्थिति और बालासोर ट्रेन त्रासदी को लेकर रेल मंत्री की बर्खास्तगी की मांग सहित कई मामलों पर संसद में मोदी सरकार को घेरने का फैसला किया। कांग्रेस प्रवक्ता जयराम रमेश ने बैठक के बारे में बताया कि हमने मानसून सत्र से 20 दिन पहले यह बैठक की है, क्योंकि देश के सामने कई महत्वपूर्ण मुद्दे हैं। हम संसद में इन मुद्दों को पूरे जोरशोर से उठाएंगे। जयराम रमेश ने मणिपुर में हिंसा को कांग्रेस की पहली चिंता बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मणिपुर के मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग करती रहेगी। गृह मंत्री की मणिपुर यात्रा के सकारात्मक नतीजों की कमी और पिछले 60 दिनों से इस मामले पर प्रधानमंत्री की चुप्पी पर असंतोष व्यक्त किया। कांग्रेस आगामी संसद सत्र के दौरान मणिपुर में जारी हिंसा पर बहस कराने पर जोर देगी। इसके अलावा पार्टी अडानी मुद्दे की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच कराने की मांग भी उठाएगी।

# महाराष्ट्र में बस में आग, 25 की मौत

- बुलढाणा जिले में समृद्धि एक्सप्रेस-वे पर पहले खंभे फिर डिवाइडर से टकराकर पलटी बस
- राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री ने जताया दुख, विपक्ष ने एक्सप्रेसवे पर बढ़ती दुर्घटनाओं के लिए सरकार को ठहराया जिम्मेदार



महाराष्ट्र के बुलढाणा में दुर्घटना स्थल पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोग

**पायनियर समाचार सेवा।** नागपुर

**महाराष्ट्र** के बुलढाणा जिले में समृद्धि एक्सप्रेस-वे पर चलती बस में आग लगने से 25 यात्री जिंदा जल गए। चालक व परिचालक समेत आठ लोगों ने किसी तरह खिड़कियों से कूदकर जान बचाई। सभी शव बुरी तरह जल गए हैं और पहचान के लिए डीएनए जांच कराई जाएगी। चालक के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने का मामला दर्ज किया गया है।

राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ने दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। दुर्घटना के शिकार लोगों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये दिए जाएंगे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एक निजी बस नागपुर से पुणे जा रही थी, लेकिन रास्ते में बुलढाणा जिले के सिंदखेडराजा के पास रात करीब डेढ़ बजे बस पहले एक खंभे और फिर डिवाइडर से जा टकराई और इसके बाद उसमें आग लग गई। बुलढाणा के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि डिवाइडर से टकराने के बाद बस दाहिनी ओर गिर गई जिससे बस के प्रवेश और निकास द्वार से निकलना लगभग नामुमकिन हो गया।

कुछ ही मिनटों में गाड़ी आग की लपटों में घिर गई। बुलढाणा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) सुनील कडासने ने बताया कि पूछताछ के बाद चालक के खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि विदर्भ ट्रैवल्स की बस शुक्रवार शाम चार बजे नागपुर से पुणे के लिए निकली थी। यात्रियों के रात्रिभोजन के लिए बस यवतमाल जिले के कारंजा में रुकी थी। इसके बाद बस ने 60-70 किलोमीटर प्रति घंटे की औसत गति से लगभग ढाई घंटे में करीब 150 किलोमीटर की यात्रा की। उन्होंने कहा कि वाहन की गति मुद्दा नहीं हो सकती है और प्रथम दृष्टया यह मानवीय चूक का परिणाम लगता है। उन्होंने कहा कि चालक को शायद झपकी आ गई होगी। बस दाहिनी ओर गई और पहले क्रैश बैरियर और फिर डिवाइडर से टकरा गई। एक स्थानीय निवासी ने कहा कि जीवित बचे लोगों ने उसे बताया कि उन्होंने राजमार्ग पर गुजर रहे अन्य वाहनों के यात्रियों से मदद मांगी, लेकिन कोई नहीं रुका।

अधिकारियों ने बताया कि चालक ने दावा किया कि टायर फट गया था। हालांकि अमरावती के क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि दुर्घटना का कारण टायर फटना नहीं हो सकता, क्योंकि घटना स्थल पर रबर के टुकड़े या टायर के निशान नहीं मिले हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले साल दिसंबर में नागपुर-मुंबई समृद्धि महामार्ग (शेष पेज 9)

# मोदी ने सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन आरंभ किया

- कहा- कांग्रेस दे रही है नकली गारंटी

**भाषा।** शहडोल (मप्र)




मप्र के शहडोल में जनता का अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शनिवार को एक पोर्टल का अनावरण कर राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन 2047 की शुरुआत की और इस रोग के प्रबंधन के लिए दिशा निर्देश एवं इसकी निगरानी के लिए विभिन्न मॉड्यूल भी जारी किए। मोदी ने इस मौके पर कहा, पूरी दुनिया में सिकल सेल एनीमिया के जितने मामले होते हैं, उनमें से आधे अकेले हमारे देश में होते हैं। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि पिछले 70 वर्षों में कभी इसकी चिंता नहीं हुई। इससे निपटने के लिए कोई ठोस प्लान नहीं बनाया गया।

प्रधानमंत्री ने कहा, सिकल सेल एनीमिया से मुक्ति का ए अभियान अमृत काल का प्रमुख मिशन बनेगा। मुझे पूर्ण विश्वास है कि जब देश आजादी के 100 साल मनाएगा यानी 2047 तक हम सब मिलकर एक मिशन मोड में अभियान चलाकर इस सिकल सेल एनीमिया से अपने आदिवासियों और देश को मुक्ति दिलाएंगे। उन्होंने कहा, आदिवासी समाज की इस सबसे बड़ी चुनौती को हल करने का बीड़ा अब हमारी सरकार ने उठाया है। आदिवासी समाज हमारे लिए सिर्फ एक सरकारी आंकड़ा नहीं है, ए हमारे लिए संवेदनशीलता का विषय है, भावनात्मक विषय है। मोदी ने कहा, आज शहडोल की इस धरती पर देश आदिवासियों को सिकल सेल एनीमिया से मुक्ति का बड़ा संकल्प ले रहा है।

उन्होंने कहा, यह संकल्प हमारे देश के आदिवासी भाई-बहनों के जीवन को सुरक्षित बनाने का है। यह संकल्प है सिकल सेल एनीमिया की बीमारी से मुक्ति का। यह संकल्प है हर साल सिकल सेल एनीमिया की गिरफ्त में आने वाले 2.5 लाख बच्चों और उनके (शेष पेज 9)

## कृषि, किसान कल्याण पर सालाना 6.5 लाख करोड़ खर्च कर रही सरकारः मोदी


**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार कृषि क्षेत्र और किसान कल्याण के लिए सालाना 6.5 लाख करोड़ रुपए खर्च कर रही है, जिससे प्रत्एक किसान को सालाना लगभग 50,000 रुपए का लाभ मिल रहा है। मोदी ने चुनावी गारंटियों को लेकर प्रत्यक्ष तौर पर कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि केंद्र सरकार सिर्फ वादे नहीं करती, बल्कि उन्हें पूरा भी करती है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ वादा नहीं है बल्कि मोदी की गारंटी है। इसे हाल के दिनों में कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों द्वारा किए गए चुनावी वादों पर परोक्ष कटाक्ष के रूप में (शेष पेज 9)

# किसी ने भारत पर बुरी नजर डाली तो मुंहतोड़ जवाब देंगे

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीन-पाकिस्तान को दी परोक्ष चेतावनी

**भाषा।** कांकेर (छत्तीसगढ़)



**रक्षामंत्री** राजनाथ सिंह ने शनिवार को भारत के पड़ोसी देश को चेतावनी दी कि यदि किसी ने देश को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की तो करारा जवाब दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने दावा किया कि यदि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने पूरा सहयोग किया होता तो देश से नक्सली समस्या समाप्त हो गई होती।

रक्षा मंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि राज्य में विशेषकर बस्तर क्षेत्र में जबरन धर्म परिवर्तन बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार को इस पर रोक लगानी चाहिए। सिंह कांकेर जिला मुख्यालय में स्थित नरहरदेव हाई स्कूल मैदान में मोदी सरकार की नौ साल की उपलब्धियों पर प्रकाश डालने के लिए आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उरी (2016) और पुलवामा (2019) में आतंकवादी हमलों के बाद भारत की प्रतिक्रिया का जिक्र करते हुए सिंह ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक शक्तिशाली देश के रूप में उभरा है और यह अब कमजोर नहीं है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान से कुछ आतंकवादियों ने भारत में घुसपैठ की और हमारे जवानों पर हमला किया, जिनमें कई शहीद हो गए।

मैं तब गृह मंत्री था। हमारे प्रधानमंत्री ने दिल्ली में एक बैठक की और 10 मिनट के भीतर निर्णय लिया। हमारी सेना के जवानों ने पाकिस्तान की धरती पर आतंकवादियों को सफलतापूर्वक मार गिराया। रक्षामंत्री ने कहा, मैं अपने पड़ोसी को यह बता देना चाहता हूं कि भारत के साथ छेड़-छाड़ मत करना। भारत को आंख दिखाने की कोशिश मत करना। हम केवल इस पार से ही नहीं मारेंगे, जरूरत पड़ने पर उस पार भी आकर मार सकते हैं। अब भारत बदल गया है। सिंह ने कहा, छत्तीसगढ़ लंबे समय से वामपंथी उग्रवाद के खतरे से जूझ रहा है। नौ वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में प्रभावी कार्वाई के कारण वामपंथी उग्रवाद का प्रभाव कम हुआ। यह अब सिर्फ 10-12 जिलों तक ही सीमित रह गया है। इनमें से कुछ जिले छत्तीसगढ़ में हैं।

मैं दावा कर सकता हूं कि यदि कांग्रेस सरकार ने पूरा सहयोग दिया होता तो देश से वामपंथी उग्रवाद का सफाया हो गया होता। उन्होंने भूपेश बघेल सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, छत्तीसगढ़ में खासकर आदिवासी बहुल बस्तर क्षेत्र में धर्म परिवर्तन की घटनाएं बढ़ रही हैं और यह स्वीकार्य नहीं है और इसे किसी भी तरह से रोका जाना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार को जबरन धर्म परिवर्तन को रोकने के लिए कदम उठाने चाहिए और यदि जरूरत पड़ी तो केंद्र इस मामले में राज्य को अपना सहयोग देगा। केंद्र सरकार के आदिवासियों के विकास के लिए (शेष पेज 9)

# सीतलवाड़ को गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने शनिवार देर रात सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ को गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा प्रदान करते हुए गुजरात उच्च न्यायालय के उस आदेश पर एक सप्ताह के लिए रोक लगा दी, जिसमें नियमित जमानत के लिए उनकी याचिका खारिज कर दी गई थी और गोधरा दंगा मामले के बाद 2002 में निर्दोष लोगों को कथित तौर पर फंसाने के लिए सबूत गढ़ने के आरोप में उन्हें तुरंत आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया गया था। देर रात की विशेष सुनवाई में न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ अपील करने के लिए सीतलवाड़ को समय नहीं देने पर सवाल उठाया और कहा कि एक सामान्य अपराधी भी कुछ अंतरिम राहत का हकदार होता है। सीतलवाड़ को गिरफ्तारी से अंतरिम राहत (शेष पेज 9)

## क्विक न्यूज

### रक्षा सचिव गिरिधर अरमने ने म्यांमा का किया दौरा

**नई दिल्ली।** भारत के रक्षा सचिव गिरिधर अरमने ने म्यांमा की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा की और दोनों देशों के बीच सीमा पर शांति बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित करते हुए देश के शीर्ष सैन्य नेतृत्व के साथ बातचीत की। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय के मुताबिक, गिरिधर अरमने ने नेय पई ताव मे म्यांमा के वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग से मुलाकात की। रक्षा सचिव म्यांमा के रक्षा मंत्री जनरल (सेवानिवृत्त) म्या तुन ऊ से भी मिले। उन्होंने म्यांमा नौसेना के कमांडर-इन-चीफ एडमिरल मो आंग और रक्षा उद्योग के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल खान मियंट थान के साथ भी बैठकें की। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान मे कहा, इस यात्रा ने म्यांमा के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ भारत की सुरक्षा से संबंधित मामलों को उठाने का अवसर प्रदान किया। बैठकों के दौरान, दोनो पक्षो ने सीमावर्ती क्षेत्रो मे शांति बनाए रखने, अवैध सीमा पार गतिविधियो और मादक पदार्थों की तस्करी जैसे मुद्दो पर चर्चा की। दोनो पक्षो ने यह सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की कि उनके देश की जमीन का इस्तेमाल दूसरे देश के खिलाफ किसी भी शत्रुतापूर्ण गतिविधियो को अंजाम देने के लिए नही होने दिया जाएगा।

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अमरनाथ यात्रा का शुभारंभ

**भाषा।** श्रीनगर, जम्मू, बालटाल



कड़ी सुरक्षा में शनिवार को बाबा भोलेनाथ के दर्शन को जाते अमरनाथ यात्री

**कड़ी** सुरक्षा व्यवस्था के बीच शनिवार को अमरनाथ यात्रा शुरू हो गई। इस दौरान श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला और वे बाबा बर्फानी के दर्शन करने को आतुर दिखाई दिए। अमरनाथ की पवित्र गुफा समुद्र तल से लगभग 3,880 मीटर की उंचाई पर हिमालय में स्थित है। शिविरों में अधिकतर तीर्थयात्रियों ने उत्साह और आशंकाओं के बीच रात जगकर काटी। वहीं, कुछ इसलिए भी जगे रहे क्योंकि एजेंट ने उन्हें फर्जी पंजीकरण पर्ची दे दी थी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को शुरू हुई अमरनाथ यात्रा को हमारी विरासत का दिव्य एवं भव्य स्वरूप बताया है। उन्होंने साथ ही सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा दिया। मोदी ने एक ट्वीट में कहा, श्री अमरनाथ जी की यात्रा हमारी विरासत का दिव्य एवं भव्य स्वरूप है। मेरी कामना है कि बाबा बर्फानी के आशीर्वाद से सभी श्रद्धालुओं के जीवन में नए उत्साह एवं नई ऊर्जा का संचार हो। साथ ही, अमृतकाल में हमारा देश संकल्प से सिद्धि की ओर तेजी से आगे बढ़े। जय बाबा बर्फानी। यात्रा के पहले दिन मौसम ने आंख मिचौली का खेल खेला लेकिन इससे श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं आई। श्रद्धालु बम बम भोले और हर-हर महादेव के जयकारे लगाते रहे और बूंदाबूंदी से उत्पन्न सिहरन के बीच माहौल में जोश भरते रहे। मुंबई से आए एक श्रद्धालु ने कहा, भले बारिश हो रही है लेकिन भोले बाबा ने हमें उत्साह का उपहार दिया है और इसके आड़े खराब मौसम नहीं आ रहा है। अमृतसर के एक अन्य श्रद्धालु ने बताया, मैं पिछले साल भी आया था। यात्रा को लेकर व्यवस्था अच्छी है, वे सभी तरह से प्रबंधन कर रहे हैं। वार्षिक अमरनाथ यात्रा बालटाल और पहलगाम के रास्ते से शुरू हो गई है। बालटाल मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में स्थित है जबकि पहलगाम दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में है। बालटाल आधार शिविर में भी सैकड़ों श्रद्धालु सुबह से ही गेट से बाहर जाने को उतावले थे।

यहां पर करीब छह हजार श्रद्धालुओं को गांदरबल के उपायुक्त श्यामबीर और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने रवाना किया। मुंबई से आए श्रद्धालु रमण वर्लीकर ने बताया कि वह पिछले कई साल से यात्रा कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हम हर साल बाबा की एक झलक पाने का इंतजार करते हैं। हम इस यात्रा को लेकर बहुत उत्साहित हैं। हम बिना किसी अप्रिय घटना के यात्रा संपन्न होने की प्रार्थना करते हैं। श्रद्धालुओं के जत्थे में साधु, पुरुष, महिला और बच्चे शामिल थे। जब श्रद्धालुओं से पूछा गया कि वे बाबा बर्फानी से कुछ विशेष मांगेंगे तो उन्होंने कहा (शेष पेज 9)

# प्लास्टिक कारखाने में कम्प्रेसर फटने से दो मजदूरों की मौत

- अवैध रूप से 150 वर्ग गज के किराए के मकान में चल रही थी फैक्टरी, दो की हालत गंभीर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पूर्वी** दिल्ली के गोकलपुरी इलाके में शनिवार को कम्प्रेसर फटने से दो लोगों की मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस उपायुक्त डॉ. जॉय टिर्की ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि विस्फोट एयर कम्प्रेसर टैंक में हुआ था, जिसका इस्तेमाल प्लास्टिक मोल्डिंग मशीन में किया जाता है। जॉय तिर्की ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस और अग्निशमन विभाग के कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे। छानबीन में पता चला कि घर से ही प्लास्टिक मोल्डिंग की फैक्टरी चलाई जा रही थी। पूछताछ से पता चला कि विस्फोट में चार लोग घायल हुए थे, जिनमें से तीन को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि चौथे व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई थी। बाद में एक और घायल व्यक्ति की अस्पताल में मौत हो गई। यह धमाका प्लास्टिक मोल्डिंग मशीन में इस्तेमाल होने वाले एयर कंप्रेसर टैंक में हुआ था। फैक्टरी लगभग 150 वर्ग गज के किराए के मकान में चल रही थी। मकान मालिक नरेश ने यह परिसर फैक्ट्री चलाने वाले यादव नामक व्यक्ति को किराए पर दिया था। दोनों से संपर्क करने की कोशिश की जा रही है। उनके मोबाइल फोन बंद हैं। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान रोहिणी सेक्टर-22 निवासी बबलू और खजूरी खास निवासी राम करण के रूप में हुई है। करण, ऑटो-रिक्शा चालक था, जबकि बबलू कंप्रेसर मैकेनिक था।

# मेरठ रोड पर 4 से भारी और 8 से 18 जुलाई तक नहीं चलेंगे हल्के वाहन

**कांवड़ यात्रा**

**पायनियर समचार सेवा।** गाजियाबाद

4 जुलाई से लेकर 18 जुलाई तक चलने वाली कांवड़ यात्रा को बाधारहित एवं सकुशल संपन्न करवाने को तत्पर कमिश्नरेट पुलिस ने इन तिथियों के बीच का रूट प्लान जारी कर दिया है।

यह जानकारी देते हुए एडीसीपी ट्रैफिक रामानन्द कुशवाहा ने बताया कि कांवड़ मार्गों पर जहां भारी वाहनों का परिचालन 4 जुलाई से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा, वहीं 8 जुलाई से इन कांवड़ मार्गों पर हल्क वाहनों के आवागमन को भी प्रतिबंधित कर दिया जायेगा। इन तिथियों के दौरान आम दिनों में परिचालित होने वाले यातायात को दूसरे मार्गो पर डायवर्ट करके उनके गंतव्य की और भेजा जायेगा। कुशवाहा ने बताया कि यह व्यवस्था 4 जुलाई की रात्रि 12 बजे से लेकर 18 जुलाई की सुबह 8 बजे तक लागू रहेगी।

कुशवाहा ने बताया कि दुधेश्वरनाथ मथ मंदिर में होने वाले जलाभिषक के पर्व को दृष्टिगत रखते हुए इस मंदिर को जोड़ने वाले मार्गो पर परिचाकलित होने वाले यातायात पर 13/14 की अद्धरात्रि से लेकर 18 जुलाई को दिन के 12 बजे तक प्रतिबंधित किया जाएगा।

दुधेश्वरनाथ मंदिर को जोड़ने वाले मुख्य मार्गों एवं लिंक मार्गो के यातायात को दूसरे मार्गो की और डायवर्ट करके उन्हें उनके गंतव्यों की और भेजा जाएगा। इमरजेंसी एवं खाद्यान्न वस्तुओं की आपर्ति करने वाहनों के परिचालन के लिये वाहन स्वामियों व ट्रांसपोर्टरों को कमिश्नरेठ पुलिस से अनुमतिपत्र प्राप्त करने होंगे। कुशवाहा ने बताया कि बिना अनुमति के कोई भी वाहन कांवड़ मार्गों पर नहीं चल पाएगा। कुशवाहा ने बताया कि ट्रैफिक सिस्टम को पूरी तरह से चाक चौबंद बनाने के लिये कई स्तरीय प्लान बनाया गया है।

टैफिक संचालन के लिए मुख्य कंट्रोलरूम भी बनाया गया है। कमिश्नरेट ने सफर करने वाले सभी वाहन चालकों से अनुरोध किया है कि सभी रूट प्लान के अनुसार चलकर जहां खुद किसी परेशानी के होने से बचे वहीं कांवड़ यात्रा को बाधारहित बनाने के लिये कमिश्नरेट पुलिस के द्वारा की जा रही कवायद को सफल बनाने में अपना सहयोग दें।



## अस्थाई पार्किंग बनाई जाएगी

एडीसीपी ट्रैफिक ने बताया कि दुधेश्वरनाथ मठ मंदिर में जलाभिषेक करने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए कई स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि मेरठ तिराहे व हापुड़ चुंगी की ओर से आने वाले वाहनों के लिए श्री मुकंदलाल व नवयुग मार्केट, लालकुआं की ओर से आने वाले वाहनों के लिए रामलीला मैदान व विजयनगर गऊशाला की ओर से आने वाले हल्के वाहनों के लिए चांदमारी मिलिट्री ग्राउंड व एचएचकेएम इंटर कॉलेज के मैदान में पार्किंग स्थल बनाया गया है।

## जारी किए गए हेल्पलाइन नंबर

एडीसीपी ट्रैफिक ने बताया कि रूट प्लान के दौरान होने वाली किसी भी परेशानी से निराकरण पाने के लिए कमिश्नरेट पुलिस ने अधिकारियों के नंबर भी जारी किए हैं, जिला नियंत्रण कक्ष का टेलीफोन नंबर 8929436700, नगर नियंत्रण कक्ष 9643208942, ट्रैफिक कंट्रोलरूम 9643322904, 0120-2986100 के अलावा यातायात निरीक्षक प्रथम मेरठ एक्सप्रेसवे शहर क्षेत्र 8929182258, यातायात निरीक्षक द्वितीय मेरठ रोड शहर क्षेत्र 8929182277, यातायात निरीक्षक तृतीय मोदीनगर/मुरादनगर क्षेत्र 8929436667, यातायात निरीक्षक चतुर्थ यूपी गेट/इंदिरापुरम क्षेत्र 8928182228, यातायात निरीक्षक तुलसी निकेतन/सीमापुरी 8929182257 है।

## दूधेश्वरनाथ मंदिर में पानी की आपूर्ति ठप

**गाजियाबाद।** सुप्रसिद्ध सिद्धपीठ दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर में आजकल पीने के पानी का संकट चल रहा है। यहां नगर निगम द्वारा लगाई गई चार ट्यूबवेल खराब हो गई है। इसी के चलते ही सावन मास, सावन सोमवार व सावन शिवरात्रि पर जलाभिषेक के लिए आने वाले लाखों श्रद्धालुओं व कांवडियों के लिए पानी की व्यवस्था राम भरोसे रहेगी। पीठाधीश्वर महंत ने बताया कि नगर निगम ने पानी आपूर्ति को 4 ट्यूबवैल लगा रखे है।

# एक दूसरे की राह में रोड़ा बन रहे पुलिस और नगर निगम



**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

जस्सीपुरा कट से लेकर दूधेवर नाथ मंदिर मठ तक कांवड़ियों की व्यवस्था करने को लेकर नगर निगम और पुलिस प्रशासन अलग अलग रणनीति पर कार्य कर रहे है।

पुलिस कमिश्नरेट का कहना है कि जस्सीपुरा कट से लेकर दूधेश्वर नाथ मंदिर मठ तक नगर निगम यहां टेंट की व्यवस्था करें ताकि बरसात और गर्मी से कांवड़ियों को बचाया जा सके। वहीं नगर निगम प्रशासन का कहना है कि टेंट लग जाने से कांवडियों को परेशानी हो सकती है।

दरअसल नगर निगम प्रशासन हर वर्ष ही जस्सीपुरा कट से लेकर दूधेश्वर नाथ मंदिर मठ तक बल्ली से बेरिकेडिंग लगाने का कार्य किया जाता है। इसी महीने की तीन तारीख से यह कार्य शुरू होने जा रहा है।

इसी को देखते हुए ही नगर निगम ने यहां कार्य शुरू करने का कार्य किया तो विवाद हो गया। दरअसल मौके पर पहुंचे एक पुलिस अधिकारी ने निगम की टीम को कहा कि जस्सीपुरा कट से लेकर दूधेश्वर नाथ मंदिर मठ तक नगर निगम टेंट लगाए। नगर निगम के अधिकारी इस पर खुल कर बोलने को तैयार नहीं है। वहीं नगर निगम के एक अधिकारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि टेंट अगर लग गया तो कई बार कांवड़ काफी ऊंची होती है।

कांवड़ के अधिक ऊंचा होने के कारण वह टेंट की बल्ली आदि से टच हो सकती है। ऐसे में उनका मानना है कि इस रूट पर टेंट नहीं लगना चाहिए। इसी को लेकर ही नगर निगम और पुलिस कमिश्नरेट के बीच विवाद पैदा हो गया है। माना जा रहा है कि जल्दी ही इस प्रकरण में कोई रास्ता निकाला जाएगा।

# गाजियाबाद निगम करेगा कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद से होकर जाने वाले कांवडियों पर इस बार पुष्प वर्षा होगी। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से समीक्षा बैठक के दौरान यह निर्देश दिए गए है। पुष्प वर्षा के लिए नगर निगम प्रशासन को अधिकृत किया गया है। यह पुष्प वर्षा कैसे की जाएगी इसके लिए नगर निगम प्रशासन को प्लान तैयार करने और इसकी जानकारी जिला प्रशासन और शासन को देने के लिए कहा है। पुष्प वर्षा कांवडियों पर किस दिन होगी इसके लिए जल्दी ही तारीख तय की जाएगी। इसकी नगर आयुक्त डॉ0 नितिन गौड़ ने भी पुष्टि की है। उनका कहना है कि शासन के निर्देश हैं इसका पालन करने के लिए जल्दी ही कदम उठाए जा रहे है। उन्होंने बताया कि कांवडियों पर कहां पुष्प वर्षा की जाएगी इसके लिए क्या कोई हेलिकॉप्टर का यूज हो या फिर अन्य किसी मशीन के जरिए पुष्प वर्षा की जाए इसके लिए जल्दी ही अधिकारियों के साथ मिलकर प्लान तैयार किया जाएगा। वहीं दूसरी और नगर निगम प्रशासन का कहना है कि इस बार वह गाजियाबाद और यहां से होकर आगे जाने वाले कांवडियों के लिए भंडारे का आयोजन करेगा। निगम हर वर्ष कांवडियों के लिए भंडारा लगाता है। इस बार मेरठ रोड तिराहे के पास साईं उपवन में नगर निगम का कांवडियों के लिए भंड़ारा होगा।



## संक्षिप्त समाचार



चोरी की गाड़ियों के साथ पुलिस गिरफ्त में छह वाहन चोर।

### वाहन चोरों के गिरोह का पर्दाफाश, छह गिरफ्तार

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की बिसरख थाना पुलिस ने अंतरजनपदीय वाहन चोर गैंग का खुलासा किया है। पुलिस ने इस गैंग का खुलासा करते हुए 6 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरों के कब्जे से चोरी की 14 मोटरसाइकिल और एक स्कूटी बरामद की है, साथ ही एक मोटरसाइकिल जली हुई अवस्था में भी बरामद की है। यह लोग मास्टर की से मोटरसाइकिल चोरी की वारदातों को अंजाम दिया करते थे। बिसरख थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना के बाद शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने 6 शातिर वाहन चोरों को गौर सिटी के पास से गिरफ्तार किया और इनके कब्जे से पुलिस ने 6 चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद की, जब इन लोगों से गहन पूछताछ की गई तो इन्होंने अन्य चोरी के वाहनों के बारे में जानकारी दी। सेंट्रल नोएडा के एडिशनल डीसीपी राजीव दीक्षित ने बताया कि आरोपियों की पहचान आकाश, लकी व अमन, नरेंद्र व सुखबीर और बंटी के रूप में हुई है।

### जीबीयू ने प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित किया

**नोएडा।** गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2023.24 में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। जिसके प्रथम चरण में मेरिट आधारित प्रवेश दिया जा रहा है। इसी क्रम में वैसे स्नातक, स्नातकोत्तर एवं शोध पाठ्यक्रमों जिसमें प्रवेश परीक्षा द्वारा नामांकन दिया जाता है। उन पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। जिसकी परीक्षा 25 जून को दो सत्रों में देश भर के कई केंद्रों पर आयोजित की गई थी। घोषित परिणाम के द्वारा वैसे सभी पाठ्यक्रमों में इच्छुक छात्रों की सुविधा हेतु विश्वविद्यालय के प्रवेश विभाग ने काउंसिलिंग प्रक्रिया की एक संपूर्ण सारणी जारी की है। ताकि प्रवेश के लिए इच्छुक छात्रों एवं अभिभावकों को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना ना करना पड़े। सभी बीटेक, बीए एलएलबी एवं एमएससी बायोटेक्नोलॉजी के पाठ्यक्रमों में नामांकन हेतु उत्तीर्ण छात्रों को 8 जुलाई को एवं वहीं विभिन्न शोध विषयों, एम फिल क्लिनिकल साईकोलोजि एवं एलएलएम में नामांकन हेतु उत्तीर्ण छात्रों को 6.7 जुलाई को साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया गया है।

### गाजियाबाद में कन्फैक्शनरी शॉप में भीषण आग

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के वैशाली एरिया में शनिवार सुबह एक कन्फैक्शनरी शॉप में आग लग गई। इस अग्निकांड में दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। फायर फाइटर्स ने आग बुझाकर आसपास की दुकानों को आग की चपेट में आने से बचा लिया। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया गया है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया, शनिवार सुबह 7 बजे फायर स्टेशन वैशाली को आग लगने की सूचना मिली। तुरंत यहां से 4 गाड़ियां घटनास्थल पर रवाना की गईं। घटनास्थल वैशाली सेक्टर.एक में कन्फैक्शनरी शॉप में भीषण आग लगी हुई थी। फायर फाइटर्स ने शटर तोड़ा और पानी की बौछार शुरू की। इसके बाद ही आग पर काबू पाया जा सका। वैशाली सेक्टर.एक के श्रीजी बाजार में ये कन्फैक्शनरी शॉप अभिनव जैन की है। इन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया डीप फ्रीजर में शॉर्ट सर्किट हुआ।

### फर्जी दस्तावेजों के जरिए बैंकों से कर्ज लेकर धोखाधड़ी

**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर में थाना सेक्टर-20 पुलिस ने एक ऐसे ठग को गिरफ्तार किया है जो फर्जी पैन कार्ड, आधार कार्ड और वेतन पर्ची (सैलरी स्लिप) बनाकर बैंको को करोड़ों रुपए का चूना लगा चुका है। आरोपी ने सेक्टर-18 स्थित एक बैंक में 10 लाख रुपए के व्यक्तिगत ऋण के लिए आवेदन किया था, तभी बैंक वालों को शक हुआ और उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सहायक पुलिस आयुक्त रजनीश वर्मा ने बताया कि बैंक के अधिकारी सौरव अबरौल ने थाना सेक्टर-20 पुलिस को सूचना दी कि एक व्यक्ति उनके बैंक से 10 लाख रुपए का कर्ज लेने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान बैंक के अधिकारियों को शक हुआ कि आरोपी ने जो दस्तावेज प्रस्तुत किए।

**सार्वजनिक सूचना**

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती चरण कौर पत्नी श्री सरवन सिंह उक्त संपचि Built-up Property Bearing No. 101, area measuring 171.1 sq. yd. (143.05 sq. mtr.) out of Rect. No. 52, Killa No. 15, (52/15) Situated in the layout Plan of Guru Angad Nagar Extension in the area of Village Khureji Khas Illaqa Shahdara Delhi., का बिक्री विलेख दिनांक 04.07.2011 पंजीकृत द्वारा प्रपत्र संख्या 10794 के द्वारा मालिक थे ! तथा श्रीमती चरण कौर व उनके पति श्री सरवन सिंह की मृत्यु दिनांक 12.09.2018 & 10.04.2022 हो चुकी थी। उपरोक्त संपचि मेरे मुवक्किल यानि पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा वित्तपोषित व बंधक प्रस्तावित है और स्व० श्रीमती चरण कौर के विधिक उत्तराधिकारी श्री देविंदर पल सिंह है ! यदि किसी व्यक्ति (ओं) को इस संपत्ति में कोई आपत्ति या दवा हैं, तो हमे इस नोटिस की तारीख से 7 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें ! अगर कोई दावा नहीं आया तो यह माना जाएगा की किसी का कोई दावा या हक इस प्रॉपर्टी में नहीं है ।

**राघव तिवारी, अधिवक्ता**
**830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001**
**Mob.:+91-8076188328**

**सार्वजनिक सूचना**

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुशीला नागपॉल पत्नी स्वर्गीय श्री कृष्ण लाल नागपॉल, उक्त सम्पति Left Side Portion of Built up Property Bearing No. E-4-A, area measuring 140 Sq. Yds., out of Total area 280 Sq. Yds., Situated at Basai Darapur, Colony Known as Kirti Nagar, New Delhi110015, को श्री संजीव कुमार वधवा को बेच रहे है ! उपरोक्त संपत्ति मेरे मुवक्किल एक्सिस फाइनेंस लिमिटेड द्वारा वित्तपोषित व बंधक प्रस्तावित है ! उपरोक्त संपत्ति के स्वामित्व सम्बंधित मूल दस्तावेज़ Original Partition Deed dated 10.12.1963, reg. no. 11573, कही गुम गए है ! यदि मूल दस्तावेज़ किसी भी व्यक्ति के कब्जे में पाया जाता है तो कृपया मूल संपत्ति दस्तावेजों के साथ हमे इस नोटिस की तारीख से 7 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें ! ऐसा न करने पर, उपरोक्त बिक्री विलेख के अनुसार विषय संपत्ति के संबंध में दावा अमान्य माना जाएगा.

**राघव तिवारी, अधिवक्ता**
**830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001**
**Mob.:+91-8076188328**

**सार्वजनिक सूचना**

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राजेश कुमार गोयल और श्री राकेश कुमार गोयल, Plot No. 7471 to 7476, having land area measuring 404 Sq. Yards, i.e., 337.75 Sq. Mtrs., situated at Telmill, Ram Nagar, Pahar Ganj, New Delhi-110055 वसीयत दिनांक 07.04.2010 के द्वारा मालिक हैं और वे उपरोक्त संपत्ति को बेच चुके हैं अब जो मेसर्स सूर्योदय स्माल फाइनेंस बैंक द्वारा वित्तपोषित व बंधक प्रस्तावित है। उपरोक्त संपत्ति में वसीयत न्यायालय द्वारा प्रमाणित नहीं कराई गयी और न ही मृत्यु प्रमाण पत्र और पारिवारिक प्रमाण पत्र बनवाया गया है!यदि किसी व्यक्ति (ओं) को इस संपत्ति में कोई आपत्ति या दवा हैं, तो हमे इस नोटिस की तारीख से 7 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें ! अगर कोई दावा नहीं आया तो यह माना जाएगा की किसी का कोई दावा या हक इस प्रॉपर्टी में नहीं है।

**राघव तिवारी, अधिवक्ता**
**830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001**
**Mob.:+91-8076188328**

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतदद्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/ गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अमित चौधरी, प्रियंका, खाता नंबर :- LBHIS00005229885 डब्ल्यू 12 आर-87, डीडीए मार्किट, कैम्प नंबर 5, ज्वालापुरी, वेस्ट दिल्ली, नई दिल्ली | मकान नंबर 80, पीपीआईडी नंबर 152 सी 793 यू 620, खसरा नंबर 558/1, 562/1, 568 से 574, गली नंबर 11, जवाहर नगर, तहसील एवं जिला हिसार, हरियाणा | 03-05-2023 रू. 26,10,446/- | 03-02-2023 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 01 जुलाई, 2023 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली — आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रू.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | लाल मोहन यादव/ दुलारी देवी/ LBDEL00004331432 | प्लॉट नंबर-370, सेक्टर 42, अर्बन एस्टेट, गुड़गाँव/ 28 जून, 2023 | फ़रवरी 25, 2023 रु. 28,84,367/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : जुलाई 01, 2023** — **प्राधिकृत अधिकारी**
**स्थान : दिल्ली/ एनसीआर** — **आईसीआईसीआई बैंक लि.**

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, शाल टावर, प्लॉट नंबर-23, न्यू रोहतक रोड करोल बाग नई दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कर्ज़दार और डीएचएफएल के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुसरण में मंज़ूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध और प्रतिभूति के प्रवर्तन के संबंध में निम्न वर्णित कर्ज़दारों को (बुनियादी समूह दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समनुदेशित किए जाने पर) माँग सूचनाएँ जारी की थीं, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर करने की माँग की गई थी।
कर्ज़दार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद् द्वारा कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहाँ नीचे वर्णित संपत्ति का कब्ज़ा निम्न वर्णित तिथि को प्राप्त कर लिया है।
कर्ज़दार को विशेष रूप से तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा उक्त संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार का नाम/(ऋण खाता नंबर) (डीएचएफएल पुराना ऋण खाता नंबर एवं आईसीआईसीआई नया ऋण खाता नंबर) | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | माँग सूचना की तिथि/ माँग सूचना में राशि (रू.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | नीरज आहूजा/ अनु आहूजा/ 9200001681/ QZZRH00005064374/ संपत्ति संख्या ई-15ए, प्रथम तल, पूर्वी उत्तम नगर, खसरा संख्या 1640, गांव बिंदापुर, नई दिल्ली | संपत्ति संख्या ई-15ए, प्रथम तल, पूर्वी उत्तम नगर, खसरा नंबर 1640, ग्राम बिंदापुर, नई दिल्ली/ जून 28, 2023 | अप्रैल 01,2022 रु. 28,76,925/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : जुलाई 01, 2023** — **प्राधिकृत अधिकारी**
**स्थान : दिल्ली/एनसीआर** — **आईसीआईसीआई बैंक लि.**

# ओपी यादव बने गाजियाबाद बीएसए, डीपीओ का तबादला

● **पीसीएस स्तर के कई अफसर बदले गए**

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

प्रदेश सरकार की तबादला एक्सप्रेस लगातार दौड़ रही है। शासन ने बडे स्तर पर प्रदेश में पीसीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। अब देर रात बेसिक शिक्षा अधिकारी व जिला प्रोबेशन अधिकारियों में फेरबदल किया गया है। ओपी यादव जिले के नए बेसिक शिक्षा अधिकारी बने हैं तो वहीं जिले में तैनात जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास चंद्र को मथुरा भेजा गया है। उनके स्थान पर आगरा से मनोज कुमार पुष्कर को यहां जिला प्रोबेशन अधिकारी बनाया गया है। शासन ने 12 प्रोबेशन अधिकारियों के तबादले किए हैं। मोनिका राणा को बरेली, रामबाबू विश्वकर्मा को प्रतापगढ, विकास चंद्र को गाजियाबाद से मथुरा, चंद्रभूषण को सम्भल, मनोज कुमार पुष्कर को आगरा से गाजियाबाद और अजय पाल सिंह को मैनपुरी से आगरा भेजा गया है। गाजियाबाद के बेसिक शिक्षा विनय कुमार मिश्र एडी बेसिक गोरखपुर बनाया गया है उनके स्थान पर ओपी यादव को तैनात किया गया है।

## अपर नगर आयुक्त सहित कई का ट्रांसफर

**गाजियाबाद।** अपर नगर आयुक्त शिवपूजन यादव सहित निगम के कई अधिकारियों का तबादला हो गया। शासन की ओर से इस संबंध में ट्रांसफर आदेश जारी कर दिए गए है। हालांकि अभी यह आदेश निगम प्रशासन के पास नहीं पहुंचे है।

अपर नगर आयुक्त शिवपूजन यादव का तबादला शासन ने गोरखपुर नगर निगम में अपर नगर आयुक्त के पद पर कर दिया। नगर निगम में तैनात एकाउंट अफसर राजेश गौतम का तबादला शासन ने वृदावन-मथुरा नगर निगम कर दियाए उनके स्थान पर मथुरा से गीजा कुमारी को नगर निगम का एकाउंट अफसर बनाया गया। सहायक अभियंता आश कुमार को फिरोजाबाद निगम भेजा गया।

## बिजली समस्या पर वीके सिंह ने अधिकारियों संग की बैठक

**गाजियाबाद।** अपने संसदीय क्षेत्र में बढ़ती बिजली समस्याओं को लेकर केन्द्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह ने गाजियाबाद और हापुड़ के मुख्य अभियंताओं के साथ अपने दिल्ली स्थित कार्यालय पर बैठक की। वीके सिंह ने रीवैम्प योजना के तहत हापुड़ को दिए गए 44 करोड व गाजियाबाद जोन को दिए गए 179 करोड़ रुपए के उपयोग की जानकारी ली।

इस धनराशि का खर्च जर्जर विद्युत लाइन, बिजली के खंभे, बिजली से जुड़ी समस्याओं के लिए था। सिंह ने अधिकारियों से धनराशि को किस प्रकार खर्च किया जा रहा है, इसकी जानकारी ली। क्षेत्र में आ रही बिजली समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए।

# दो अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

**दिल्ली का कूड़ा डंपिंग मामला**

● **महापौर सुनीता दयाल ने कर्मचारियों को लगाई फटकार**

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

दिल्ली का कूड़ा गाजियाबाद में डालने के मामले में नगर आयुक्त डॉ. नितिन गौड़ ने अब एक्शन लेना शुरू कर दिया है। इस मामले में नगर आयुक्त ने निगम के हेल्थ अफसर डॉ. मिथिलेश कुमार और हेल्थ विभाग के वरिष्ठ प्रभारी शिवपूजन यादव को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। दोनों अधिकारियों से कहा गया है कि वह इस मामले में अपना जवाब दे। गौरतलब है कि महापौर सुनीता दयाल ने पार्षद राजीव शर्मा, पार्षद प्रवीण चौधरी के साथ मिलकर दिल्ली से कूड़ा डालने गाजियाबाद आए नौ ट्रकों को पकड़ा। छह ट्रक महापौर ने पाइप लाइन रोड और तीन ट्रकों को शाहपुर गांव के पास पकड़ा। महपौर ने तीनों कूड़े से लदे ट्रक स्वयं नंदग्राम पुलिस चौकी पहुंचकर इनको पुलिस के हवाले किया। इस मामले में डॉ मिथिलेश की ओर से कंपनी जीरोन के खिलाफ केस दर्ज कराया है। इस प्रकरण को नगर आयुक्त डॉ0 नितिन गौड़ ने गंभीरता से लिया है।



महापौर सुनीता दयाल

नगर आयुक्त ने बताया कि इस मामले में लापरवाहीं के मामले में नगर निगम के हेल्थ अफसर डॉ मिथिलेश कुमार और हेल्थ विभाग के वरिष्ठ प्रभारी अधिकारी शिवपूजन यादव को कारण बताओं नोटिस जारी किया है। दिल्ली का कूड़ा गाजियाबाद में डालने के मामले में महापौर सुनीता दयाल के तेवर देख अफसरों के भी होश उड़े हुए है। इसी के चलते ही महपौर ने रात के नौ बजे तक अपने कार्यालय में निगम के अधिकारियों की जमकर क्लास ली।

महापौर ने कहा कि दिल्ली की केजरीवाल सरकार अपने यहां सफाई रखने के लिए गाजियाबाद नगर निगम के कुछ अफसरों और जीरोन कंपनी के साथ मिलकर शहर में कूड़ा डालकर यहां की जनता के साथ खिलवाड़ कर रही थी। ऐसे लापरवाह अफसरों को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। उनका कहना था कि वह इस मामले में प्रदेश सरकार को अवगत कराएंगी। साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी अधिकारियों के खिलाफ रिपोर्ट भेजी जाएगी।

महापौर का कहना है कि नगर निगम के अफसरों की मिलीभगत के बिना दिल्ली का कूड़ा गाजियाबाद में डाला ही नहीं जा सकता है। इस मामले में एक बड़ा खेल किया गया। गाजियाबाद की जनता के साथ यह एक बड़ी धोखाधड़ी है।

# चिल्ला एलिवेटेड रोड निर्माण के लिए 100 करोड़ रुपये स्वीकृत

● **18 महीने में बनानी होगी, 5 लाख चालकों को मिलेगी जाम से राहत**

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



दिल्ली को नोएडा से जोड़ने चिल्ला एलिवेटड को कैबिनेट से मंजूरी मिलने के साथ ही पीएम गति शक्ति योजना के तहत 100 करोड़ रुपए प्राधिकरण को मिल गए है।

अब ब्रिज कॉर्पोरेशन निर्माण के लिए अपना टेंडर जारी करेगा। एलिवेटड का काम 18 महीने में पूरा करने का टारगेट दिया जाएगा। दरअसल इस एलिवेटड को अब तक पूरा हो जाना चाहिए था। अभी इसका 13 प्रतिशत काम ही हो सका है। एलिवेटड निर्माण का सुपरविजन भी नोएडा प्राधिकरण को करना है। ऐसे में प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी निर्माण कंपनी को सिर्फ 18 महीने ही देंगी। उसी में निर्माण पूरा कर एलिवेटड का संचालन शुरू करना होगा। ये एलिवेटड दिल्ली और नोएडा के बीच ऐसा इंटर सेक्शन होगा जिसके जरिए लोग नोएडा एक्सप्रेस वे तक सीधे जा सकेंगे। इस एलिवेटड को दिल्ली के मयूर विहार फ्लाइ ओवर से जोड़ा जाएगा। यानी जिन वाहन चालकों को यमुना या लखनऊ एक्सप्रेस वे जाना है। वे इस इसका प्रयोग कर सीधे एक्सप्रेस पर जा सकेंगे। वर्तमान में वाहन चालकों नोएडा प्रवेश द्वार से महामाया फ्लाईओवर तक का जाम झेलना पड़ता। ऐसे वाहन चालकों की संख्या करीब 5 लाख है।

इनको महज 4.50 किमी के इस पेच को पार करने में 30 मिनट का समय लग जाता है। एलिवेटड के बनने से उनको जाम में नहीं फंसना होगा। इसके अलावा अक्षरधाम, मयूर विहार से नोएडा, परिचौक, कालिंदी कुंज, सरिता विहार से आने वाले वाहन चालकों को जाम नहीं मिलेगा। ये एलिवेटड नोएडा के चिल्ला रेगुलेटर से महामाया फ्लाई ओवर तक करीब 5.96 किमी लंबी होगी। छह लेन की इस रोड पर 500 मीटर लंबे और 7.5 मीटर चौड़े 5 लूप बनाए जाएंगे। इसमें दो लूप चढ़ने के लिए। जिसमें पहले चिल्ला से महामाया की तरफ जाने पर सेक्टर-15 शाहदरा ड्रेन के पास और सेक्टर-16बी के पास होगा। उतरने के लिए सेक्टर-16 और सेक्टरउ-16ए फिल्म सिटी के पास। महामाया फ्लाई ओवर के पहले चढ़ने और उतरने के लिए यहां बोटेनिकल गार्डन के पीछे लूप बनाया जाएगा। इन लूप के जरिए ट्रैफिक एलिवेटड पर फ्लोट होगा। एलिवेटड को बनाने की जिम्मेदारी ब्रिज कॉर्पोरेशन की है। जल्द ही टेंडर जारी करने जा रहा है। इसके निर्माण में 801 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# नए डिफेंस प्रोजेक्ट के निर्माण का रास्ता साफ

## मुख्यमंत्री केजरीवाल ने पेड़ों को हटाने या उनका दूसरी जगह प्रत्यारोपण करने की दी मंजूरी

● परियोजना स्थल से 214 पेड़ हटाए या दूसरी जगह लगाए जाएंगे, 2,140 नए पौधे भी लगेंगे



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

नए डिफेंस परियोजना के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने परियोजना में बाधक बन रहे पेड़ों को वहां से हटाने और ट्रांसप्लांटेशन करने की अनुमति दे दी है।

साथ ही पर्यावरण की सुरक्षा के मद्देनजर बनी गाइडलाइन के अनुसार निर्माण एजेंसी को 214 पेड़ों के बदले 2140 नए पौधों लगाने को कहा है। इन पेड़ों की वजह निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा है। निर्माण एजेंसी से दिल्ली सरकार को इस प्रोजेक्ट स्थल को खाली करने के लिए 214 पेड़ों को हटाने और ट्रांसप्लांटेशन करने की अनुमति देने का प्रस्ताव मिला था।

दरअसल पेड़ों के एक पैच के चलते साइट के निर्माण कार्य में बाधा पैदा आ रही थी। इसके चलते निर्माण एजेंसी ने दिल्ली सरकार के पर्यावरण और वन विभाग को एक पत्र लिखा था। पत्र के माध्यम से साइट को खाली करने के लिए 214 पेड़ों को हटाने और प्रत्यारोपण करने की मंजूरी मांगी थी।

इसके मद्देनजर सेना के लिए आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के महत्व को देखते हुए मुख्यमंत्री ने पेड़ों हटा कर काम में तेजी लाने के लिए सहमति दी है। केजरीवाल ने कहा इस प्रोजेक्ट के पूरे होने से सेना को काफी सहूलियत मिलेगी। दिल्ली सरकार हमेशा सेना की हर संभव मदद करेगी। वह सक्रिय रूप से यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि आधुनिक विकास का दिल्ली पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े और प्रभावित होने वाले किसी भी पेड़ की भरपाई के लिए 10 गुना पौधारपोपण अनिवार्य किया गया हैं। चिन्हित परियोजना स्थल के पास ही प्रत्यारोपण किया जाएगा। दिल्ली सरकार की ओर से साइट पर स्वीकृत किए गए और चिंहित पेड़ों के अलावा एजेंसी एक भी अन्य पेड़ को नुकसान नहीं पहुंचा सकती।

कहा गया है कि अगर एजेंसी द्वारा किसी अन्य पेड़ को नुकसान पहुंचाया जाता है, तो यह दिल्ली वृक्ष संरक्षण अधिनियम 1994 के तहत अपराध माना जाएगा।

### मिट्टी व जलवायु के अनुकूल विभिन्न प्रजातियों के लगेंगे पौधे

आम आदमी पार्टी की सरकार द्वारा मंजूर किए गए प्रस्ताव के अनुसार पेड़ों को हटाने और प्रत्यारोपण के बदले में दिल्ली की मिट्टी व जलवायु के अनुकूल विभिन्न प्रजातियों के पौधें लगाए जाएंगे। इनमें नीम, अमलतास, पीपल, पिलखन, गूलर, बरगद, देसी कीकर और अर्जुन समेत अन्य प्रजातियों के पौधें शामिल हैं। इन्हें नॉन फॉरेस्ट लैंड पर 6-8 फीट हाइट के पौधे के रूप में लगाया जाएगा।

# कूड़ा गाजियाबाद में डलवाकर दिल्ली की जनता को किया शर्मसार : भाजपा

● कूड़े के निस्तारण के लिए लगाये गए अधिकांश कम्पैक्टर पड़े हैं ठप : मल्होत्रा



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

निगम में नेता विपक्ष सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि दिल्ली का कूड़ा गाजियाबाद में फेंका जा रहा है। इस समाचार ने लोगों को अचम्भित एवं शर्मसार किया है।

प्रदेश भाजपा के महामंत्री हर्ष मल्होत्रा, प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर एवं राजा इकबाल सिंह ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि गाजियाबाद की महापौर द्वारा दिल्ली के कूड़े को अवैध रूप से गाजियाबाद में डालने गये 9 ट्रकों को पकड़वाने के बाद यह स्थापित हो गया है कि आम आदमी पार्टी शासित दिल्ली नगर निगम के पास कूड़ा निस्तारन को लेकर कोई नीति नहीं है और वह केवल यहां का कूड़ा का पडोसी राज्यों में डालकर अपनी जिम्मेदारी से मुक्त होना चाह रहे हैं। दिल्ली महापौर डॉ. शैली ऑबराय पर दिल्ली सरकार का दबाव है और वह निगम की कूड़ा निस्तारन ट्रक चलाने वाली कंपनी पर दबाव डालकर कूड़ा अन्य राज्यों में फिकवा रही हैं। भाजपा नेताओं ने कहा कि भाजपा शासित नगर निगमों ने नीतिगत रूप से काम करते हुये कचरे के निस्तारण के लिये कम्पैक्टर लगाये थे वह अधिकांश प्लांट आज ठप्प हैं।

### नहीं डाला जा रहा कूड़ाः एमसीडी

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि भलस्वा और गाजीपुर लैंडफिल साइट पर मौजूद पहले से जमा कूड़े के बायो माइनिंग कार्य का एकीकृत ठेका दिया गया है। अनुबंधित फर्म ही कूड़े की बायोमाइनिंग और इससे उत्पन्न पृथकीकृत कूड़े के विभिन्न भागों का तय मानकों के अनुरूप निस्तारण करने के लिए पूर्ण रूप से जिम्मेदार है। रिफ्यूज्ड डिराइव्ड फ्यूल सामग्री के निस्तारण के लिए इसी अनुबंधित फर्म द्वारा गाजियाबाद स्थित वेस्ट टू एनर्जी संयंत्र में कुछ व्यवस्था की गई है। इस प्रकार ना तो एमसीडी द्वारा गाजिबाद में कूड़ा डाला जा रहा है और ना ही एमसीडी के वाहनों का वहां इस्तेमाल किया जा रहा है।

# वायु गुणवत्ता को सुधारना कठिन कार्य रहाः सीएम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



● पिछले 7 सालों की पहली छमाही में वर्ष 2023 में सबसे कम ऐसे दिन जब एक्यूआई खराब से गंभीर श्रेणी में रहा

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि शहर में वायु गुणवत्ता को सुधारना बहुत मुश्किल काम रहा है।

मुख्यमंत्री का यह बयान पर्यावरण मंत्रालय के बयान के एक दिन बाद आया है जिसमें कहा गया था कि दिल्ली में वर्ष 2016 के बाद से वर्ष 2020 को छोड़कर इस साल अच्छे से मध्यम वायु गुणवत्ता वाले सबसे अधिक दिन दर्ज किए गए हैं।

7 सालों की पहली छमाही (जनवरी-जून) में वर्ष 2023 में सबसे कम ऐसे दिन दर्ज किए गए हैं जब वायु गुणवत्ता 'खराब से गंभीर' श्रेणी के बीच रही। इनमें कोविड-19 से प्रभावित वर्ष 2020 के आंकड़े शामिल नहीं हैं। अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कहा कि वायु गुणवत्ता को सुधारना बहुत मुश्किल कार्य रहा। लेकिन दिल्ली वालों के जरिए एक श्रृंखला में उठाए गए कदमों से असंभव दिखने वाले कार्य को कर लिया। अभी भी बहुत आगे जाना है। दिल्ली के लोगों ने हमेशा दूसरों के लिए असंभव लगने वाले कार्यों को किया है। इस दौरान औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 200 अंकों से नीचे मध्यम श्रेणी में रहा। दिल्ली में न्यूनतम औसत एक्यूआई पिछले सात वर्षों में जनवरी से जून 2023 के बीच दर्ज किया गया। पर्यावरण मंत्रालय ने कहा कि यह सुधार ठोस सूक्ष्म कण (पीएम 2.5 और पीएम 10) और अन्य हानिकारक उत्सर्जन के साथ वायु प्रदुषकों में पर्याप्त कमी का संकेत देता है।

### साहिल के खिलाफ आरोपपत्र का कोर्ट ने लिया संज्ञान

**नई दिल्ली।** शाहबाद डेयरी इलाके में 28 मई को दिनदहाड़े चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर नाबालिग लड़की की हत्या करने के आरोपी साहिल खान के विरूद्ध दिल्ली पुलिस द्वारा दाखिल आरोपपत्र का शनिवार को संज्ञान लिया।

पोक्सो अदालत की पीठासीन अधिकारी अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ऋचा गुसाई सोलंकी ने 640 पन्नों के आरोपपत्र का संज्ञान लिया और आगे की सुनवाई के हेतु इस मामले को 20 जुलाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया। आरोपपत्र में कहा गया है कि आरोपी ने साजिशन यह हत्या की। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ऋचा के सामने 27 जून को अंतिम रिपोर्ट दाखिल की गई थी। साहिल पर पोक्सो की धाराएं भी लगाई गई हैं।

# रैपिड रेल प्रोजेक्ट के लिए जमीन देने को हरी झंडी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



● जंगपुरा में स्टेबलिंग यार्ड को कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए इस भूमि की थी आवश्यकता

दिल्ली-मेरठ के लिए निर्माणाधीन आरआरटीएस परियोजना के 82.15 किलोटीमर लंबे सेमी-हाई स्पीड रेल कॉरिडोर के लिए रिंग रोड़ से जंगपुरा पर नेहरू नगर में स्टेबलिंग यार्ड की कनेक्टिविटी प्रदान करने हेतु इस भूमि की आवश्यकता थी।

जून 2021 में डीयूएसआईबी ने आरआरटीएस को जहां है जैसा है के आधार पर काम करने की अनुमति दी थी, लेकिन स्थायी रूप से भूमि का हस्तांतरण नहीं होने की वजह से इसका काम शुरू नहीं हो सका। यह ध्यान देने योग्य है कि तीन अन्य सरकारी एजेंसियां- पूर्ववर्ती दक्षिणी दिल्ली नगर निगम, दिल्ली जल बोर्ड और आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय ने पहले ही अपनी जमीन एनसीआरटीसी को हस्तांतरित कर दी थी, लेकिन डूसीब ने अभी तक जमीन हस्तांतरित नहीं की थी। मार्च 2022 में शहरी विकास विभाग के मंत्री ने कहा था कि समस्त विचाराधीन भूमि डीयूएसआईबी की थी लिहाजा इसके लिए उपराज्यपाल की मंजूरी की जरूरत नहीं है। तत्पश्चात मंत्री और मुख्यमंत्री ने भूमि हस्तांतरण को मंजूरी दे दी। हालांकि मुख्य सचिव ने भूमि को आरक्षित विषय मानते हुए इसमें उपराज्यपाल की मंजूरी को जरूरी बताया और इस प्रस्ताव को उपराज्यपाल के पास मंजूरी के लिए भेज दिया। उपराज्यपाल ने इसे राष्ट्रीय महत्व का बताते हुए परियोजना को मंजूरी दे दी, भले ही यह प्रस्ताव प्रशासनिक विभाग यानी यूडी विभाग के माध्यम से नहीं भेजा गया और न ही मंत्री और मुख्यमंत्री द्वारा इसको भेजा गया था।

# बाबरिया ने प्रदेश कांग्रेस के लिए तैयार की चुनावी रणनीति

● दिल्ली प्रभारी ने प्रदेश कांग्रेस कार्यसमिति के साथ बैठक कर जीत का दिया मंत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रदेश कांग्रेस के नए प्रभारी दीपक बाबरिया ने दिल्ली कांग्रेस कार्यसमिति के साथ बैठक कर वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए रणनीति तैयार की।

पार्टी बड़े स्तर पर जनसम्पर्क चलाकर भाजपा और आम आदमी पार्टी सरकार की नाकामियों उजागर करेगी। कांग्रेस नेताओं ने दिल्ली की सभी सातों संसदीय सीटें जीतने का दावा किया। साथ राजनीतिक और संगठनात्मक प्रस्ताव पारित करके भाजपा और आप सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया। बैठक में राजनीतिक और संगठनात्मक दो प्रस्ताव भी पास किया। दीपक बाबरिया ने कहा कि भाजपा और आप की लोकतंत्र और जनविरोधी नीतियों से त्रस्त लोगों को राहत दिलाने के लिए कांग्रेस अपनी प्रतिबद्धता को निभाते हुए जनता के हितों के लिए संघर्ष कर रही है। कांग्रेस पार्टी बड़े स्तर तक दिल्ली वालों से जनसम्पर्क कर भाजपा और आम आदमी पार्टी सरकार की नाकामियों उजागर करेगी व 2024 में सभी संसदीय सीटों को जीतेगी। उन्होंने कहा कि आरएसएस के एजेंडे पर काम करने वाली भाजपा और उनके पर्दे के पीछे के सहयोगी आप एक ही सिक्के के दो पहलू है।

### अनिल ने मुख्यमंत्री से मांगा मिलने का समय



**नई दिल्ली।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अनिल चौधरी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखकर राष्ट्रीय राजधानी में बिजली शुल्क में बढ़ोतरी के मुद्दे पर चर्चा के लिए समय मांगा है। पत्र में चौधरी ने कहा है, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस समिति का एक प्रतिनिधिमंडल आपसे (केजरीवाल से) मिलकर आपको दिल्लीवासियों की चिंताओं से अवगत कराना चाहता है, जो राष्ट्रीय राजधानी में आपकी सरकार द्वारा बिजली की दरें बढ़ाए जाने से परेशान हैं। कांग्रेस नेता ने पत्र में कहा गया है, उन्हें उम्मीद है कि आप हालात की गंभीरता को समझते हुए दिल्ली प्रदेश कांग्रेस समिति के प्रतिनिधिमंडल से रविवार या सोमवार को मुलाकात करेंगे। इससे पहले, दिल्ली कांग्रेस ने बिजली शुल्क में बढ़ोतरी को लेकर राष्ट्रीय राजधानी में आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के खिलाफ प्रदर्शन भी किया था।



किंग्सवे कैंप स्थित न्यू पुलिस लाइन में 45वां कमिश्नरेट-डे मनाया गया। सलामी लेते उपराज्यपाल वीके सक्सेना। साथ में दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा।

# बृजभूषण के खिलाफ आरोपपत्र पर संज्ञान लेने पर फैसला 7 जुलाई को

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत इस बात का फैसला सात जुलाई को करेगी कि महिला पहलवानों का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न करने के मामले में भारतीय कुश्ती महासंघ के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दिल्ली पुलिस द्वारा दायर आरोपपत्र पर संज्ञान लेना है या नहीं। बृजभूषण भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद हैं।

अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) हरजीत सिंह जसपाल ने दिल्ली पुलिस की इस दलील पर गौर किया कि उसकी जांच अब भी जारी है और एक पूरक आरोपपत्र दाखिल किए जाने की संभावना है। अदालत को इस मसले पर फैसला शनिवार को सुनाना था।

न्यायाधीश ने कहा, चूंकि, एफएसएल रिपोर्ट और सीडीआर (कॉल डिटेल रिकॉर्ड) का इंतजार है और इसमें समय लगने की संभावना है, इसलिए मामले को सात जुलाई को विचार के लिए सूचीबद्ध करें। दिल्ली पुलिस ने छह बार के सांसद बृजभूषण के खिलाफ 15 जून को भारतीय दंड संहिता धारा 354, 354ए समेत कई धाराओं में मामला दर्ज किया था।

# डीईआरसी अध्यक्ष से सोम-मंगल को शपथ लेने का किया अनुरोध

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

ऊर्जा मंत्री आतिशी ने दिल्ली बिजली नियामक आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) उमेश कुमार को पत्र लिख कर उन्हें तीन अथवा चार जुलाई को पद की शपथ लेने का अनुरोध किया है।

न्यायमूर्ति कुमार को 21 जून को डीईआरसी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। सूत्रों ने बताया कि केजरीवाल ने उसी दिन उक्त पत्र आतिशी को भेज दिया था और उनसे शपथग्रहण जितना जल्दी संभव हो आयोजित करने का आग्रह किया था। न्यायमूर्ति को लिखे पत्र में आतिशी ने भ्रम की स्थिति के लिए बिजली विभाग को जिम्मेदार ठहराया। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति कुमार ने विभाग को एक पत्र लिखा था कि उन्हें सूचित किया गया था कि मंत्री 29 जून के बाद दिल्ली में मौजूद नहीं रहेंगी, इसलिए वह दिल्ली आए थे। चूंकि आतिशी 26 से 28 जून के बीच दिल्ली में थीं इसलिए वह पद की शपथ लेने के लिए उन तारीखों में मौजूद थे। दुर्भाग्य से दिल्ली की ऊर्जा मंत्री इन तीन दिनों में शपथ के लिए वक्त नहीं निकाल पाईं। वह यह कहने के लिए विवश हैं कि इस मामले में पेशेवर रुख अपनाया जा सकता था।

### बैंकों में एक ही संपत्ति गिरवी रखने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** विभिन्न बैंकों और वित्तीय संस्थानों में एक ही संपत्ति कथित रूप से गिरवी रखने के आरोप में दिल्ली पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अनुराग शर्मा के रूप में हुई है। वरिष्ठ प्रबंधन से मिली शिकायत में कहा गया है कि मेसर्स सक्सेसपाथ मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड और उनके निदेशकों अनुराग शर्मा और हितेश कुमार ने शिकायतकर्ता के बैंक से व्यापार के लिए 2.5 करोड़ रुपए का ऋण और क्रेडिट सुविधा ली हुई है।

शाहदरा में स्थित दो संपत्तियों के एवज में बैंक से ऋण लिया गया। ऋण लेने वालों ने जब मासिक किश्त नहीं चुकाई तो 29 मार्च, 2018 को उनका खाता एनपीए बन गया। बैंक ने संपत्ति पर अधिकार करने की प्रक्रिया शुरु की तो उसे पता चला कि अन्य बैंकों ने भी गिरवी रखी गई दो संपत्तियों में से एक पर कब्जे के लिए इसी कानून के तहत प्रक्रिया शुरु की है।

# अमेरिकी नागरिकों को ठगने वाले 9 गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● अमेजॉन और फेसबुक का फर्जी एग्जीक्यूटिव बनकर लगा रहे थे चूना

अमेरिकी नागरिकों को ठगने वाले फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ करते हुए 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से 7 टेलीकॉलर हैं, जो कॉल सेंटर से यूएसए में कॉल करते थे और लोगों के साथ धोखाधड़ी कर रहे थे, जबकि सेंटर के हेड हैं।

ये लोग फेसबुक और अमेजन के लिए ऑनलाइन सहायता देने का हवाला देकर लोगों को ठगते थे। इन लोगों के कब्जे से 11 मोबाइल और 8 लैपटॉप बरामद किए गए हैं। पुलिस उपायुक्त हरेंद्र सिंह ने बताया कि साइबर पुलिस स्टेशन की टीम को सूचना मिली थी की सुल्तानपुरी के एच ब्लॉक में फर्जी कॉल सेंटर चल रहा है। भवन के तीसरे मंजिल पर फर्जी कॉल सेंटर चल रहा है। वहां पर 7 टेलीकॉलर कॉल करके चिटिंग कर रहे हैं। फिर पुलिस टीम ने जांच की और सभी टेलीकॉलर और उनके हेड को पकड़ लिया। उनसे पूछताछ हुई तो ऑनर की पहचान प्रिंस शर्मा और मुकुल देव के रूप में हुई। ये दोनों सुल्तानपुरी के रहने वाले निकले। वहां से 11 स्मार्टफोन 8 लैपटॉप और एक वाईफाई राउटर भी बरामद किया गया। पुलिस की टीम बरामद किए गए लैपटॉप की जांच कर रही है। इनके खिलाफ साइबर थाना में अलग-अलग कई धाराओं में मामला दर्ज किया गया। प्रिंस शर्मा और मुकुल देव पहले कॉल सेंटर में गुड़गांव में काम करते थे। वहां से इन्हें कुछ ट्रिक मिला, उसके बाद इन लोगों ने मिलकर दिल्ली में 2021 में फर्जी कॉल सेंटर साउथ दिल्ली में शुरू किया। लेकिन बाद में कुछ विवाद की वजह से वहां बंद कर दिया था।

# राजधानी के सब-वे में पैदल यात्रियों की सुरक्षा पर जोर

## पीडब्ल्यूडी मंत्री ने नेहरु प्लेस, एंड्रूज गंज, मस्जिद मोठ व लाजपत नगर मेट्रो स्टेशन सब-वे का किया निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



सब-वे का निरीक्षण करती पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी।

पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने शनिवार को अधिकारियों के साथ दक्षिणी दिल्ली के 5 सब-वे का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पीडब्ल्यूडी मंत्री ने पाया कि पहले की तुलना में सब-वे साफ-सुथरे है, महिला सुरक्षा की दृष्टि से पर्याप्त रौशनी का प्रबंध किया गया है, सिक्योरिटी गार्ड तैनात किये गए है, नई लाइटे व कॉन्वेक्स मिरर आदि इनस्टॉल किए गए है, ड्रेनेज को बेहतर किया गया है।

साथ ही आतिशी ने सब-वे की सुरक्षा को लेकर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए आतिशी ने कहा कि, पिछले दिनों में विभाग ने दिल्ली भर में सब-वे के हालातों को बेहतर बनाने का काम किया है लेकिन अभी भी सभी सब-वे में सुधार की और गुंजाइश है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सब-वे की मौजूदा स्थिति को और बेहतर बनाने पर जोर दिया जाए। आतिशी ने ग्रेटर कैलाश मेट्रो के निकट मस्जिद मोठ सब-वे, नेहरु प्लेस सब-वे, लाजपत नगर सब-वे, एंड्रूज गंज सब-वे व लाजपत नगर मेट्रो स्टेशन सब-वे का निरीक्षण कर काम का परखा। निरीक्षण के दौरान पीडब्ल्यूडी मंत्री ने कहा कि, केजरीवाल सरकार दिल्ली के लोगों को बेहतर सुविधाएँ देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में पैदल यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सरकार अपने सभी सब-वे को पैदल यात्रियों के लिए और अधिक सुरक्षित और सुगम बनाने पर काम कर रही है। विभाग अपने सभी सब-वे को नया रूप दे रहा है। साथ ही सब-वे के साफ-सफाई और रखरखाव पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पिछले महीने कुछ निरीक्षण के दौरान हमनें पाया था कि कुछ सब-वे में रौशनी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। पैदल यात्रियों के लिए सब-वे को सुरक्षित बनाना केजरीवाल सरकार की जिम्मेदारी है और सभी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रहे है।

### लापरवाह इंजीनियरों पर होगी कार्रवाई

पीडब्ल्यूडी मंत्री ने साझा किया कि,विभाग के इंजीनियरों को एक महीने के भीतर विभाग को दिल्ली के सारे सबवे को दुरुस्त करने का आदेश दिया गया था। अलग-अलग सब-वे का निरीक्षण किया गया, सभी सब-वे गाइडलाइन्स के अनुसार काम हुआ हो। आने वाले दिनों में पीडब्ल्यूडी मंत्री दिल्ली के अन्य हिस्सों में भी सब-वे का निरीक्षण करेंगी और यदि निरीक्षण के दौरान कमी पाई जाती है तो उसके लिए जिम्मेदार इंजीनियरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# युवाओं के लिए जल्द शुरू होगा बिजनेस ब्लॉस्टर्स प्रोग्राम

● भविष्य के स्टार्ट-अप के लिए अनुकूल वातावरण बनाना उद्देश्यः आतिशी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उच्च शिक्षा मंत्री आतिशी ने इण्डियन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम) अहमदाबाद में सेंटर फॉर इनोवेशन, इनक्यूबेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप (सीआईआईईसीओ) का दौरा किया। अपनी यात्रा के दौरान, मंत्री आतिशी ने यहां के यंग लीडरशिप के साथ चर्चा की और दिल्ली सरकार के उच्च शिक्षण संस्थानों में युवाओं के लिए एंत्रप्रेन्योरशिप प्रोग्राम की शुरुआत को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव लिए। साथ ही उन्होंने यहां उन उत्साही एंत्रप्रेन्योर्स से भी बातचीत की जो इनक्यूबेशन सेंटर से अपने इनोवेटिव स्टार्टअप आइडियाज़ को सफल बनाने पर काम का रहे है।

युवाओं के बीच एंत्रप्रेन्योरशिप कल्चर को बढ़ावा देने के लिए केजरीवाल सरकार की प्रतिबद्धता पर के विषय में साझा करते हुए, मंत्री आतिशी ने कहा, केजरीवाल सरकार अपने उच्च शिक्षा और तकनीकी शिक्षा संस्थानों में छात्रों के लिए बिजनेस ब्लास्टर्स शुरू करने की योजना बना रही है।

इस पहल का उद्देश्य युवाओं में एंत्रप्रेन्योर स्किल डेवलप कर भारत में भविष्य के स्टार्ट-अप के लिए अनुकूल वातावरण बनाना है। उन्होंने कहा कि आईआईएम अहमदाबाद के सेंटर फॉर इनोवेशन, इनक्यूबेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप के एंत्रप्रेन्योरशिप आइडियाज से सीखकर हमें केजरीवाल सरकार के यंग एंत्रप्रेन्योरशिप प्रोग्राम को आकर देने में मदद मिलेगी। स्पेशलाइजेशन और अनुभव से सीखते हुए हमारा लक्ष्य देश भर में यंग एंत्रप्रेन्योरशिप टैलेंट के पोषण के लिए एक बेहतर मंच तैयार करना है।

बता दे कि मई महीने के अंतिम सप्ताह में पीडब्ल्यूडी ने विभाग को सभी सब-वे में महिला सुरक्षा की दृष्टि से गार्ड तैनात करने, नई लाइटे लगाने के लिए 1 महीने का अल्टीमेटम दिया था।

# देश की आबादी में दो फीसदी पर केंद्रीय राजस्व में है छह प्रतिशत का योगदान



गुरुग्राम के सेक्टर-44 स्थित अपैरल हाऊस में जीएसटी की छठी वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित जीएसटी डे-2023 कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ करते उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला।



गुरुग्राम के सेक्टर-44 स्थित अपैरल हाऊस में जीएसटी की छठी वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला।

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

### मेरा बिल-मेरा अधिकार से मिलेगा करदाताओं को प्रोत्साहन

### जीएसटी की छठी वर्षगांठ पर गुरुग्राम में मनाया जीएसटी डे-2023 कार्यक्रम

### मेरा बिल-मेरा अधिकार से सामान की खरीददारी का बिल अपलोड करने वालों को सरकार की ओर से मिलेंगे ईनाम

**हरियाणा** के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि देश की आबादी में हरियाणा का दो प्रतिशत योगदान है, लेकिन कर के ढांचे में हरियाणा देश में छह फीसदी की भागीदारी कर रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की कल्याणकारी नीतियों के चलते प्रदेश में आज उद्योगों व निवेशकों के अनुकूल माहौल है। यह बात उन्होंने शनिवार को यहां सेक्टर-44 स्थित अपैरल हाऊस में कही। वे गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी) लागू होने की छठी वर्षगांठ के अवसर पर केंद्रीय जीएसटी के पंचकूला जोन तथा आबकारी एवं कराधान विभाग, हरियाणा द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित जीएसटी डे-2023 कार्यक्रम में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि आज प्रदेश से कोई इंडस्ट्री बाहर नहीं जा रही, बल्कि आज मारुति कंपनी ने सोनीपत के खरखौदा में करीब 900 एकड़ क्षेत्र में 11 हजार करोड़ का निवेश किया है। मोबाइल-लैपटॉप की बैटरी की बड़ी निर्माता एटीएल भी रोजका मेव में करीब 180 एकड़ में अपना प्लांट स्थापित किया है। इसके साथ ही गुरुग्राम के पातली हाजीपुर में फ्लिपकार्ट कंपनी का एशिया का सबसे बड़ा सात मंजिला लॉजिस्टिक हब स्थापित किया जा रहा है। पानीपत में भी आदित्य बिरला बड़ी पेंट कंपनी स्थापित करने जा रहा है।

दुष्यंत चौटाला ने जीएसटी लागू होने की छठी वर्षगांठ की कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों, इंडस्ट्री सेक्टर के प्रतिनिधियों के साथ-साथ प्रदेशवासियों को बधाई भी दी। उन्होंने कहा कि टैक्स पेयर्स को प्रोत्साहन देने के लिए हरियाणा सहित देश के पांच राज्यों में मेरा बिल-मेरा अधिकार योजना आरंभ की गई है। इस योजना के तहत उपभोक्ता को सामान की खरीददारी की रसीद पोर्टल पर अपलोड करनी होगी और 30 करोड़ रुपए के कॉर्प्स फंड से ड्रा ऑफ लॉट्स के जरिए उपभोक्ताओं को ईनाम भी मिलेंगे। उन्होंने कहा कि मेरा बिल-मेरा अधिकार योजना से उपभोक्ताओं में सामान की खरीददारी करते समय विक्रेता से बिल मांगने की प्रवृति विकसित होगी। साथ ही कंज्यूमर टू गवर्नमेंट के बीच एक मजबूत भावना भी विकसित होगी।

दुष्यंत चौटाला ने कहा कि देश की कर प्रणाली को सरल बनाने तथा इंस्पेक्टरी राज को खत्म करने में जीएसटी एक बेहतरीन व्यवस्था साबित बनी है। इससे नागरिकों पर कर का बोझ कम हुआ और सरल व्यवस्था से इंडस्ट्री जगत की सुविधाएं भी बढ़ी। उन्होंने कहा कि जीएसटी की मदद से राजस्व प्राप्ति 64 हजार करोड़ रुपए से बढ़कर 1.50 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गई। हरियाणा के उत्पाद एवं कराधान विभाग के प्रिंसिपल सेक्रेटरी देवेंद्र सिंह कल्याण ने कहा वन नेशन-वन टैक्स के उद्देश्य के साथ लागू किया गया जीएसटी, आज टैक्स के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। निर्यातकों, छोटे व्यापारियों और उद्यमियों, कृषि और उद्योग, आम उपभोक्ताओं जैसे विभिन्न क्षेत्रों को लाभ मिलने के साथ ही जीएसटी का अर्थव्यवस्था पर कई गुना प्रभाव पड़ा है।

इस अवसर पर डीजीजीआई के महानिदेशक (नार्थ) आशीष वर्मा, सीजीएसटी और केंद्रीय उत्पाद शुल्क क्षेत्र (पंचकुला) के मुख्य आयुक्त सीए उपेन्द्र गुप्ता, हरियाणा के आबकारी एवं कराधान आयुक्त अशोक कुमार मीणा, सीजीएसटी गुरुग्राम के प्रिंसिपल कमिश्नर पीआर लाकरा, अतिरिक्त आयुक्त सीजीएसटी (गुरुग्राम) तुलेश्वर प्रसाद, उत्पाद शुल्क एवं कराधान विभाग गुरुग्राम की संयुक्त आयुक्त दीपिका चौधरी सहित इंडस्ट्री व जीएसटी से जुड़े अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## टोनी हत्याकांड में आरोपियों को एक दिन रिमांड पर लिया

**सोहना।** सदर थाना पुलिस ने खेड़ला निवासी टोनी हत्याकांड में गिरफ्तार तीनों आरोपियों को अदालत में पेश किया। पुलिस की मांग पर अदालत ने सभी आरोपियों को एक दिन रिमांड पर सौंपा है।पुलिस ने हत्यारोपियों से पूछताछ शुरू कर दी है। शुक्रवार को खंड के गांव खेड़ला में 30 वर्षीय टोनी हत्याकांड में गिरफ्तार अशोक, ललित और दिनेश को सदर थाना पुलिस ने शनिवार को अदालत में पेश किया। पुलिस ने अदालत में हत्यारोपियों को पेश करने के दौरान तीनों आरोपियों को रिमांड दी जाने की मांग की थी। ताकि टोनी हत्याकांड में उपयोग की गई बाइक व खून से सने सभी आरोपियों के द्वारा छुपाए गए कपड़ों को सबूत के तौर पर इक्टठा किया जा सके। अदालत ने पुलिस की उक्त मांग को स्वीकारते हुए मृतक टोनी चा भतीजा ललितए पडोसी अशोक और दमदमा निवासी दिनेश को एक दिन की रिक्टर भेज दिया।

## नागरिक अस्पताल में टहलते हुए महिला की फर्श पर हुई डिलीवरी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम




नागरिक अस्पताल गुरुग्राम।

**सेक्टर**-10 स्थित नागरिक अस्पताल में एक महिला अपने पति के साथ टहल रही थी। इसी दौरान उसे प्रसव पीड़ा हुई। इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता, महिला फर्श पर लेट गई और उसने एक बेटी को जन्म दिया। फर्श पर डिलीवरी की सूचना के साथ अस्पताल में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार यूपी के हरदोई की रहने वाली (वर्तमान में राजेंद्रा पार्क गुरुग्राम निवासी) शांति नामक महिला को डिलीवरी के लिए नागरिक अस्पताल में गुरुवार को पहली मंजिल स्थित जच्चा-बच्चा वार्ड में भर्ती कराया गया था। उनके पति नरेंद्र उनकी देखभाल के लिए साथ थे। शुक्रवार की रात को डॉक्टर ने शांति को टीका लगाया था। फिर वह वार्ड के सामने पहली मंजिल पर ही अपने पति के साथ टहल रही थी। अभी टीका लगे हुए 15-20 मिनट ही हुई थी। उसे पेट में दर्द होना महसूस हुआ। वह वहीं पर फर्श पर बैठ गई। पेट में दर्द के चलते उनके पति ने उनके पेट को सहलाया।

इसी बीच उसकी फर्श पर ही डिलीवरी हो गई। महिला ने बेटी को जन्म दिया। पत्नी की हालत को देखकर नरेंद्र ने शोर मचाया तो वार्ड से स्टाफ वहां पहुंचे। ड्यूटी पर तैनात नर्सिंग ऑफिसर ने महिला को व्हील चेयर पर बिठाकर वार्ड में शिफ्ट किया। नरेंद्र ने बताया कि उसकी पत्नी शांति और नवजात बच्ची स्वस्थ हैं। नरेंद्र ने बताया कि 10 साल पूर्व उनकी शादी हुई थी।

बता दे की नरेंद्र और उसकी पत्नी शांति मूल रूप से यूपी के हरदोई के रहने वाले हैं। दस साल पूर्व उनकी शादी हुई थी। अब से पहले उनके दो बच्चे हो चुके हैं। बदकिस्मती से दोनों की मौत हो गई। अब तीसरी संतान उन्हें हुई है। महिला की फर्श पर डिलीवरी को लेकर अस्पताल प्रशासन जांच भी करवा रहा है।

## हाउसिंग बोर्ड में सीवरेज ब्लॉक, लोग हो रहे परेशान

### निगम अधिकारियों को कई बार लगा चुके हैं गुहार, नहीं सुनी पुकार

### काम का टेंडर नहीं होने की बात कह कर अपना पल्ला झाड़ रहे अधिकारी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम की हाउसिंग बोर्ड कालोनी की गली में भरा सीवरेज का पानी।

**यहां** झाड़सा रोड स्थित हाउसिंग बोर्ड में सीवरेज ब्लॉक होने के चलते लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। गंदगी से उठती बदबू से जीना दुभर हो गया है। करीब 15 दिन से ऐसे हालत बने हुए हैं। क्षेत्र में बीमारी फैलने का अंदेशा है। लोगों का कहना है कि नगर निगम के अधिकारियों को बार-बार शिकायत देने के बाद भी कोई समाधान नहीं हुआ।

झाड़सा बांध के पास बसी हाउंसिंग बोर्ड के लोगों को नगर निगम के अधिकारियों की अनदेखी के चलते परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है। इस कालोनी के सीवर सफाई ना होने के चलते ओवरफ्लो हो रहे हैं। जिसके चलते गली में सीवर का पानी भरा है। उससे उठती बदबू व मच्छरों के कारण यहां कई लोग बीमार भी हो चुके हैं।

बावजूद इसके निगम अधिकारी लगातार इस कालोनी की अनदेखी कर रहे है। लोगों कहना है कि इस बारे में विधायक सहित निगम अधिकारियों को वो लिखित शिकायत दर्ज करा चुके हैं, लेकिन कही कोई सुनवाई नहीं हो रही हे। लोगों ने कहा कि मानसून शुरू होते ही यहां के लोगो की मुसीबत और ज्यादा बढ़ जाती है।

कालोनी के सभी प्रवेश के रास्तो पर कई फुट पानी जमा हो जाता है और उसमें सीवर को पानी मिलकर लोगो के घरों तक में घुस जाता है। नगर निगम अधिकारी सफाई का टेंडर नहीं होने की बात कहकर पल्ला झाड़ रहे हैं। लोगों का कहना है कि नगर निगम ने यहां काफी खर्चा करके वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाया था, लेकिन वह देखभाल नहीं होने से ठप है। लोगों ने कहा कि यदि उनकी इस समस्या का समाधान नहीं होता है तो वे इसे सीएम विंडो पर डालेंगे।

## बरसाती नाले का पानी सड़क पर आने से बढ़ी परेशानी



सोहना के बस स्टैंड मार्ग पर दुकानों के सामने जमा पानी।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**शहर** के बस स्टैंड मार्ग पर बना बरसाती नाले की सफाई न होने से जमा पानी से दुकानदार व आम नागरिक परेशान हो रहे है। बरसाती नाले में से पानी ओवर फ्लो होकर सड़क पर आ रहा है। दुकानदार हाथ पर हाथ रखकर बैठें है। नगर परिषद की दुकानों की हठधर्मिता के चलते बस स्टैंड मार्ग पर बना बरसाती नाले का पानी सड़क पर निकल जमा हो रहा है। जिससे पैदल आने व जाने वालें को परेशानियां हो रही है।

तेज गति से बाइक स्कूटी से लेकर चार पहिया पाहनों से जमा पानी अधिक स्थान तक फैल रहा है। जिससे से सड़क एक किनारे पर बैठे पटरी दुकानदारों का सामान तक सड़क पर जमा बरसाती पानी लहरे बनकर पहुंच रहा है। दुकानों पर जाने के लिए दुकानदारों ने ईंटए पत्थर व अन्य कठोर वस्तु को रखकर रास्ता बनाया हुआ है। यहा की करीब 30 दुकानों के आगे बरसाती पानी जमा हो रहा है।

**दुकानदारी हो रही है प्रभावित :** दुकान के आगे बरसाती पानी जमा होने से ग्राहक भी शहर के अन्य बाजारों में जाकर खरीददारी कर रहा है। दुकानदार पूरे दिन अपनी दुकान पर हाथ पर हाथ पूरा दिन बिताया। हलवाई की दुकान चलाने वाले दुकानदार सतबीर का कहना है कि सवान का माह सोमवार से शुरु होने जा रहा है। सवान के माह में हलवाई का सामान अधिक बिकता है। लेकिन ऐसा पानी जमा होने से उनका सारा कारोबार ठप हो जाएगा। यहा के दुकानदार इस समस्या का सामधान कराना नहीं चाहते हैं। यदि दुकानदार तैयार होते है। वें नाले की मात्र दो घंटा में सफ्रई करने को तैयार है। सड़क पर जमा पानी के दोषी स्वयं दुकानदार है। ;सतेन्द्र यादव.सफ्रई इंस्पेक्टर नपद्ध

## मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान को मिल रहा जनसमर्थन : सुंदर लाल यादव

### मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान के तहत जनता के बीच जा रहे हैं भाजपा कार्यकर्ता

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम



मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान के दौरान कार्यकर्ता।

**सरपंच** एसोसिएशन गुरुग्राम के अध्यक्ष एवं जिला संयोजक पंचायती राज प्रकोष्ठ भाजपा गुरुग्राम सरपंच सुंदर लाल यादव सिकंदरपुर-बढ़ा ने मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान तहत थानागाजी विधानसभा के किशोरी मंडल में मंडल अध्यक्ष राकेश मीणा के साथ संपर्क से समर्थन अभियान चलाया।

इस अभियान के दौरान क्षेत्र के लोगों से मुलाकात हुई। इस दौरान किशोरी मंडल के सहसंयोजक रमेशचंद सैनी, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष रामधन, पूर्व अध्यक्ष युवा मोर्चा आशीष कुमार जनावत, पूर्व मंडल अध्यक्ष हेमचंद शर्मा, मंडल महामंत्री जयराम कुम्हार, दाताराम जैतपुर, सुनील सैनी युवा मोर्चा, विजय कुमार गुप्ता प्रभारी, गोपीराम गुर्जर किसान मोर्चा आदि उपस्थित रहे। सभी के साथ मिलकर बूथों पर पन्ना प्रमुख सत्यापित किए। बूथों पर वाट्सअप ग्रुप बनाए। सभी को मोदी सरकार द्वारा चलायी जा रही गरिबोत्थान एव जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। मंडल में पहुंचने पर मंडल अध्यक्ष राकेश कुमार मीणा और मंडल के पदाधिकारियों ने पगड़ी बाधकर मान-सम्मान किया।

सरपंच सुंदर लाल ने इस स्वागत के लिए किशोरी मंडल की टीम का आभार जताते हुए कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को एकता के सूत्र में पिरोने का काम किया है। देश को विकसित बनाने में उन्होंने विदेशों में भी मजबूत पकड़ बनाई है। सुंदर लाल यादव ने कहा कि सभी राज्यों में भाजपा की मजबूती के लिए जमीनी स्तर पर कार्यकर्ता कार्यरत हैं। भविष्य में राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना आदि में होने वाले चुनावों में भाजपा की सरकारें बननी तय हैं। यह सब पार्टी की नीतियों से संभव होगा। जिन राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं, उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों का हर राज्य की जनता अनुसरण करेगी। पार्टी कार्यकर्ता एजेंडा जनता तक पहुंचा रहे हैं। सरपंच सुंदर लाल ने कहा कि राजस्थान में मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान को मजबूती से चलाया जा रहा है। जनता का रुझान सकारात्मक है। वर्तमान कांग्रेस सरकार से आम जनता परेशान है।

## लोहे की सरिया से दंपति समेत चार लोगों के सिर फोड़े

**सोहना।** भोंडसी की स्नेह विहार कॉलोनी में रास्ते में खड़ी गाड़ी में स्क्रैच आ जाने पर पिता व उसके दो बेटों ने मिलकर एक ही परिवार के चार सदस्यों को लोहे की रॉड व डंडों से पीटा। एमए प्रथम कक्षा के छात्र समेत उसके माता-पिता और चाचा को किए गए हमले से चोटें आई। छात्र की माता के चोट लगने से दांत हिल गए।

भोंडसी थाना पुलिस ने झगड़े के पांच दिन बाद दी शिकायत के आधार पर नामजद पिता व उसके बेटों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। भोंडसी क स्नेह विहार कॉलोनी निवासी हिमांशु ने पुलिस को बताया कि वह एमए प्रथम का विद्यार्थी है। उसका चाचा रामप्रकाश 25 जून को अपने प्लाट से कार को बाहर निकाल रहा था।

क्योंकि उन्हे अपने बेटा का ट्यूशन छोड़ने जाना था। कार को बैक करते समय पड़ोसी अशो की रास्ते में खड़ी गाड़ी से टच हो गई और गाड़ी में मामूली सी स्क्रेच आ गई। उसका चाचा रामप्रकाश जब बेटे को छोड़कर वापस घर आए। तभी अशोक ने चाचा रामप्रकाश को पहले गालियां दी और बाद में अपने दोनों बेटे विक्की व नीतीश को बुला लिया।

## पहले दिन 166 नागरिकों के संपत्ति रिकार्ड का दुरुस्तीकरण किया



शनिवार को नगर परिषद कार्यालय में खामियां को दूर करते शहरवासी।

**सोहना।** नगर परिषद कार्यालय में पहले दिन 166 प्रापर्टी दुरूस्तीकरण के लिए आए आवेदनों को निपटान किया गया। जिसमें मुख्य रुप से प्रोपर्टी में नाम परिवर्तनए प्रोपर्टी विकाश शुल्क में त्रुटियां सबसे ज्यादा थी। शनिवार को नगर परिषद कार्यालय में दो दिवसीय प्रोपर्टी दुरुस्तीकरण के लिए शिविर की शुरुआत की गई। संपत्ति मालिकों द्वारा शिविर में अपनी समस्याओं को ले जाने से पहले ऑनलाइन साइबर कैफे से कराया गया। संपत्ति रिकार्ड में खामियों को लेकर लगा शिविर के पहले दिन से ही नागरिक उत्सुक थे। दोपहर दो बजे तक 93 नागरिकों ने अपनी समस्याओं को ऑनलाइन करने के बाद अपना रिकार्ड को लेकर परिषद कार्यालय में पहुंचे। दोपहर दो बजे के बाद एक साथ आई 86 के लगभग समस्याओं का निदान ऑनलाइन किया गया।

**किस प्रकार की समस्याओं का हुआ सुधारीकरण :** नगर परिषद को प्रदेश सरकार ने प्रोपर्टी में नाम परिवर्तनए संपत्ति कर में विकास शुल्क कम ज्यादा की समस्याए कूड़े पर लगा सरचार्ज और पुरानी और नई संपत्ति कर की खामियों का मिलान करना मुख्य रुप से था, जिनमें नाम परिवर्तन और विकास शुल्क कम ज्यादा को लेकर सबसे ज्यादा समस्याएं थी। तीसरे नंबर पर नई सर्वे के अनुसार पुरानी व नई संपत्ति के बीच मिलान कराने वालों की संख्या था। शनिवार को संपत्ति कर के संबंधित आई 166 निवेदनों का मौके पर ही निपटान कर दिया। रविवार को शिविर का दूसरा दिन होगा। जिनका मौके पर ही निपटान किया जाएगा।

**- रवि कुमार, प्रोपर्टी टैक्स प्रभारी नप।**

## ग्लोबल सिटीजन स्कॉलरशिप के साथ छह छात्रों ने अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक यात्रा शुरू की

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**ग्लोबल** इंटरनेशनल इंडियन स्कूल (जीआईआईएस) के एक प्रमुख कार्यक्रम, ग्लोबल सिटीजन स्कॉलरशिप (जीसीएस) के 16वें संस्करण के लिए भारत से छह और अन्य दक्षिण एशियाई देशों से पांच छात्रों को चुना गया है। जो छात्रों की सिंगापुर में हाई-स्कूल में दो साल की शिक्षा को फंड करेगा। छात्रों को 14,000 छात्रों के विशाल समूह में से चुना गया था, जिन्होंने इस छात्रवृत्ति में अपनी रुचि दिखाई थी। छात्रों के पिछले अकादमिक रिकॉर्ड के मूल्यांकन के अलावा, उन्हें एक मुश्किल एंटेरंस एग्जाम और इंटरव्यू के कुछ दौर से गुजरना पड़ा।

चयनित छात्र अगले दो साल जीआईआईएस स्मार्ट कैंपस सिंगापुर में बिताएंगे, जो एक वर्ल्ड क्लास अकादमिक परिसर है जो अपनी आधुनिक टेक्नोलॉजी, इनोवेशन-ड्रिवेन पेडगोगी और हाइली स्किल्ड टीचिंग स्टाफ के लिए जाना जाता है। छात्रवृत्ति छात्रों को हाई स्कूल वर्षों के लिए सीबीएसई या आईबीडीपी पाठ्यक्रम के बीच चयन करने की अनुमति देती है। चयनित छात्रों को आवास और भोजन के साथ-साथ मंथली स्टिपेंड भी प्रदान किया जाएगा और उन्हें शून्य ट्यूशन फीस का भुगतान करना होगा। कुल खर्च प्रति छात्र 90,000 होगा, जो पूरी तरह से जीसीएस कार्यक्रम द्वारा उठाया जाएगा।



कोर्स पूरा होने के बाद, छात्रों को लीडिंग इंटरनेशनल यूनिवर्सिटीज के साथ अपनी आगे की शैक्षणिक यात्रा चुनने के बारे में सलाह दी जाएगी।

सिंगापुर के लिए उड़ान भरने से पहले, छात्रों को जीआईआईएस के पार्ट ग्लोबल स्कूल्स फाउंडेशन (जीएसएफ) द्वारा एयरोसिटी, गुरुग्राम के एक होटल में सम्मानित किया गया। छात्रों और उनके माता-पिता को संबोधित करते हुए, ग्लोबल स्कूल फाउंडेशन, भारत के कंट्री डायरेक्टर, आशीष टिबड़ेवाल ने कहा, मैं प्रतिष्ठित ग्लोबल सिटीजन स्कॉलरशिप का हिस्सा बनने के लिए छात्रों और उनके माता-पिता को बधाई देना चाहता हूं। मुझे यकीन है कि हमारे अत्याधुनिक सिंगापुर स्मार्ट कैंपस में अध्ययन करना एक जीवन बदलने वाला अनुभव होगा, जो उनके अकादमिक और पर्सनल ग्रोथ के लिए नए अवसरों को खोलेगा।

## समाज की सेवा में ऐसे ही अनवरत बढ़ते रहें गोयल बंधु

### डा. डीपी गोयल के जन्मदिन पर जनसेवा को समर्पित की एम्बुलेंस

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डा. डीपी गोयल के जन्मदिन पर एम्बुलेंस सेवा की शुरुआत करते महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव।

**कैनविन** फाउंडेशन को सेवा के क्षेत्र में और अधिक ऊंचाइयों तक ले जाने के संकल्प के साथ शनिवार को फाउंडेशन के संस्थापक डा. डीपी गोयल का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। यहां सेक्टर-17 स्थित कार्यालय में डा. डीपी गोयल एवं पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल का स्वागत व सम्मान करने साथ उनके साथियों, प्रशंसकों ने शुभकामनाएं दीं। उनके जन्मदिन के साथ डॉक्टर्स-डे भी मनाया गया। महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव जी ने डा. डीपी गोयल को चिरायु होने का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर जनसेवा के लिए एक एम्बुलेंस का भी लोकार्पण किया गया।

डा. डीपी गोयल को दीर्घायु का आशीर्वाद देते हुए महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव महाराज ने कहा कि समाज की सेवा में दोनों भाईयों डा. डीपी गोयल व नवीन गोयल की जोड़ी अनवरत आगे बढ़ती रहे। उन्होंने कहा कि तन-मन और धन से समाज की सेवा करने का जो संकल्प इन दोनों ने लिया है, वह गुरुग्राम की जनता के लिए बहुत बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि सेवा का यह कार्य किसी लालसा से नहीं, बल्कि वे अपनी माता अंगूरी देवी जी के सपने को साकार करने के लिए कर रहे हैं। भले ही राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े हों, लेकिन दिन-रात वे जिस तरह से जनसेवा कर रहे हैं, उनका राजनीति में भी मजबूत होना समाज के लिए लाभकारी रहेगा।

सुबह के समय रेलवे रोड स्थित कैनविन आयोगय धाम में और दोपहर बाद सेक्टर-17 कार्यालय में पहुंचे डा. डीपी गोयल का सेंकड़ों लोगों ने स्वागत किया और जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। बड़े-बुजुर्गों से उन्होंने आशीर्वाद लिया।

अनेक समर्थक केक लेकर पहुंचे। डा. डीपी गोयल ने सभी आम और खास लोगों का गोयल बन्धुओं से ह्दय से आभार जताया। कैनविन फाउंडेशन के सह-संस्थापक एवं पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने कहा कि हम अपने संसाधनों से गुरुग्राम के हर व्यक्ति तक चिकित्सा सेवाएं पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। इन्हीं प्रयासों का प्रतिफल है गुरुग्राम के राजेंद्रा पार्क, अशोक विहार, न्यू कालोनी में बनाए गए पॉलीक्लीनिक। उन्होंने पर्यावरण के प्रति भी जागरुक किया।

**शुभकामनाएं देने समाज के ये सब लोग पहुंचे :** रामनिवास मंगला प्रधान अग्रवाल सभा, गुरुग्राम औधोगिक एसोसिएशन के प्रधान जगन्नाथ मंगला, केंद्रीय सनातन धर्म सभा के प्रधान सुरेंद्र खुल्लर, डेरावाल सभा के प्रधान रमेश चुटानी, सीएसआर के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी, आरएसएस के महानगर संघ चालक जगदीश ग्रोवर, निवर्तमान मेयर मधु आजाद, एडवोकेट अशोक आजाद, निवर्तमान पार्षद कुलदीप बोहरा, अशोक आर्य, समाजसेवी प्रमोद सलूजा, विनोद धर्मानी, डा. परमेश्वर अरोड़ा, उदयवीर यादव, अभय जैन एडवोकेट, नरेश सहरावत, सरहौल 12 के प्रधान जितेंद्र यादव, पूर्व डीजीपी रंजीव दलाल, कमल पहलवान, अंबिका प्रसाद, ओमप्रकाश लखेरा, नरेश चौहान, सुल्तान वाल्मीकि, प्रवीन शर्मा सिलोखरा, सुभाष सुखराली, पूर्व पार्षद बंटी पाहुजा समेत अनेक लोग डा. डीपी गोयल को आशीर्वाद व शुभकामनाएं देने पहुंचे।

# आकाशीय बिजली गिरने से पहले दामिनी लाइटनिंग अलर्ट ऐप से मिलेगी जानकारी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

### पुलिस विभाग ने आमजन की सुविधा के लिए जारी की एडवाइजरी

**हरियाणा** सरकार द्वारा प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के लिए अनेक प्रयास किए जाते हैं। इसी प्रयास के तहत जनहित में लाइटनिंग ऐप विकसित की गई है, जिसके माध्यम से बिजली गिरने जैसी प्राकृतिक आपदाओं का पहले से अंदाजा लगाकर इससे होने वाली हानि को कम किया जा सकता है। यह ऐप प्ले स्टोर पर दामिनी लाइटनिंग अलर्ट ऐप नाम से उपलब्ध है, जिसे डाउनलोड करके आसानी से उपयोग किया जा सकता है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आकाशीय बिजली जैसी प्राकृतिक आपदा को टाला नहीं जा सकता, लेकिन समय रहते सटीक पूर्वानुमान से इससे होने वाली जन, पशु व धन की हानि को काफी कम किया जा सकता है। ऐसी आपदाओं में पीड़ितों की मदद करने वाली आपदा पूर्व सटीक पूर्वानुमान से हानि को कम करने या रोकने के लिए सरकार दामिनी ऐप का प्रचार-प्रसार करने के साथ ही लाइटनिंग सेफ्टी प्रोग्राम कर रही है। आकाशीय बिजली से होने वाली मौतों को रोकने के लिए सरकार कई अन्य तरह की पहल पर भी तेजी से काम कर रही है।

**आकाशीय बिजली से अलर्ट करेगा दामिनी ऐप :** आकाशीय बिजली से बचाव के संबंध में देश के वैज्ञानिकों द्वारा तैयार की गई तकनीक उपलब्ध है। इस तकनीक का उपयोग कर आकाशीय बिजली की आशंका



वाले क्षेत्रों के नागरिकों को पहले से सतर्क कर उनकी जीवन रक्षा की जा सकती है। इसी तकनीकी के तहत दामिनी ऐप विकसित किया गया है। सरकार इस मोबाइल ऐप के प्रति लगातार लोगों को जागरूक कर रही है

**आकाशीय बिजली से बचाव का तरीका**

- आशंका वाले क्षेत्र में पेड़ के नीचे न खड़े हों
- बिजली के खंभों से दूर रहें
- धात्विक वस्तुओं से भी दूरी बनाए रखें.
- विद्युत उपकरणों का उपयोग न करें
- मोबाइल व टेलीफोन का उपयोग न करें.
- नदी, तालाब-पोखर में तैर या नहा रहे हैं तो उससे निकल कर भूमि पर आ जाएं

**जान बचाने के लिए लाइटनिंग सेफ्टी प्रोग्राम :** दामिनी मोबाइल ऐप से समय रहते लोगों को क्षेत्रवार आकाशीय बिजली गिरने के बारे में जानकारी मिल जाएगी और लोग उन स्थानों पर खुद जाने से और पशुओं को जाने से रोक लेंगे। साथ ही वहां कोई सामान होने की दशा में उसे समय रहते हटा देंगे। इसको और बेहतर करने के लिए सरकार लाइटनिंग सेफ्टी प्रोग्राम विकसित करने में जुटी है। इसी क्रम में जिला स्तरीय इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटरों का सुदृढ़ीकरण का काम चल रहा है। इसके साथ ही आकाशीय बिजली से बचाव के तरीकों के प्रचार-प्रसार पर भी ध्यान देकर हानि को रोका जाएगा। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि इन सावधानियों का उपयोग करके आप अपने आपको तथा अपने साथियों को बिजली से बचाव कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इसके बारे में अपने और अपने साथियों को जागरूक करें, ताकि वह भी इसका उपयोग करके इसका फायदा उठा सकें।

# स्कूलों का नहीं कराया ऑडिट ऑडिटर को दे दिए छह लाख रुपये

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

### अभिभावक मंच द्वारा लगाई गई आरटीआई में हुआ खुलासा

### मंच ने मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव व अतिरिक्त मुख्य सचिव शिक्षा को पत्र भेजकर की जांच की मांग

**चेयरमैन** फीस एंड फंड्स रेगुलेटरी कमेटी कम मंडल कमिश्नर फरीदाबाद ने किसी भी प्राइवेट स्कूल का ऑडिट नहीं कराया। जबकि इस कार्य के लिए रखे गए ऑडिटर कम सीए को सरकारी खजाने से छह लाख का भुगतान कर दिया।

हरियाणा अभिभावक एकता मंच द्वारा एफएफआरसी में लगाई गई एक आरटीआई के संबंध में यह जानकारी मंच को मिली है। मंच ने चेयरमैन एफएफआरसी कम मंडल कमिश्नर फरीदाबाद की इस कारवाई व कार्यशैली की शिकायत मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव व अतिरिक्त मुख्य सचिव शिक्षा से करके उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। मंच के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट ओपी शर्मा व प्रदेश महासचिव कैलाश शर्मा ने कहा है कि हरियाणा सरकार ने शिक्षा नियमावली में संशोधन कर चेयरमैन एफएफआरसी कम मंडल कमिश्नर को यह अधिकार दिया था कि वह प्राइवेट स्कूलों की मनमानी की प्राप्त शिकायतों पर उचित कारवाई करे और प्रत्येक कैटेगरी के प्राइवेट स्कूलों में से लॉटरी के माध्यम से निकाले गए पांच प्रतिशत स्कूलों के खातों की जांच करे और ऑडिट कराए।

इसके लिए एक अनुभवी व योग्य सीए की वार्षिक मानदेय के आधार पर नियुक्ति की जाए। मंच की ओर से मंच के लीगल एडवाइजर एडवोकेट बीएस बिरदी ने 14 मार्च को एफएफआरसी में एक आरटीआई लगाकर जानकारी मांगी कि 2018 से लेकर 2023 तक नियमानुसार कितने मिडिल हाई स्कूल, सीनियर सेकेंडरी स्कूलों का प्रत्येक वर्ष अनुसार पांच प्रतिशत के हिसाब से ऑडिट किया गया है, उन सभी का नाम व पूरा ब्यौरा प्रदान किया जाए और ऑडिट कराने के लिए सीए को उसकी नियुक्ति से लेकर अब तक सरकारी खजाने से कितना मानदेय व शुल्क प्रदान किया गया है, उसकी जानकारी दी जाए।

> **पिछले** पांच साल में चेयरमैन एफएफआरसी ने अपने अधिकार का प्रयोग नहीं किया है। मंच ने मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव व अतिरिक्त मुख्य सचिव शिक्षा को पत्र भेजकर चेयरमैन एफएफआरसी की कार्यशैली की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है।
>
> 
>
> **कैलाश शर्मा, प्रदेश महासचिव, हरियाणा अभिभावक एकता मंच**

एफएफआरसी के एसपीआईओ ने 26 जून को आरटीआई का जवाब देकर बताया है कि है कि एफएफआरसी के गठन से लेकर अब तक किसी भी वर्ष पांच प्रतिशत के हिसाब से किसी भी स्कूल का ऑडिट नहीं किया गया है और सीए को अब तक छह लाख का भुगतान किया गया है।

# आज आयोजित होगी यूपीएससी की परीक्षा, अधिकारियों की लगाई ड्यूटी



**फरीदाबाद।** यूपीएससी के ज्वाइंट डायरेक्टर एनडी वर्मा ने जिला में दो को होने वाली संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए रिहर्सल में टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में जिला फरीदाबाद में यूपीएससी द्वारा दो जुलाई को प्रवर्तन अधिकारी/ईपीएफओ में खाता अधिकारी, 2023 की लिखित परीक्षाएं दो चरणों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा के सफल संचालन के लिए आयोजन के लिए संबंधित अधिकारियों को संघ लोक सेवा आयोग द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि पहले चरण की परीक्षा के लिए 52 परीक्षा और दूसरे चरण की परीक्षा के लिए 56 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। यूपीएससी की प्रवर्तन अधिकारी/ईपीएफओ में खाता अधिकारी, 2023 की परीक्षा का पहला चरण सुबह 9.30 बजे से 11.30 बजे तक व दूसरा चरण दोपहर दो बजे से शाम चार बजे आयोजित किया गया।

परीक्षाओं से संबंधित अधिकारियों से अपने वाहन चालक को निर्देश देने के बारे में कहा कि वे अपने वाहन चालकों को निर्देश दें कि दो जुलाई को उनके वाहन पूरी तरह वर्किंग कंडीशन में हों, ताकि किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि वाहन चालक पुलिस विभाग द्वारा निर्धारित रूट पर ही गाड़ी चलाएं।

# दुकान मालिक ने ऑटो मिस्त्री पर चलाई गोली, मामला दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**ऑटो** मिस्त्री पर दुकान मालिक ने गोली चला दी। मिस्त्री ने जमीन में लेट कर अपनी जान बचाई और मौके से भाग गया। आरोप है कि इसके बाद दुकान मालिक ने दुकान पर खड़े ऑटो व बाइक मे तोड़फोड़ की। सदर थाना पुलिस ने मिस्त्री की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

सदर थाना प्रभारी विश्व गौरव के अनुसार दीघोट गांव निवासी चमन ने दी शिकायत में कहा है कि उसने गांव में रूंधी मोड़ पर गांव के ही रवि की दुकान किराए पर लेकर मिस्त्री का काम किया हुआ है। वह अपनी दुकान पर ऑटो को ठीक कर रहा था। उसी दौरान दुकान मालिक रवि ने उसे सामने स्थित अपने मकान से आवाज देकर बुलाया। उसने रवि से कहा कि वह काम कर रहा है, अभी थोड़ी देर में आता है। इसी बात पर दुकान मालिक रवि गुस्सा हो गया। दुकान पर आकर गाली-गलौच करने लगा। उसने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की। आस-पड़ोस के दुकानदार वहां एकत्रित हो गए और उसे बचा लिया। देर शाम रवि हाथ में देसी कट्टा लेकर आया और उसे जान से मारने की नीयत से गोली चला दी। गोली चलते ही वह जमीन में लेट गया और उसकी जान बच गई। इसके बाद जान बचाकर वह दुकान से भाग गया। रवि ने दुकान पर खड़ी बाइक व ऑटो को डंडों से बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। जिसकी सूचना पीड़ित ने तुरंत सदर थाना पुलिस को दी, सूचना मिलते ही दीघोट पुलिस चौकी से पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। सदर थाना पुलिस ने पीडित की शिकायत पर आरोपी दुकान मालिक रवि के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# मंदिर के पास डाले गए अवशेष भैंस के मिले

### धार्मिक भावनाओं को आहत करने पर मामला दर्ज कर दो गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**डीसीपी** एनआईटी के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए फरीदाबाद पुलिस ने मंदिर के पास पशुओं के अवशेष डालने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। डीसीपी क्राइम ने कहा कि सोशल मीडिया पर गौ मांस के नाम पर अफवाह फैलाई जा रही है, जिससे धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं और सामाजिक भाईचारा खराब होता है।

गोमांस के नाम पर अफवाह फैलाकर भड़काऊ भाषण देने वाले आरोपियों के खिलाफ भी कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। आमजन से अनुरोध है कि वह अफवाहों पर ध्यान न दें और शांति



व्यवस्था कायम रखने में पुलिस का सहयोग करें।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में ओबिरुल तथा नदीम का नाम शामिल है। दोनों ही आरोपी बढ़खल गांव के रहने वाले हैं। ओबिरुल कूड़ा मृत पशुओं के अवशेष बीनने का काम करता है तथा नदीम कसाई का काम करता है। पुलिस के मुताबिक हनुमान मंदिर के पास मृत पशुओं के अवशेष की सूचना मिली। जिस पर तुरंत डीसीपी एनआईटी नरेंद्र कादियान व एसीपी एनआईटी और एसीपी क्राइम अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और निरीक्षण किया गया। मौके पर ही डॉक्टर को बुलाकर मीट के अवशेष को चेक कराया गया। सुबह हनुमान मंदिर में दर्शन करने आए श्रद्धालु की शिकायत पर थाना डबुआ में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर क्राइम ब्रांच को तुरंत आरोपी की धरपकड़ के निर्देश दिए गए थे। मौके पर एफएसएल की टीम को बुलाकर चेक करवाया गया तो वह अवशेष भैंस के पाए गए। कानूनी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि कूड़ा बीनने वाला आरोपी यहां पर भैंसों के अवशेष को फेंककर चला गया था। पुलिस द्वारा मामले में जांच जारी है और इसमें शामिल अन्य आरोपियों की धरपकड़ करके उन्हें भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# होटल में बिना लाइसेंस पिलाई जा रही थी शराब

**फरीदाबाद।** डीसीपी एनआईटी नरेंद्र कादियान की टीम ने रात एनआईटी एरिया में स्थित एक होटल में रेड की। जहां होटल में बिना लाइसेंस परमिट के शराब परोसी जा रही थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एक्साइज एक्ट की धाराओं के तहत कलंदरा दर्ज कर लिया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि काबू किए गए आरोपियों में हैरी, इशांत गौरव, अंकित तथा अमनपाल का नाम शामिल है। आरोपी हैरी होटल संचालक है, वहीं अन्य चार आरोपी वहां पर बैठकर शराब पी रहे थे। डीसीपी एनआईटी को सूचना प्राप्त हुई थी एनआईटी मार्केट में स्थित पंजाबी नेचर होटल में बिना परमिट के शराब परोसी जा रही है। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए डीसीपी की टीम मौके पर पहुंची, जहां पर कुछ आरोपी शराब पीते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने जब होटल संचालक से शराब पीने का लाइसेंस मांगा तो वह कोई भी लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका।

# विशाल ट्यूमर के हटते ही दिल्ली के 14 वर्षीय ध्रुव ने ली खुलकर सांस

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**मैरिंगो** एशिया अस्पताल में चिकित्सकों ने दिल्ली निवासी 14 वर्षीय ध्रुव के सीने से सफलतापूर्वक विशाल ट्यूमर को निकाल उसके फेफड़े को क्षतिग्रस्त होने से बचाया। ट्यूमर के निकलने पर मरीज को बहुत राहत मिली। मैरिंगो एशिया अस्पताल फरीदाबाद में लंग ट्रांसप्लांट एंड थोरेसिक सर्जरी विभाग के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. कामरान अली ने बताया कि हमारे पास नॉर्थ दिल्ली से छाती में बाएं तरफ फेफड़े के नजदीक साढ़े तीन किलोग्राम के ट्यूमर के साथ एक किशोर (टीनएजर) आया। यह ट्यूमर 25×30 सेंटिमीटर बड़ा था।

एक साल के अंदर मरीज का लगभग 8-10 किलोग्राम वजन कम हो गया था। लगभग 10 दिन पहले बच्चे को खाना निगलने की समस्या शुरू हुई थी। सीटी स्कैन कराने पर हमें पता चला कि ट्यूमर दोनों फेफड़ों के बीच और हार्ट के ऊपर वाले हिस्से से निकलते हुए बाएं तरफ की छाती में घुसा हुआ था। ट्यूमर ने बाएं तरफ के फेफड़े को पूरी तरह पिचकाया हुआ था और हार्ट, खाने की नली को छाती की दाएं तरफ



धकेल दिया था। इसलिए यह केस काफी चुनौतीपूर्ण था। हमने इस चुनौती को स्वीकार करते हुए बड़ी सावधानी से सर्जरी कर ट्यूमर को बाहर निकाल दिया। फेफड़े पर दबाव बना रहे ट्यूमर के हटते ही बच्चे के स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हुआ। स्वस्थ होने पर बच्चे को डिस्चार्ज कर दिया। अगर अब सर्जरी न होती तो ट्यूमर के निरंतर बढ़ते दबाव के कारण बच्चे के बाएं तरफ का फेफड़ा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो सकता था और हार्ट एवं खाने की नली जैसे महत्वपूर्ण अंगों को भी नुकसान पहुंच सकता था।

डॉ. कामरान अली ने कहा कि सर्जरी में सबसे बड़ी चुनौती यह थी कि ट्यूमर ने बच्चे के हार्ट को अपोजिट साइड में धकेल दिया था। ट्यूमर के दबाव के कारण बाएं (लेफ्ट) साइड के फेफड़े की खून की मुख्य नस पूरी तरह पिचकी हुई थी और लेफ्ट साइड का फेफड़ा भी पूरी तरह पिचका हुआ था। बेहोशी भी इसमें काफी बड़ी चुनौती थी, क्योंकि छाती की लेफ्ट साइड के सभी अंग राईट साइड में शिफ्ट हो गए थे। ऐसे में बेहोशी की ट्यूब डालने में बहुत परेशानी होती है। इतने छोटे बच्चे में इतना बड़ा कट लगता है तो दर्द को नियंत्रित करना भी चुनौतीपूर्ण होती है। ऑपरेशन द्वारा छाती के अंदर महत्वपूर्ण अंगों को नुकसान पहुंचाए बिना पूरे ट्यूमर को लगभग साढ़े तीन घंटे में निकाल दिया। ट्यूमर के दबाव के कारण पिचका हुआ लेफ्ट साइड का फेफड़ा सर्जरी के दौरान ही फूल गया और फिर से अपने सामान्य आकार में आ गया। ऑपरेशन के तीन दिन बाद स्वस्थ होने पर बच्चे को डिस्चार्ज कर दिया।

इस सर्जरी में मैरिंगो एशिया अस्पताल से पीडियाट्रिक कार्डियो थोरेसिक एवं वैस्कुलर सर्जरी विभाग के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. तरुण रैना रमन का भी विशेष योगदान रहा। इस तरह के ज्यादातर ट्यूमर के लक्षण एडवांस्ड स्टेज में ही सामने आते हैं, जिनमें सांस का फूलना, खांसी आना, खांसी में खून आना, वजन कम होना, भूख न लगना, छाती में दर्द होना, खाना निगलने में परेशानी आना आदि शामिल हैं।

# एटीएम कार्ड बदलकर खाते से निकाले 80 हजार

**पलवल।** एटीएम बूथ में पैसे निकालने पहुंचे एक व्यक्ति को जाल में फंसाकर तीन-चार युवकों ने उसका एटीएम कार्ड बदल लिया। बाद में उसके खाते से आठ बार में 10-10 हजार रुपए करके 80 हजार रुपए निकाल लिए। मुंडकटी थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

मुंडकटी थाना प्रभारी सचिन के अनुसार तूमसरा गांव निवासी संतराम ने दी शिकायत में कहा है कि उसे जब पैसों की जरूरत पड़ी तो वह हाईवे पर स्थित एमवीएन कॉलेज के पास लगे एटीएम से पैसे निकालने पहुंच गया। पीड़ित ने अपना कार्ड एटीएम मशीन में लगाकर पांच हजार रुपए निकाले। उसी दौरान एटीएम बूथ में तीन-चार युवक खड़े हुए थे। संतराम का कहना है कि युवकों ने उसके साथ जल्दबाजी करते हुए धोखाधड़ी से उसका एटीएम कार्ड बदल लिया। जब उसने पैसे निकाले थे, तो उन्होंने उसका पिन कोड भी देख लिया। इसके बाद उसी दिन आरोपियों ने उसके खाते से आठ बार में दो स्थानों से 80 हजार रुपए निकाल लिए। संतराम ने युवकों को काफी तलाश किया, लेकिन नहीं मिले।

# भारत आजादी के 100वें वर्ष में दुनिया में हर क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ देश होगा



**फरीदाबाद।** केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि भारत आजादी के 100वें वर्ष में दुनिया में हर क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ देश होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की अर्थव्यवस्था पटरी पर लाकर भारत का विश्व में मान बढ़ाया है। फरीदाबाद में रोज कमाकर परिवार का पालन पोषण करने वालों की सुरक्षा करना मेरा नैतिक दायित्व है।

कृष्णपाल गुर्जर ने सेक्टर-12 के कन्वेंशन हॉल में स्ट्रीट वेंडर/रेहड़ी पटरी वाले लाभार्थी समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर वहां उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि सरकार द्वारा हरियाणा राज्य के रेहड़ी पटरी वालों को 75 करोड़ रुपये का ऋण दिया जा चुका है। सरकार ने इन रेहड़ी पटरी वालों को लगभग 90 लाख रुपये की धनराशि ब्याज अनुदान के तौर पर दी है। पीएम स्वनिधी योजना के तहत पूरे देश में लगभग 64 लाख रेहड़ी पटरी वालों ने पंजीकरण करवाया था। जिसमें मे लगभग 38 लाख रेहड़ी पटरी वालों को बैंकों के माध्यम से प्रत्येक को 10 हजार रुपये का ऋण प्राप्त हो चुका है। जिसकी राशि 3800 करोड रुपये दी जा चुकी है। इसमें से लगभग 10 लाख 25 हजार रेहड़ी पटरी वालों ने 10 हजार रुपये का समय पर भुगतान करके अगला ऋण 20 हजार रुपये प्राप्त किया है। लगभग 75000 रेहड़ी पटरी वालों ने 20 हजार रुपये का ऋण समय पर भुगतान करके अगली ऋण की राशि भी 50 हजार रुपये प्राप्त कर ली है। इस प्रकार से पूरे देश के रेहड़ी पटरी वालों को पीएम स्वनिधी योजना के तहत 6225 करोड़ रुपये का ऋण दिया जा चुका है।

## संक्षिप्त समाचार

### नेहरू कॉलेज की नवनियुक्त प्रिंसिपल रुचिका खुल्लर का स्वागत



**फरीदाबाद।** पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय सरकारी कॉलेज की नवनियुक्त प्रिंसिपल श्रीमती रुचिका खुल्लर का युवा आवाज संगठन की ओर से जोरदार स्वागत किया गया। संगठन की ओर से प्रिंसिपल का स्वागत करते हुए सांसें मुहिम के तहत पौधारोपण किया गया। जिसमें कॉलेज परिसर में विभिन्न प्रकार के फलदार व छायादार पौधे लगाए गए। संगठन की ओर से नवनियुक्त प्रिंसिपल को पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। इस मौके पर रुचिका खुल्लर ने कहा कि नेहरू कॉलेज पर्यावरण के क्षेत्र में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएगा व कॉलेज द्वारा समय-समय पर पौधारोपण किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा क्षेत्र में छात्रों से जुड़ी सभी समस्याओं को जल्द दूर करने का प्रयास किया जाएगा व कॉलेज परिसर में छात्रों को एडमिशन से संबंधित आ रही सभी समस्याओं को दूर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि युवा आगाज की सांसें फाउंडेशन पर्यावरण के क्षेत्र में बहुत ही सराहनीय काम कार्य कर रही है। इस मौके पर संगठन के संयोजक जसवंत पंवार ने बताया कि सांसें मुहिम का एक ही लक्ष्य है कि हर व्यक्ति अपने जीवन में एक पौधा लगाए और उसे वृक्ष बनने तक अपनी अहम भूमिका अदा करे। इसी कड़ी को बढ़ाते हुए प्रिंसिपल का स्वागत करते हुए उनके हाथों से कॉलेज परिसर में छायादार पौधे लगाकर छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित किया। इस मौके पर डॉ. विमल गौतम, डॉ. बलराम आर्य, डॉ. राजेंद्र, डॉ. दुर्गेश, डॉ. भूपेंद्र, प्रदीप धनखड़, सुनील सैनी, मनमोहन शर्मा, प्रताप चौधरी, डॉ. विशाल, डॉ. हरिवंश, राजकुमार सैनी, बृजमोहन मौजूद रहे।

### दिल्ली से मथुरा जा रहे व्यक्ति की ट्रेन से गिरकर मौत


**फरीदाबाद।** ट्रेन से गिरकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। वह दिल्ली के कल्याणपुरी से मथुरा जा रहा था। फरीदाबाद के सराय इलाके में अचानक ट्रेन से रेल की पटरी पर जा गिरा। उसे काफी गंभीर चोट आई और उसकी दर्दनाक मौत हो गई। मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बीके नागरिक अस्पताल में रखा गया है। मृतक की पहचान दिल्ली के कल्याणपुरी निवासी जगदीश के तौर पर हुई है। उसकी साली बेबी ने बताया कि वे पांच बहनें हैं। जिसमें से छोटी बहन आगरा के पीली कोठी इलाके के पास रहती है। उनके पति राजकुमार का निधन कई वर्ष पहले हो चुका है। उनकी बेटी डोली आगरा में छठी क्लास में पढ़ती है। उसके स्कूल में उसके पिता राजकुमार का डेथ सर्टिफिकेट मांगा गया था। जगदीश डेथ सर्टिफिकेट लेकर आगरा जा रहे थे। छोटे जीजा लालाराम और बड़े जीजा जगदीश नई दिल्ली से झेलम एक्सप्रेस से आगरा के लिए निकले थे। रास्ते में फरीदाबाद के पास जगदीश ट्रेन से पटरी पर जा गिरा। इससे ट्रेन में अफरातफरी मच गई। अगले स्टेशन ओल्ड फरीदाबाद पर लालाराम उतरे और उन्होंने पुलिस को घटना के बारे में जानकारी दी। जीआरपी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। घायल जगदीश को बादशाह खान नागरिक अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बेबी ने बताया कि जगदीश की शादी 30 साल पहले उनकी बहन चंद्रकांता से हुई थी। शादी के बाद उनके कोई बच्चे नहीं थे। जगदीश अपने छोटे भाई रमेश के दो बच्चों का पालन पोषण कर रहे थे। छोटे भाई रमेश की भी कई वर्ष पहले मौत हो चुकी है। रमेश के बच्चों के सिर से पहले पिता का साया उठा ओर अब ताऊ भी गुजर रहे। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### ओलंपिक गेम्स में गोल्ड जीतने पर आंचल गोयल को दी बधाई



**फरीदाबाद।** स्पेशल ओलिंपिक वर्ल्ड गेम्स बर्लिन जर्मनी-2023 में मकान नं. 73/आई ब्लॉक सेक्टर-10 के रहने वाले मदन गोयल, सुमन गोयल की बेटी आंचल गोयल ने 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता है। इस प्रतियोगिता में हरियाणा से 15 एथलीट ने भाग लिया था। आंचल गोयल के पदक जीतने पर पूर्व विधायक राजेंद्र बीसला, किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट ने घर जाकर बधाई दी और शॉल ओढ़ाई। दोनों जनप्रतिनिधियों ने आंचल का हौंसला बढ़ाते हुए कहा कि बेटी ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। बेटी की इस उपलब्धि के लिए स्वजन ने भी काफी मेहनत की है। अब बेटी अन्य बच्चों को पदक लाने के लिए प्रोत्साहित करेगी। सेक्टरवासियों ने भी बेटी आंचल का हौंसला बढ़ाया। वशिष्ठ ने कहा कि बेटी ने पदक जीतकर जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया है। क्रेशर जोन के प्रधान मुकेश यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार भी खिलाड़ियों की हर तरीके से मदद कर रही है, जिससे खिलाड़ी प्रदेश का नाम रोशन कर सकें। इस मौके पर आरडब्ल्यूए की प्रधान सुजाता यादव, राजेश्वर गोयल, पवन गोयल, शशि गोयल, रेखा गुप्ता, मनीष गोयल, खेमचंद गर्ग, केशव यादव, प्रणव मौजूद थे।

### समिति ने लगाए फलदार व छायादार पौधे



**पलवल।** प्रकृति पर्यावरण संरक्षण एवं भगवान शंकर को समर्पित गौमुख कांवड़ पदयात्रा में वन महोत्सव सप्ताह के दौरान मिशन प्रकृति बचाओ पर्यावरण सचेतक समिति द्वारा फल तथा छायादार पौधों का रोपण किया गया। टिहरी गढ़वाल, उत्तराखंड पर्वतों पर टीम के साथ पौधारोपण करते हुए ग्रीन एंबेसडर आचार्य राम कुमार बघेल ने कहा कि वन, पर्वत तथा वन्य जीव हमारी राष्ट्रीय धरोहर हैं। वनों की रक्षा से ही पशु-पक्षियों व मानव का जीवन सुरक्षित रहेगा। आस्था स्थल पर्वतों, नदियों तथा वनों में कचरा आदि फैलाकर नुकसान नहीं पहुंचाना चाहिए। वृक्षों की संख्या बढ़ाने के साथ-साथ वनों को अग्नि आदि से बचना तथा नदियों को स्वच्छ रखने का हम सभी को संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर संस्था सदस्य देव, पूरण सिंह, मनोज कुमार, महेश आदि उपस्थित रहे।

### टीसीएस का सर्वर हुआ डाउन, दो घंटे देरी से हुई सीयूईटी परीक्षा

**फरीदाबाद।** सीयूईटी (पीयू) परीक्षा सर्वर डाउन होने के कारण दो घंटे देरी से हुई। जिससे परीक्षार्थियों को काफी परेशानी हुई। सीयूईटी (पीयू) परीक्षा का फरीदाबाद में सेक्टर-20 इओन डिजीटल जोन में परीक्षा केंद्र बनाया गया था। जिसमें अन्य जिलों के बच्चे परीक्षा देने पहुंचे। यह परीक्षा राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के सहयोग से पूरे भारत में आयोजित की जाती है। जो कंप्यूटर आधारित परीक्षण (सीबीटी) के माध्यम से इस परीक्षा को आयोजित करने के लिए प्रौद्योगिकी सहायता प्रदान करती है। एनटीए द्वारा नकल रहित परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र पर तमाम इंतजाम किए गए थे। परंतु परीक्षार्थियों ने बताया कि परीक्षा का समय पूरा होने पर जब पेपर कंप्यूटर पर डाउनलोड करने का प्रयास किया तो टीसीएस का सर्वर डाउन हो गया और पेपर डाउनलोड न होने के कारण टीसीएस के सर्वर कनेक्शन में इस त्रुटि के कारण परीक्षा आयोजित करने में दो घंटे की देरी हुई। ऐसे में एनटीए द्वारा नियुक्त कर्मचारी छात्रों का मनोबल बढ़ाते रहे और 156 छात्रों ने सफलतापूर्वक परीक्षा पूरी की। सीयूईटी (पीजी) की परीक्षा तीन चरणों में होती है तथा परीक्षा का तीसरा चरण 15 जून को शुरू हुआ था, जिसमें परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी।

# चंद्रशेखर आजाद को सुरक्षा देगी राज्य सरकार

**भाषा।** बहराइच



**उत्तर** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शनिवार को बहराइच में कहा कि भीम आर्मी संगठन के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद के हमलावर शीघ्र पकड़े जाएंगे और राज्य सरकार उनको सुरक्षा देगी।

जिले की मोतीपुर तहसील स्थित कुड़वा ग्राम में शनिवार को विभिन्न योजनाओं के डिजिटल शुरुआत कार्यक्रम के दौरान पाठक ने पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी।

पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में पाठक ने कहा, चन्द्रशेखर हमारे मित्र हैं, उन पर हुए हमले का खुलासा होगा। उन्हें सुरक्षा प्रदान की जाएगी। हर स्थिति में राज्य के एक-एक अपराधी को चिह्नित कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाने को हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने दावा किया कि चंद्रशेखर पर हमला करने वाले अपराधी बहुत जल्द पकड़े जाएंगे। गौरतलब है कि भीम आर्मी संगठन के संस्थापक और आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर आजाद पर बुधवार शाम को देवबंद में कार सवार हमलावरों ने जानलेवा हमला किया था। बदमाशों की गोलीबारी में चन्द्रशेखर बाल-बाल बच गए थे लेकिन एक गोली चन्द्रशेखर की कमर को छूती हुई निकल गई थी।

एक अधिकारी ने बताया कि आजाद को बृहस्पतिवार को सहारनपुर के जिला चिकित्सालय से छुट्टी मिल गई थी। उन्हें बुधवार शाम को देवबंद में जानलेवा हमले के बाद सहारनपुर के जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। जिला चिकित्सालय से छुट्टी मिलने पर पत्रकारों से बातचीत में चन्द्रशेखर आजाद ने कहा था कि वह बेहतर महसूस कर रहे हैं और उनका रक्तचाप स्थिर है। उन्होंने कहा, मैं दर्द के लिए दवा ले रहा हूं और उम्मीद है कि अगले दो-तीन दिनों में ठीक हो जाऊंगा। उन्होंने आरोप लगाया, इस घटना पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कुछ न बोलना यह दर्शाता है कि मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश में अपराध को संरक्षण दे रहे हैं।

## दो बच्चों की गड्ढों में गिरने से मौत

**बदायूँ।** उत्तर प्रदेश के बदायू जिले के रैपुरा गांव में शनिवार को धान की रोपाई करने जा रहे दो बच्चों की गड्ढों में भरे पानी में डूबने से मौत हो गई। बिसौली तहसील के एपुरा गांव के समीप मेरठ प्रयागराज गंगा एक्सप्रेस-वे का निर्माण कार्य चल रहा है और अंडरपास बनाने के लिए मिट्टी खोदी जा रही है, इन गड्ढों में बारिश का पानी भर जाने के कारण तालाब जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। उसने बताया कि शनिवार को एपुरा गांव निवासी फुरकान(13) तथा यामीन (14) अपने खेतों पर धान की रोपाई करने जा रहे थे, और उसी दौरान वे फिसल कर गड्ढों में गिर गए। उन्होंने बताया कि गहरे गड्ढों से दोनों बच्चों को दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया और इलाज के लिए ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अजय प्रताप सिंह ने बताया कि घटना से लोगों में भारी आक्रोश था और उन्होंने नारेबाजी की,लेकिन उन्हें समझा-बुझाकर बच्चों के शव पोस्टमार्टम को भिजवाए गए हैं। वहीं बिसौली के उप जिलाधिकारी विजय कुमार मिश्रा ने बताया कि पारिवारिक लाभ योजना के तहत दोनों बच्चों के परिजनों को चार-चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता मुहैया कराई जाएगी, साथ ही ठेकेदार के विरुद्ध जांच कर रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी जाएगी।

# जल जमाव के विरोध में एसयूवी की छत पर बंधी नाव में बैठे सपा विधायक, चालान

**भाषा।** कानपुर

**उत्तर** प्रदेश के कानपुर के आर्यनगर विधानसभा क्षेत्र के समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक अमिताभ बाजपेई को जलजमाव के मुद्दे पर विरोध स्वरूप यहां अपनी एसयूवी की छत से बंधी नाव में बैठे देखा गया। यातायात पुलिस ने विधायक के वाहन का दो हजार रुपए का चालान काट दिया। पुलिस ने इसकी जानकारी दी।

बाजपेई ने सड़कों पर जलजमाव का मुद्दा उठाने के लिए प्रतीकात्मक प्रदर्शन करते हुए लोगों से शहर में जलजमाव की स्थिति में यात्रा के लिए निकलते समय नाव रखने का अनुरोध किया।

हालांकि, स्थानीय यातायात पुलिस ने यातायात नियमों के उल्लंघन के लिए विधायक की एसयूवी का दो हजार रुपए का चालान काट दिया है। सपा विधायक ने बातचीत में शनिवार को जुर्माना जमा करने की पुष्टि की।

पीटीआई-भाषा से बात करते हुए सपा विधायक ने कहा कि वह नगर निगम के भीतर जलभराव और कथित भ्रष्टाचार के विरोध में शुक्रवार को सड़कों पर उतर कर सच्चाई बताई।

उन्होंने कहा कि इस प्रतीकात्मक प्रदर्शन के माध्यम से हमारा उद्देश्य कानपुर नगर निगम की निष्क्रियता और जिले के अधिकारियों के अकर्मण्य व्यवहार को उजागर करना था। बाजपेई ने अपनी स्कॉर्पियो के ऊपर एक नाव रखी और सरसैया घाट से अपना प्रदर्शन शुरू किया जो बड़ा चौराहा, मेस्टन रोड, मूलगंज, एक्सप्रेस रोड और फूलबाग से होते हुए गुजरा। जलजमाव ने वीआईपी रोड, सिविल लाइंस, बाबूपुरवा, रायपुरवा और जूही पुल सहित अधिकांश इलाकों को प्रभावित किया है, जहां हाल ही में एक डिलीवरी बॉय चरण सिंह की कथित तौर पर जलजमाव में डूबने से मौत हो गई थी। बाजपेई ने शहर के निवासियों से खुद को नावों और लाइफ जैकेट से लैस करके जलभराव की चुनौतियों के लिए तैयार रहने का आग्रह किया।

## मवेशी तस्कर पुलिस मुठभेड़ में हुआ घायल, साथी फरार

**मेरठ।** जिले के परतापुर थाना क्षेत्र में शनिवार को हुई संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद पुलिस ने एक कथित मवेशी तस्कर को गिरफ्तार किया है जबकि उसका साथ फरार हो गया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण ने बताया, हमने एक मवेशी तस्कर अरुण को गिरफ्तार किया है। परतापुर थाना क्षेत्र में पुलिस की जवाबी कार्वाई में अरुण घायल हो गया था। अरुण को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। वहीं, अरुण के साथ मौजूद दूसरा मवेशी तस्कर भागने में कामयाब रहा। एसएसपी ने कहा कि पुलिस उसकी गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है।

## स्कॉर्पियो और टेंपो की टक्कर में दो की मौत

**बलरामपुर।** बलरामपुर जिले के देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत बलरामपुर-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्कॉर्पियो वाहन और टेंपो के बीच हुई भिड़ंत में टेंपो चालक सहित दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि शुक्रवार देर रात एक टेंपो बलरामपुर से कटरा बाजार जा रही थी तभी बहराइच-बलरामपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर ओडाझार गांव के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार स्कॉर्पियो वाहन ने उसे टक्कर मार दी जिससे टेंपो सड़क किनारे खाई में पलट गई। उसने बताया कि हादसे में टेंपो सवार 60 वर्षीय बुजुर्ग की मौके पर मौत हो गई जबकि टेंपो चालक मनोज (30) बुरी तरह घायल हो गया।

सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस गंभीर रूप से घायल टेंपो चालक को अस्पताल ले गई जहां डॉक्टरों ने मनोज को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने शनिवार को बताया की मृतक बुजुर्ग की पहचान कराई जा रही है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## क्विक न्यूज

### डी एम, एस पी ने वनमहोत्सव पर किया वृक्षारोपण



**फर्रुखाबाद।** वन विभाग द्वारा1 जुलाई से 7 जुलाई तक वन महोत्सव पर वृक्षारोपण जन आंदोलन के तहत अमृतपुर तहसील के प्रांगण में जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, प्रभागीय निदेशक राम सुरेश यादव, सहायक फॉरेस्ट अधिकारी ओम प्रकाश सिंह, जिला विकास अधिकारी योगेंद्र पाठक, उपजिलाधिकारी अमृतपुर रविंद्र कुमार एवं तहसीलदार अमृतपुर ने वन महोत्सव पर पूजा अर्चना के बाद पीपल, बरगद, पाकड, नींबू, नीम, मोर श्री आदि के पौध रोपण किये।

### सिटी मजिस्ट्रेट दीपाली भार्गव का बिजनौर तबादला,सतीश चंद्र नए जनपद के सिटी मजिस्ट्रेट

**फर्रुखाबाद।** शासन नें नगर मजिस्ट्रेट का भी तबादला कर दिया। उनकी जगह पर सतीश चंद्र को नगर मजिस्ट्रेट बनाया गया है। उन्हें तत्काल कार्यभार ग्रहण करनें के आदेश दिये गये है।
बीते 1 अक्टूबर 2021 को कानपुर देहात से पीसीएस अफसर दीपाली भार्गव को सिटी मजिस्ट्रेट फर्रुखाबाद बनाया गया था। जनपद में तैनाती के दौरान उन्होंने टाइम सेंटर को ध्वस्त करनें के साथ ही नगर को अतिक्रमण से मुक्त करानें में अहम भूमिका अदा की। गत दिन उनका तबादला आकर दिया गया। उनकी जगह पर पड़ोसी जनपद शाहजहाँपुर के एसडीएम सतीश चंद्र को नगर मजिस्ट्रेट के पद पर फर्रुखाबाद में तैनाती दी गयी है। वहीं दीपाली भार्गव को एडीएम बिजनौर बनाया गया है।

### बोर्ड के त्रुटिपूर्ण अंक पत्रों के सुधार को आज व कल लगेगा कैंप

**अमेठी।** माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा बोर्ड बोर्ड की तरफसे एक शिविर का आयोजन किया जा रहा है जोकि 2 दिन तक चलेगा जिसमें छात्रों के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के अंक पत्रों में होने वाले त्रुटियों को सुधारने का काम किया जाएगा प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक संगीता सिंह ने बताया कि हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के अंक पत्रों में सुधार हेतु आगामी 03 जुलाई व 04 जुलाई को क्षेत्रीय कार्यालय वाराणसी द्वारा गठित टीम के दिशा निर्देश में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गौरीगंज अमेठी में एक कैंप का आयोजन किया गया है प् जिसमें नोडल अधिकारी प्रधानाचार्या राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गौरीगंज अमेठी को नामित किया गया। जिले के समस्त प्रधानाचार्य माध्यमिक विद्यालय को अवगत कराया जा रहा है प् अंक पत्रों में सुधार हेतु उक्त निर्धारित तिथियों में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गौरीगंज अमेठी में उपस्थित होने का कष्ट करें। जिले में परीक्षा कार्य देख रहे राकेश कश्यप ने बताया कि छात्रों के अंक पत्रों की जिनमें परीक्षार्थी का नाम माता पिता का नाम व जन्म तिथि त्रुटियां जिले में ही दूर हो जाने से क्षेत्रीय कार्यालय वाराणसी की भागदौड़ से बचा जा सकेगा प् उन्होंने माध्यमिक विद्यालयों के समस्त प्रधानाचार्य से अनुरोध करते हुए कहा है कि अपने.अपने विद्यालयों के त्रुटि पूर्ण अंक पत्रों का सुधार करानी अवश्य टाइम पर में उपस्थित हों।

### भाजपा सरकार जनता को नौ साल से कर रही गुमराहः विधायक



**सकलडीहा चन्दौली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का शनिवार को कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक पच्चासवां जन्मदिन लोक कल्याण दिवस के रूप में मनाया। इस मौके पर वक्ताओं केक काटकर राष्ट्रीय अध्यक्ष के दीर्घायु होने की कामना किया। अंत में वक्ताओं ने भाजपा शासित केन्द्र और प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर भड़ास निकाला। सपा विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार होने के बाद भी किसानए गरीबए नौजवानए व्यापारीए छात्र और महिलायें परेशान है। सुशासन की बात करने वाले सरकार में थानाए न्यायालय में हत्या हो जा रहा है। चावल गेहूं और दो हजार बांटकर नौ साल से देश की जनता को गुमराह कर रही है। सड़कए बिजलीए पानीएखाद के लिये लोग परेशान है।

### कारोबार बढ़ाने पर है फोकस

कानपुर। बॉन ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज अपने विशाल चैनल भागीदारों के नेटवर्क के साथ संबंध स्थापित करने और विश्वास के बंधन और सफल साझेदारी बनाने पर केंद्रित है। ब्रांड ने हरियाणा के हिसार में एक विशेष चैनल पार्टनर्स मीट का आयोजन किया। प्रदर्शन को स्वीकार करने और योजनाओं के निर्माण के लिए एक साथ आने परए इस कार्यक्रम को नेताओं द्वारा व्यावहारिक चर्चा और मार्गदर्शन द्वारा चिह्नित किया गया था। उत्पादों के स्वच्छ वितरण के माध्यम से बिक्री के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए सराहना के अलावाए चैनल भागीदारों को कंपनी की प्रगति यात्रा का एक अभिन्न अंग होने के लिए भी मनाया गया। मार्केटिंग हेड दविंदर पाल ने कहा अच्छी तरह से स्थापित नेटवर्क के साथ हम अपने अत्यधिक प्रतिबद्ध चैनल भागीदारों और बिक्री टीम के माध्यम से हरियाणा के शहरी और अर्ध.शहरी क्षेत्रों में प्रवेश करने का प्रयास करते हैं।

### रक्तदान शिविर का आयोजन



रायबरेली। डाक्टर डे के अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और अमर सेनानी राना बेनी माधव बक्स सिंह स्मारक समिति के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आई एम ए के चिकित्सकों द्वारा रक्तदान किया। वही राना बेनी माधव बख्श सिंह स्मारक समिति की ओर से रक्तदान करने वाले सभी चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष इंद्रेश विक्रम सिंह ने किया।रक्तदान करने वाले चिकित्सकों को राना बेनीमाधव बक्स सिंह स्मारक समिति द्वारा सम्मानित किया गया। डॉक्टर्स डे के अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राणा बेनी माधव बखश स्मारक समिति के अध्यक्ष इंद्रेश विक्रम सिंह ने कहा कि समाज की सेवा करना एक पुनीत काम हैए जिसका निर्माण आई एम ए के चिकित्सक कर रहे हैं। रक्तदान से जीवनदान मिलता है। आई एम ए के अध्यक्ष डॉक्टर बृजेश सिंह समिति को धन्यवाद देते हुए कहा कि रक्तदान करने से शरीर स्वस्थ रहता है। चिकित्सकों ने रक्तदान करके समाज को प्रेरित करने का काम किया है। रक्तदान करने वाले डॉक्टर आशीष पांडेए डॉक्टर संजय रस्तोगीए डॉ आशुतोष सिंहए डॉक्टर मनीष त्रिवेदीए डॉक्टर रोहित हंसानीए डॉक्टर अनुकृति सिंहए डॉक्टर प्रसून तिवारीए डॉ विकास द्विवेदीए डॉ अनुपम दीक्षितए डॉ अरविंद गुप्ताए डॉक्टर बृजेश सिंहए डॉ आकाश कक्कड़ व सुधीर सिंह को सम्मानित किया गया।इस अवसर पर समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह एसपी सिंहए राकेश भदौरियाए आरबी सिंहए धनंजय सिंहए मोहित सिंह आदि उपस्थित रहे।

# अलग-अलग क्षेत्रों में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत

**भाषा।** बलिया

**बलिया** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में शनिवार को आकाशीय बिजली की चपेट में आकर तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, फेफना थाना क्षेत्र के मिड्ढा गांव में दद्दन खरवार (55) शनिवार को गांव के पास ही खेत में धान की रोपाई करवा रहा था। इसी दौरान खेत में आकाशीय बिजली गिरी, जिसकी चपेट में आने से दद्दन गंभीर रूप से झुलस गया। मौके पर जुटे लोगों ने आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने दद्दन को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि एक अन्य घटना में मनियर थाना क्षेत्र के उदईपुर गांव में शनिवार को खेत में काम कर रहे छट्ठू प्रजापति (50) आकाशीय बिजली की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।पुलिस के अनुसार, जिले के पकड़ी थाना क्षेत्र के प्रसादपुर गांव निवासी भोला चौहान (52) बगल के सिवान गांव में भैंस चरा रहे थे। इसी बीच, अपराह्न में तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए भोला चौहान भैंसों को लेकर घर जा रहा था, तभी आकाशीय बिजली गिरी जिसकी चपेट में आकर वह गंभीर रूप से झुलस गए। आसपास के लोगों ने उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### मेले की तैयारी बैठक आज

अयोध्य।-जिलाधिकारी श्री नितीश कुमार की अध्यक्षता में दिनांक 03 जुलाई 2023 को सायं 4 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में श्रवण मेले की तैयारी सम्बंधी बैठक होगी। जिसमें सम्बंधित अधिकारियों को समय से भाग लेने हेतु अपेक्षा की गयी है।

## अलीगढ़ में मंदिर में मिला पुजारी का शव गला दबाकर हत्या

**भाषा।** अलीगढ़

**उत्तर** प्रदेश के अलीगढ़ जिले के गंगीरी थाना क्षेत्र के नौगवा गांव में एक मंदिर से शनिवार सुबह 75 वर्षीय एक पुजारी का शव पुलिस ने बरामद किया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। अधिकारियों ने शव की बरामदगी के बाद ग्रामीणों में किसी भी तरह के गुस्से को रोकने के लिए चुस्त दुरुस्त व्यवस्था की।

पुलिस के मुताबिक पुजारी रामदास की गला दबाकर हत्या की गई है और बाद में हमलावरों ने उनके शरीर को जलाने का भी प्रयास किया।

अलीगढ़ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) कलानिधि नैथानी ने पत्रकारों को बताया कि पुलिस संपत्ति के पहलू की संभावना सहित विभिन्न बिंदुओं को लेकर मामले की जांच कर रही है।

# पीडीए को भाजपा नजरअंदाज कर रही है, वही एनडीए को उड़ा देगी : अखिलेश

**भाषा।** बाराबंकी

**समाजवादी** पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शनिवार को अपने जन्मदिन के मौके पर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि भाजपा जिस पीडीए को नजरअंदाज कर रही है, वही इस एनडीए को उड़ा देगी।

शनिवार को बाराबंकी में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने जन्मदिन पर केक काटा और कार्यकर्ताओं को खिलाकर सबको धन्यवाद दिया। वह एक कार्यक्रम में शामिल होने यहां आए थे।

बाद में पत्रकारों से बातचीत में पीडीए (पिछड़ा दलित और अल्पसंख्यक) को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि अगर यह भाजपा को शिगूफा लगता है तो वह इस बात का जवाब दे कि उनके मंत्रिमंडल में इनकी (पीडीए) संख्या कितनी है।

उन्होंने सवाल उठाया कि सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों में पीडीए की संख्या कितनी है, जो सरकारी भर्तियां हुई है भाजपा उसमें पीडीए की संख्या बताए।

अखिलेश ने दावा किया कि जिस पीडीए को भाजपा नजरअंदाज कर रही है वही इस एनडीए (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) को उड़ा देगी।

गौरतलब है कि समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पिछले माह कहा था कि आने वाले लोकसभा चुनाव में पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों (पीडीए) की एकता राजग-भाजपा पर भारी पड़ेगी।

पूर्व मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीट पर भाजपा को हराने का नारा देते हुए कहा, हमारा नारा है 80 हराओ-भाजपा हटाओ। इसलिए 2024 में पीडीए-पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यकों की एकता राजग गठबंधन पर भारी पड़ेगी।

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अखिलेश यादव के इस बयान के अगले ही दिन 18 जून को कटाक्ष करते हुए ट्वीट में कहा, सपा बहादुर श्री अखिलेश यादव के पीडीए का मतलब पिछड़ा वर्ग, दलित और अल्पसंख्यक नहीं है, बल्कि पी का मतलब परिवारवाद (वंशवाद), डी का मतलब दंगाइयों का संग (दंगाइयों की कंपनी) और ए का मतलब है अपराध करने वाले को संरक्षण। यह उनका अतीत, वर्तमान और भविष्य है।

यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर तंज कसते हुए कहा कि सपाइयों ने इस बार तय किया है कि 80 हराओ और भाजपा को हटाओ। उप्र में लोकसभा की 80 सीटें हैं।

# तहसील समाधान दिवस में 5 मामलों का निस्तारण

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद



**सदर** तहसील के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन अपर जिलाधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में दूर दराज से आए 97 फरियादियों ने अपनी-अपनी लिखित शिकायतें व समस्याएं पेश की। मौके पर पांच प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। उन्होंने आए हुए सभी फरियादियों की शिकायतें व समस्याएं गंभीरता से सुनी और संबंधित विभागों को गुणवत्तापूर्ण समाधान एक सप्ताह में निस्तारण करने के निर्देश दिए, शेष बचे 92 प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग अध्यक्षों को सौंप कर मौका स्थल पर जाकर निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक डॉ संजय कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी सदर संजय कुमार सिंह, नगर क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार सिंह, तहसीलदार श्रद्धा पांडे, नायब तहसीलदार हर्षित सिंह, अधिशासी अधिकारी रविंद्र कुमार, जेई पीडबलूडी सोहेल अहमद आदि मौजूद रहे।

## मंदाकिनी नदी के किनारे बना होटल रामघाट में फेंक रहा कचरा

**चित्रकूट।** मन्दाकिनी किनारे रामघाट पर मानकों को ताक पर रखकर बनाये होटल ने मनमानी शुरू कर दी है। होटल से निकला कचरा रामघाट में फेंका जा रहा है। शनिवार को रामघाट में बने होटल की मनमानी शुरु हो गई है। रामघाट में पहले तो विकास प्राधिकरण को होटल बनाने की अनुमति नहीं देनी चाहिए। होटल मालिक ने प्राधिकरण की विशेष सेवा कर होटल बनाने की अनुमति ऐन-केन ढंग से ले ली है। अब होटल मालिक रामघाट का सिरदर्द बन रहा है।

# सीडीओं की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक में हुआ मंथन

**संवाददाता।** अयोध्या

**मुख्य** विकास अधिकारी श्रीमती अनिता यादव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न हुई। सर्वप्रथम सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वारा दिनांक 13.01.2023 को सम्पन्न हुई बैठक के कार्यवृत्ति के अनुपालन के संबंध में समिति को अवगत कराया गया। बैठक में बैठक की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी द्वारा की गयी। बैठक में अपर नगर आयुक्त, प्रभारी जिला पूर्ति अधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट, जिला कृषि अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। 31.03.2022 को 905 लाईसेन्स एवं 5808 पंजीकरण एक्टिव थे के सापेक्ष 31.05.2023 तक 1494 लाईसेन्स एवं 8859 पंजीकरण एक्टिव है। जनपद में प्रवर्तन कार्यवाही के अन्तर्गत माह जनवरी 2023 से मई 2023 तक 999 निरीक्षण, 85 छापे, 121 नमूना एवं 120 जांच रिपोर्ट जिसमें कुल 79 नमूने मानक के अनुरूप नहीं पाये गये। इसी प्रकार आलोच्य अवधि में 47 वाद ए0ओ0 कोर्ट एवं 06 वाद ए0सी0जे0एम0 (प्रथम) के न्यायालय में संस्थित किये गये। उक्त अवधि में 99 वादों में रुपया- 2169000/- का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया एवं मा0 न्यायालय द्वारा रूपया- 2119000/- की वसूली की गयी एवं 10 वादों में आर0सी0 निर्गत करायी गयी। मा0 ए0सी0जे0एम0 (प्रथम) के न्यायालय में 01 वाद निर्णीत किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा खाद्य एवं रसद विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, औषधि निरीक्षक एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी को विशेष रूप से निर्देशित किया गया कि कोटेदारों, एम0डी0एम0 स्कूलों, औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों एवं बाल पुष्टाहार गोदामों को अविलम्ब शत प्रतिशत लाइसेंस/पंजीकरण से आच्छादित करा लिया जाय साथ ही जिला आबकारी विभाग के आच्छादन पर संतुष्टि व्यक्त करते हुये निर्देशित किया गया कि शेष बचे प्रतिष्ठानों का आच्छादन अविलम्ब कराया जाय। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि जनपद में संचालित ऐसे खाद्य प्रतिष्ठानों जिनका खाद्य नमूना जाँच में प्रयोगशाला द्वारा मानक के विरुद्ध पाया जाय ऐसे प्रतिष्ठानों पर विशेष निगरानी रखी जाय एवं जनपद में एफ0एस0 डब्ल्यू0 बैन संचालित किये जाने से पूर्व रोस्टर बनाते हुए जनपद के प्रतिष्ठानों एवं खाद्य कारोबार कर्ताओं को सूचना दिया जाए जिससे कि अधिक संख्या में लोग अपने खाद्य पदार्थों की जांच करा सके।

# जिलों में इंटर्नशिप को समर्पित है विंडोः अभिषेक आनंद

**संवाददाता।** चित्रकूट



**सूबे** के ग्राम्य विकास आयुक्त के निर्देश पर जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बताया कि ग्रामीण विकास विभाग (ट्रेनिंग डिवीजन) भारत सरकार के पत्र 21 अप्रैल के अनुसार ग्राम्य विकास विभाग ने स्नातक/ स्नातकोतर छात्रों के लिए नयी इंटर्नशिप स्कीम प्रोग्राम फॉर एक्शन/ईर्टनशिप इन भारत (प्रतिभा) प्रतिभा पोर्टल के बारे में बताया है कि प्रतिभा पोर्टल को नेशनल इंटर्नशिप पोर्टल पर अपलोड किया है। प्रतिभा प्लेटफार्म स्थानीय ग्रामीण निकायों/गांवों/जिलों में इंटर्नशिप के अवसरों के लिए समर्पित विंडो है। यह ऐसा प्लेटफार्म है कि स्नातकों/स्नातकोत्तरों के लिए भारत में समय से अवसर देगा।

शनिवार को जिलाधिकारी ने बताया कि ग्रामीण विकास और पंचायतीराज विभागों के क्षेत्र में इंटर्नशिप के आवेदन की अनुमति देगा। पोर्टल में इच्छुक उम्मीदवार आवेदन करेंगे। चयन राज्य सरकार करेगी। इंटर्न को स्टाइपेंड का भुगतान राज्य सरकार का विशेषाधिकार होगा। उन्होंने शासन के निर्देश के क्रम में उपायुक्त श्रम रोजगार, जिला पंचायत राज अधिकारी समेत सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि जिले के ग्रामीण निकायों/गांवो जिलों में इंटर्नशिप को शैक्षिक अर्हता पूर्ण करने वाले 30 वर्ष से कम के युवाओं का पोर्टल पर पंजीकरण के कार्य करायें। इन्टर्नशिप के बाद कार्य करने की दक्षता में उन्नयन हो सके।

भविष्य में रोजगार को बेहतर विकल्प को सक्षम बनाया जा सके। इंटर्न को राज्यों ने जिला/ब्लॉक/उत्पादक उद्यम/क्लस्टर स्तर पर या ग्रामीण विकास मंत्रालय की किसी योजना में तैनात किया जाएगा। जिला स्तर पर इंटर्नशिप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी जिलाधिकारी/सीईओ जिला परिषद होंगे। उन्होंने प्रस्तावित इंटर्नशिप योजना की मुख्य विशेषताओं के बारे में बताया कि इंटर्नशिप योजना का नाम प्रोग्राम फार एक्शन या इन्टर्नशिप इन भारत (प्रतिभा) है। इंटर्नशिप का उद्देश्य अनुसंधान और नवाचार को प्रोत्साहित करना है। ग्रामीण क्षेत्र में लागू होता है। इसका उद्देश्य एमओआरडी के फ्लैगशिप कार्यक्रमों के परिणामों को बढ़ाना है। प्रत्येक बैच में इंटर्न की संख्या राज्यों की आवश्यकता के अनुसार किया जायेगा। इंटर्नशिप की अवधि एक वर्ष होगी। इंटर्नशिप का क्षेत्र में एमओआरडी और एमओपीआर से जुड़े सभी कार्यक्रम/कार्यालय/ स्थानीय निकाय, अन्य मंत्रालयों को भी केस-टू-केस के आधार पर शामिल होने की अनुमति दी जा सकती है।

# अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में रचनाओं ने श्रोताओं को गुदगुदाया

**संवाददाता।** चित्रकूट



**अखिल** भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन त्यागी इंटर कालेज ऐचवारा में आयोजित हुआ। जिसमें यूपी के अलावा हरियाणा, दिल्ली व बिहार के कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं को तालियां पीटने पर मजबूर कर दिया। कवियों ने वीर, प्रेम, श्रंगार, हास्य के साथ अपनी रचनाओं के जरिए मौजूदा राजनीतिक परिवेश पर कड़े प्रहार किए। भ्रष्टाचार व महंगाई से जूझ रहे लोगों की समस्या को भी रचनाओं के माध्यम से सामने रखा।

शुक्रवार की शाम कवि सम्मेलन का शुभारंभ बांदा सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, मानिकपुर विधायक अविनाशचंद्र द्विवेदी, नगर पंचायत अध्यक्ष मऊ अमित द्विवेदी, भाजपा नेता राजभवन उपाध्याय आदि ने मां सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन के साथ किया। कवियित्री रजनीश दीदी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इसके बाद उन्होंने श्रंगार रस से जुड़ी अपनी रचना सुनाकर लोगों मंत्रमुग्ध कर दिया। दिल्ली से आई नूतन नवल ने वीर रस व श्रंगार रस की मिश्रित रचनाएं प्रस्तुत की। हरियाणा से आए कवि प्रीतम सिंह नायक ने जम्मू-कश्मीर से हटाई गई धारा 370 समेत सरकार की ओर से उठाए गए कई महत्वपूर्ण कदमों का जिक्र करते हुए युवाओं में जोश भरा। उन्होंने अपनी रचनाओं के जरिए देश की सीमा में सुरक्षा कर रहे जवानों की हिम्मत और ताकत का बखान करते हुए भ्रष्टाचार व महंगाई पर कड़ा प्रहार भी किया। मौजूदा राजनीतिक परिवेश पर भी उन्होंने कटाक्ष किए। बेन्नूर से आए गजलकार रामशब्द ने भगवान राम की तपोभूमि धर्मनगरी चित्रकूट में वनवासकाल का सर्वाधिक समय बिताने वाले भगवान राम व सीता को जोड़ते हुए सावन माह की गजल सुनाई। दिल्ली से आए मशहूर हास्य कवि राजेश लखेरा व बाराबंकी के हास्य कवि अनूप कुमार ने कई राजनीतिक दलों की कार्यशैली पर कटाक्ष करते दर्शकों को जमकर हंसाया। पबजी के चक्कर में फंसे युवाओं का भी जिक्र किया।


## मैडम का जलवा

नवनिर्वाचित महिला प्रतिनिधि के करीबी बनने की होड़ नगर निगम अफसरों में मची हुई है। छोटे साहब हो या बड़े साहब, जिसको देखो मैडम की बैठक में शामिल होने के लिए चल पड़तें हैं। विभाग के कर्मचारी भी अधिकारियों की कारस्तानी पर चुटकी लेने से बाज नहीं आ रहे हैं। कहते हैं मैडम के गेट पर पहुंचते ही साहब बिना जूते पहने ही चल पड़ते हैं। इन्हें फरियादियों की कोई याद नहीं आती है, जो हाउस टैक्स भर कर देश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। लेकिन यहां तो मैडम की मेहमान नवाजी में कोई कमी न रह जाए, इसकी चिंता में अधिकारी डूबे रहते हैं। मैडम के निर्देशों पर बाबू के जाने से पहले ही साहब निकल कर गेट पर खुद फरियादी बन खड़े दिखते हैं। समस्याएं निस्तारित हो या न हों, लेकिन यह सब देखकर महिला मैडम को नगर निगम की सेवाएं बड़ी रास आ रही हैं। मैंडम को नगर निगम की कार्य प्रणाली भी बड़े बेहतरीन लगने लगी हैं, जबकि इससे पहले कई महिला मुखिया और अफसर नगर निगम से अपने बुलावे का इंतजार करती रहती थीं लेकिन यहां तो कुछ अफसरों को मैडम के निर्देश बजाने के अतिरिक्त कुछ करने में मन ही नहीं लग रहा है, जब कि बीते कई वर्षों की सेवाएं देते वक्त ऐसी तल्लीनता पहले कभी नजर नहीं आई।



## अब आएंगे अच्छे दिन

साहब सेवानिवृत्त क्या हुए पूरे विभाग ने राहत की सांस ली। मिठास वाले विभाग में बीते 6 सालों से खूंटा जमाए बैठे एक वरिष्ठ अधिकारी बीते शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो गए। इन अधिकारी महोदय के सेवानिवृत्त होते ही विभाग के सभी अधिकारी व कर्मचारियों ने अपने आप को बंधन मुक्त होने का एहसास किया। मिठास वाले विभाग में ये महोदय पिछली योगी सरकार के कार्यकाल के प्रारंभ में आए थे, तब से लेकर आज तक उसी पद पर जमे रहे। सबसे बड़ी विडंबना यह रही इन महोदय के कार्यकाल के दौरान बारी- बारी से दो मंत्री आए लेकिन चली किसी की नहीं, हुआ वही जो इन महोदय ने चाहा। ट्रांसफर पोस्टिंग से लेकर मिठास वाले कारखानों में भी इन्हीं महोदय की चलती थी, मंत्री तो सिर्फ कठपुतली थे। पिछले मंत्री नाम के राणा थे लेकिन ताकत कुछ नहीं थी, वैसे ही इस बार के मंत्री नाम के लक्ष्मी हैंए धन का उनके आसपास कुछ पता नहीं है। भीतर खाने की माने तो हर चीज की चाबी सेवानिवृत्त हुए इन्हीं महोदय के पास थी। ये अधिकारी महोदय जब चाहते, जितना चाहते, उतना ही खजाने का ताला खुलता था और बंद हो जाता था। किसी के हाथ कुछ नहीं लगता था, जो लगना था इन्हीं महोदय के हाथ लगना था। सही अर्थों में कहा जाए सभी इन अधिकारी महोदय के हुक्म के गुलाम थे, क्योंकि मिठास वाले विभाग का एक पत्ता भी हिलता था तो इन्हीं महोदय के इशारे पर। आखिरकार मिठास वाला विभाग अब 6 साल बाद गुलामी से मुक्त हो गया है और यहां के कर्मचारियों अधिकारी राहत की सांस ले रहे हैं।




## रील के चक्कर में फंसा करेक्टर रोल

सोशल मीडिया पर रील बनाने के बच्चों के नशे के चक्कर में थानेदार साहब का करेक्टर रोल पर संकट खड़ा हो गया है। दरअसल थानेदार साहब की पत्नी और बच्चों ने एक पोस्ट सोशल मीडिया पर डाली। देखते ही देखते यह पोस्ट इतनी तेज वाायरल हो गई कि उसे देखकर पुलिस महकमे को बुखार चढ़ गया। और ऐसा हो भी भला क्यों न, इस पोस्ट में थानेदार के बच्चों के साथ बिस्तर पर लाइन से पांच-पांच सौ रुपए के नोटों की गड्डियां बिछी हुई थीं। सोशल मीडिया युनिवर्सिटी के प्रोफेसरों ने तत्काल इनकी गणना भी कर डाली और बताया कि ये 14 लाख रुपए हैं। अब सवाल यह उठा कि आखिरकार इतनी सारी रकम एक थानेदार के घर और वह भी नगद नारायण आई कहां से। तुरंत कप्तान साहब ने थानेदार की कुर्सी झीनने और सीओ साहब से जांच कराने के आदेश जारी कर दिए हैं। अब थानेदार सफाई देता घूम रहा है कि उसके एक रिश्तेदार को जमीन की रजिस्ट्री करानी थी और उसने ही रुपए उन्हें रखने को दिए थे।

# महाकुम्भ से पहले प्रयागराज के सरकारी अस्पतालों का होगा कायाकल्प

● 35 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं से होगा स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ प्रयागराज

**प्रयागराज** में 2025 में आयोजित होने जा रहे महाकुंभ में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ और उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने की दिशा में योगी सरकार सतत प्रयास कर रही है । इसके लिए सरकार प्रयागराज शहर के सभी प्रमुख अस्पतालों में सुविधाओं का विस्तार करेगी। इसका खाका भी तैयार कर लिया गया है।

कुम्भ नगरी प्रयागराज में आयोजित होने जा रहे आगामी महाकुम्भ का समय जैसे-जैसे पास आ रहा हैए सरकार की तरफ से इसकी तैयारी की गहन समीक्षा भी की जा रही है। कुम्भमेला क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था के अलावा शहर में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार का खाका भी प्रशासन ने तैयार कर लिया है। संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य डॉ वीके मिश्रा के मुताबिक् शहर के सभी चार प्रमुख सरकारी अस्पतालों में हेल्थ- इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए करीब 35 करोड़ की लागत वाली कुल 18 परियोजनाओं का डीपीआर तैयार कर उन्हें शासन के पास भेज दिया गया है। शासन की अनुमति मिलते ही इनमे कार्य शुरू कर दिया जाएगा। शहर के तेज बहादुर सप्रू चिकित्सालय के लिए प्रस्तावित इस कार्य में 19 करोड़ का व्यय होना। इसके अंतर्गत यहां 40 बेड के यमुना ब्लॉक का उच्चीकरण, तीन मंजिला लिफ्ट युक्त 20 नए प्राइवेट वार्ड का निर्माण, पार्किंग का निर्माण, ब्लड . बैंक का विस्तारीकरण, परिसर की आंतरिक सड़कों का निर्माण और तीमारदारों के लिए चेयर और सेठ की सुविधा का निर्माण शामिल है। जिला महिला चिकित्सालय में 750 लाख की लागत से कार्य होंगे। इस बजट से अस्पताल में ईटीपी और नई सीवर लाइन का निर्माण, चिकित्सालय में नया लॉन्ड्री भवन का निर्माण, ओपीडी पंजीकरण के नए भवन का निर्माण, रैन बसेरा और पार्किंग का निर्माण, 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों की बैठने की सुविधा के लिए शेड का निर्माण किया जाएगा। इसी तरह इसी परियोजना में मोतीलाल नेहरू मंडलीय चिकित्सालय में भी 620 लाख के कार्य होंगे । इसमें तीन मंजिला लिफ्ट युक्त 14 नए वार्ड का निर्माण, इमरजेंसी विभाग का विस्तारीकरण, अस्पताल परिसर के अंदर सड़कों और सीवर लाइन का निर्माण शामिल है। महाकुम्भ के पहले प्रयागराज के मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में कई तरह की चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार और निर्माण होना है । कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. एस पी सिंह का कहना है कि कॉलेज के लिए एक दर्जन परियोजनाओं की शासन की ओर से सैद्धांतिक सहमति मिल चुकी है । जिन कार्यों को इन परियोजनाओं को शामिल किया गया है उसमें ओपीडी का विस्तार, डायग्नोस्टिक सेंटर और ब्लड बैंक एरिया का विस्तार, स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में तीन केंद्रीकृत आरओ प्लांट स्थापना, अल्ट्रासाउंड, एमआरआई और डिजिटल एक्स-रे की अतिरिक्त मशीने लगाना शामिल है। इन सभी परियोजनाओं का डीपीआर तैयार करके शासन की मंजूरी के लिए भेजा दिया गया है। इनके धरातल में उतरने से मरीजों को सीधे तौर पर सहूलियत मिल सकेगी।

# बिलिंग और कलेक्शन बढ़ाने के करें ठोस प्रयासः सीएम

## मुख्यमंत्री का निर्देश, हर बिजली उपभोक्ता को मिले सही बिल-समय पर बिल

● जांच के नाम पर उपभोक्ता का उत्पीड़न स्वीकार नहीं, शिकायत मिली तो होगी कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश में विद्युत उत्पादन, पारेषण एवं वितरण व्यवस्था की गहन समीक्षा की और सुचारु विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के संकल्प की पूर्ति के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में विगत 6 वर्ष में उत्तर प्रदेश का हर गांव, नगर, मजरा बिजली से रोशन हुआ है। निर्बाध बिजली आपूर्ति हो रही है। हम पूरे प्रदेश में 24 गुणे 7 आबाधित बिजली आपूर्ति के लिए संकल्पित हैं। बिजली क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए ऊर्जा के क्षेत्र में व्यापक सुधार की जरूरत है। आज विद्युत विभाग-पॉवर कॉरपोरेशन के सामने सबसे बड़ी चुनौती है सही बिल और समय पर बिल उपलब्ध कराना तथा सभी उपभोक्ताओं से बिल की राशि संग्रह करना। प्रत्येक दशा में यह सुनिश्चित किया जाए कि एक भी उपभोक्ता को गलत बिजली बिल न मिले और सभी को समय से बिल मिल जाए। ओवरबिलिंग अथवा विलंब से बिल दिया जाना उपभोक्ता को परेशान तो करती ही है, व्यवस्था के प्रति निराश भी करती है और वह बिल जमा करने के प्रति उत्साहित नहीं होता। ऐसे में समय से बिल और सही बिल दिया जाना सुनिश्चित करें। इसके लिए सभी डिस्कॉम को ठोस प्रयास करना होगा।



बिजली आपूर्ति होती रहे इसके लिए बिल का भुगतान जरूरी है। बिजली का उपभोग करने वाले हर उपभोक्ता की यह ज़िम्मेदारी है कि वह समय से बिजली बिल का भुगतान करे। ऊर्जा विभाग-विद्युत निगमों को बिल के समयबद्ध संकलन के लिए ठोस प्रयास करना होगा। बकायेदारों से लगातार संपर्क करें, संवाद करें। गांव हो या शहर, कहीं भी अनावश्यक बिजली कटौती न हो। ट्रांसफार्मर जलने/तार गिरने जैसी समस्याओं का बिना विलंब निस्तारण किया जाए। फ ीडर वाइज जवाबदेही तय की जाए। सभी डिस्कॉम के बीच बेहतर संवाद हो। बिजली चोरी करने वालों के विरुद्ध पूरी सख्ती से नियमानुकूल कार्रवाई की जाए। किंतु जांच के नाम पर उपभोक्ता का उत्पीड़न न हो। यदि ऐसी शिकायत मिली तो संबंधित अधिकारी/कार्मिक के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। लाइन लॉस को न्यूनतम रखने के लिए हर जरूरी कदम उठाए जाएं। बकायेदारों के लिए एकमुश्त समाधान की योजना लागू की जानी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नगरों में स्मार्ट मीटर लगाये जाने की कार्यवाही में तेजी अपेक्षित है। जिन घरों में अब भी बिजली कनेक्शन नहीं है उन्हें कनेक्शन दिया जाए। तकनीक के माध्यम से ऐसी व्यवस्था करें कि बिजली मीटर से कतई छेड़छाड़ न हो सके।

## महाराष्ट्र बस हादसे में मृतकों के प्रति योगी ने जताया शोक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में बस में आग लगने हुई 26 यात्रियों की मौत को लेकर शोक प्रकट किया है। उन्होंने घटना को दुभाग्यपूर्ण, दुखद और हृदय विदारक बताया है। अपने ट्विटर पर शोक संदेश के जरिए

● बस में आग की घटना को बताया दुर्भायपूर्ण

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि मुंबई-नागपुर एक्सप्रेस-वे पर एक बस में आग लगने की दुर्भाग्यपूर्ण घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुख, एवं हृदय विदारक है। सीएम ने कहा, मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान व घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें। बता दें कि महाराष्ट्र में समृद्धि महामार्ग एक्सप्रेसवे पर एक यात्री बस भीषण आग की चपेट में आ गई। इस घटना में तीन बच्चों सहित 26 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। यवतमाल से पुणे जा रही बस में कुल 33 लोग सवार थे। घटना महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में शनिवार सुबह करीब 1.30 बजे घटित हुई।

## लोक कल्याण दिवस के रूप में मनाया गया सपा मुखिया का 50वां जन्मदिन



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का 50वां जन्मदिन आज लोक कल्याण दिवस के रूप में राजधानी लखनऊ सहित पूरे प्रदेश और अन्य राज्यों में भी पार्टी कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लासपूर्ण से मनाया गया। प्रात: से ही समाजवादी पार्टी राज्य मुख्यालय में हजारों कार्यकर्ताओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सभी ने उन्हें फूलमालाओं से लाद दिया। राज पुरोहित पंडित हरी प्रसाद ने स्वस्तिवाचन कर आशीर्वाद दिया। समाजवादी पार्टी के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव ने अखिलेश यादव को जन्मदिन की शुभकामना और बधाई दी। इस अवसर पर शुभकामना और बधाई देने वाले सभी लोगों, पार्टी के नेताओं,

● देश में समाजवादी व्यवस्था लागू होः अखिलेश

कार्यकर्ताओं, परिजनों, देश, प्रदेश के सभी नेताओं का आभार प्रकट करते हुए अखिलेश यादव ने अपना स्नेह प्रकट करते हुए सभी को धन्यवाद दिया। अखिलेश यादव ने अपने जन्मदिन पर कहा कि हम सभी लोग संकल्प ले रहे है कि जो रास्ता बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर, डॉ. राममनोहर लोहिया ने और नेताजी ने दिखाया है, चलते हुए समाजवादियों ने समय-समय पर संघर्ष किया है। समाजवादी विचारधारा को मजबूत करने का जो काम किया है, उन कामों को पूरा करना है। देश में समाजवादी व्यवस्था लागू हो, जिससे गरीब, किसान, नौजवान सभी खुशहाल हो।

# विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं की जांच के लिए चलेगा विशेष अभियान

### सभी डीआईओएस व बीएसओ को निर्देश जारी, 5 से 31 जुलाई के मध्य विद्यालयों का किया जाएगा निरीक्षण, 15 दिन में देनी होगी रिपोर्ट

● विद्यालयों में शुद्ध पेयजल, मिड-डे-मील के साथ अकादमिक कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की प्रगति का भी लिया जाएगा जायजा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**ग्रीष्मकालीन** अवकाश के समापन के साथ ही योगी सरकार प्रदेश के समस्त परिषदीय, अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों एवं मदरसों में पठन-पाठन के साथ ही मध्यान्ह भोजन वितरण, अवस्थापना, सपोर्टिव सुपरविजन एवं अकादमिक कार्यक्रमों के क्रियान्वयन समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करने में जुट गई है।

इसी क्रम में सरकार ने 5 जुलाई से 31 जुलाई की अवधि में सभी विद्यालयों मे विशेष निरीक्षण अभियान संचालित किए जाने का निर्णय लिया है। निरीक्षण के दौरान देखा जाएगा कि विद्यालयों में शुद्ध पेयजल, मिड-डे-मील, शौचालय समेत अन्य जरूरी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं या नहीं। इसके अतिरिक्त शिक्षक समय पर आ रहे है कि नहीं और छात्रों की संख्या एवं उन्हें पाठ्य पुस्तकों के वितरण से संबंधित विवरण की भी जांच की जाएगी।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरण आनंद की ओर से समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को दिए गए निर्देशों में 5 से 31 जुलाई के बीच निर्धारित विशेष निरीक्षण अभियान को जपदीय अधिकारियों द्वारा महत्व प्रदान करते हुए सुनियोजित एवं प्रभावी ढंग से आयोजित कराने की आवश्यकता पर जोर दिया है। साथ ही अभियान की प्रगति की सूचना पाक्षिक रूप से 15 जुलाई तथा 31 जुलाई को अनिवार्य रूप से राज्य परियोजना कार्यालय के साथ.साथ मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण कार्यालय को उपलब्ध कराने का भी आदेश दिया गया है। इससे पूर्व भी विद्यालयों के निरीक्षण की कार्यवाही की गई है। प्रेरणा निरीक्षण मॉडयूल से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार अप्रैल 2023 में जनपद विकास खंड स्तरीय टास्क फोर्स, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों, समस्त जिला समन्वयकों, एआरपी एवं एसआरजी तथा डायट मेंटर्स द्वारा 165065 तथा मई 2023 (19 मई 2023 तक) में 122137 विद्यालयों का निरीक्षण किया गया है जो संतोषजनक स्थिति प्रदर्शित करता है।

**इन बिन्दुओं पर होगी जांच**

- विद्यालय में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता।
- बालक-बालिकाओं के लिए अलग अलग क्रियाशील शौचालय की उपलब्धता।
- कायाकल्प के अन्तर्गत 19 पैरामीटर संतृप्त है अथवा नहीं।
- मध्यान्ह भोजन उचित व्यवस्था के साथ बच्चों को वितरित किया जा रहा है अथवा नहीं।
- प्रत्येक सोमवार को फ ल तथा प्रत्येक बुधवार को दूध वितरित किया जा रहा है अथवा नहीं।
- एमडीएम रजिस्टर में दर्ज कुल छात्र-छात्राओं की संख्या।
- निरीक्षण के दिन मध्यान्ह भोजन ग्रहण करने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या।
- विगत 3 दिनों में मध्यान्ह भोजन ग्रहण करने वाले कुल छात्र-छात्राओं की संख्या।
- विद्यालय में तैनात शिक्षक, शिक्षामित्र तथा अनुदेशक की संख्या।
- अनुपस्थित शिक्षक, शिक्षामित्र तथा अनुदेशक का विवरण।
- विद्यालय में नामांकित कुल छात्र-छात्राओं की संख्या।
- नामांकन के सापेक्ष उपस्थित छात्र-छात्राओं की संख्या।
- सभी छात्र-छात्राओं को समस्त विषयों की पाठ्य पुस्तकों का वितरण हो चुका है अथवा नहीं।
- शिक्षकों द्वारा एआरपी-एसआरजी से गुणवत्तायुक्त फ ीडबैक एवं अकादमिक सपोर्ट के संबंध में संवाद किया जा रहा है अथवा नहीं।
- निरीक्षण के फलस्वरूप निरीक्षण आख्या में निरीक्षणकर्ता द्वारा अपना आंकलन उपलब्ध कराया जाए कि निरीक्षित विद्यालय कब तक 'निपुण' विद्यालय की श्रेणी में आ सकता है।

**शत-प्रतिशत निरीक्षण के निर्देश**

**इन** समस्त बिन्दुओं पर शत प्रतिशत विद्यालयों का निरीक्षण सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देश दिए गए हैं। इसमें कहा गया है कि योजनाबद्ध तरीके से समस्त परिषदीय विद्यालयों एवं समस्त सहायता प्राप्त अशासकीय विद्यालयों तथा मदरसों का शत-प्रतिशत निरीक्षण करने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा कार्य योजना दो दिन के अंदर बना ली जाएए जिसमें अधिकारीवार विद्यालयों का आवंटन स्पष्ट रूप से किया जाए। माध्यमिक शिक्षा के क्षेत्र में अधिकांश विद्यालय अशासकीय सहायता प्राप्त हैं। अत: जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा इस दिशा में नेतृत्व की भूमिका का निर्वहन किया जाए। इन सभी अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन योजना के संचालन की गहनता से समीक्षा कराई जाए। बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा नेतृत्व प्रदान करते हुए मध्यान्ह भोजन योजना के संचालन की गहनता से समीक्षा कराई जाए।

## अंबेडकर नगर हादसा

## मृतकों के परिजनों को चार चार लाख की राहत राशि तत्काल देने के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सीएम** योगी आदित्यनाथ ने अंबेडकरनगर जिले में बिजली गिरने से हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत परिवारों को चार-चार लाख रुपए की राहत राशि तत्काल वितरित किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। सीएम ने घायलों का समुचित उपचार कराने के भी निर्देश दिए हैं।

### प्रमुख सचिव गृह व डीजीपी ने चार मंडलों के अफसरों संग की कांवड़ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा

## श्रद्धालुओं व कावंड़ियो को न होने पाए किसी भी प्रकार की असुविधाः संजय प्रसाद

● संवेदनशील स्थानों पर रखी जाए विशेष निगरानीः विजय कुमार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रमुख** सचिव गृह संजय प्रसाद और डीजीपी विजय कुमार ने कांवड़ यात्रा के सकुशल आयोजन की तैयारियों के सम्बंध में प्रयागराज, कानपुर, झांसी एवं चित्रकूट मंडल के अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक करते आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने संबधित समस्त जनपदों के जिलाधिकारियों व पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा कि कावंड़यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं, कावंड़ियों व दर्शनार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाए। उन्होंने कहा कि घाटों एवं मार्गों पर साफ-सफाई एवं प्रकाश की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने घाटों, मार्गों एवं शिव मंदिरों पर सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने के साथ ही पीएस सिस्टम की भी व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने घाटों पर गोताखोर एवं जल पुलिस की आवश्यकतानुसार व्यवस्था बनाए रखने के साथ मोबाइल शौचालय एवं प्रकाश की भी समुचित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने घाटों पर गहरे जल की सीमा पर जल बैरिकेटिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। संजय प्रसाद ने कांवड़ मार्गों को ठीक बनाए रखने के साथ ही साथ मार्गों के किनारे बने हुए नालों की सफाई कराए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने कांवड़ मार्ग पर पड़ने वाले सीएचसी एवं पीएचसी में एण्टी वेनम सहित अन्य आवश्यक दवाओं की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने के साथ-साथ डाक्टरों की अनिवार्य रूप से उपस्थिति बनाए रखने के भी निर्देश दिए है। उन्होंने कांवड़ मार्ग पर अस्थायी चिकित्सा कैम्प की भी व्यवस्था कराने के लिए निर्देश दिए। डीजीपी विजय कुमार ने बैठक में निर्देशित करते हुए कहा कि ट्रैफिक एडवाइजरी समय से जारी करने तथा घाटों एवं कावंड मार्गों पर महिला पुलिस की आवश्यकतानुसार तैनाती सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने कांवड़ मार्गों पर पड़ने वाले कट-सम्पर्क मार्गों पर विशेष निगरानी एवं व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कांवड़ मार्गों पर पड़ने वाले अंधे मोड़ों पर भी साइनेज लगाने एवं वहां पर विशेष व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिए। उन्होंने नदियों के घाटों पर गहरे जल के पास बैरिकेटिंग एवं नोटिस बोर्ड लगाये जाने के निर्देश दिए। बैठक में एडीजी जोन भानु भास्कर, मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत, आईजी चन्द्र प्रकाश, पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा, जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री सहित अन्य मण्डलों के वरिष्ठ अधिकारियों ने कावंड़ यात्रा के मद्देनजर की गयी व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# समय व गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं सभी निर्माण कार्यः कपिल देव अग्रवाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● कौशल विकास मंत्री ने की प्रदेश भर के आईटीआई के कार्यों की समीक्षा

**व्यावसायिक** शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने विधानसभा सभागार में 150 आईटीआई के उन्नयन कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने टाटा टेक्नॉलाजीज लि. द्वारा आईटीआई के उन्नयन कार्यों के लिए तैयार किए गए प्रस्तुतीकरण को देखा तथा आईटीआई में निर्माण कार्यो से संबंधित कार्यदायी संस्थाओं से कार्यों की वस्तुस्थिति की जानकारी ली। कौशल विकास मंत्री ने कार्यदायी संस्थाओं द्वारा निर्माण कार्य समय से शुरू न करने पर नाराजगी व्यक्त की और निर्देश दिया कि जिन कार्यों की निविदा की कार्यवाही सम्पन्न हो चुकी है वे सभी कार्य आगामी एक सप्ताह के अन्दर शुरू कर दिए जाएं।

उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिये गये कि प्रश्नगत निर्माण कार्य अनुबन्ध की समयसीमा के अन्तर्गत पूर्ण किया जाय। सभी कार्यदायी संस्थाओं को गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य ससमय कराये जाने के निर्देश दिये गये। कौशल विकास मंत्री ने निर्देश दिये कि जिन आईटीआई के निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की भूमि विवाद, अतिक्रमण या अन्य किसी प्रकार की समस्या आ रही है उसके संबंध में संबंधित कार्यदायी संस्था द्वारा निदेशकए प्रशिक्षण एवं सेवायोजन को अवगत कराया जाय एवं संबंधित मण्डलायुक्त व जिलाधिकारी से सम्पर्क स्थापित कर उसका समाधान कर लिया जाय। उन्होंने निर्देश दिये कि जिन आईटीआई के निर्माण कार्य हेतु वर्तमान में स्वीकृति मानचित्र की निर्धारित ड्रॉईंग में अपेक्षित आंशिक संशोधन के आधार पर निर्माण कार्य किए जाने का अनुरोध किया गया है, उन आईटीआई में कार्यदायी सस्था द्वारा उपलब्ध कराये गये संशोधित ड्राईंग को लोक निर्माण विभाग से वेट कराये जाने की कार्यवाही निदेशालय के माध्यम से शीघ्र पूरी करायी जाय। टाटा टेक्नालॉजीज लि. के सहयोग से 150 आईटीआई के उन्नयन हेतु मानकीकृत व्यवस्था की लागत एवं मानचित्र के अनुसार कार्यदायी संस्थाओं को कार्य आवंटित किए गये हैं। जिसके अनुसार ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग को 37, उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि. को 22, राजकीय निर्माण निगम लि. को 31, आवास एवं विकास परिषद को 26, कान्स्ट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज को 20 तथा राज्य निर्माण सहकारी संघ लि. को 14 इस प्रकार कुल 150 आईटीआई कार्यदायी संस्थाओं को आवंटित की गयी है।

पायनियर
नई दिल्ली , रविवार, 2 जुलाई 2023



# संचारी रोग नियंत्रण अभियान का हुआ आगाज

**केंद्रीय मंत्री ने किया शुभारंभ-शहर से गुजरी जागरूकता रैली**

**संचारी रोगों को रोकने के लिए हर संभव प्रयास का लिया संकल्पए केंद्रीय मंत्री ने दिलाई शपथ**

**सामूहिक सहयोग से संचारी रोगों पर होगा नियंत्रण**



**लखीमपुर खीरी।** शनिवार को कलेक्ट्रेट से संचारी रोग नियंत्रण अभियान का भव्य आगाज हुआ। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने विधायक योगेश वर्माए डीएम महेंद्र बहादुर सिंहए एसपी गणेश प्रसाद साहाए सीएमओ के साथ अभियान का फीता काटकर शुभारंभ किया। इसके बाद जन जागरूकता रैलीए वेक्टर कंट्रोल वाहनों का फ्लैग ऑफ कर रवाना किया।

केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है। उन्होंने स्वास्थ्य के क्षेत्र में ना केवल सरकार की ओर से किए गए प्रयासों का जिक्र किया बल्कि सकारात्मक परिणाम भी गिनाएं। संचारी रोगों पर नियंत्रण के लिए सामूहिक रूप से सहयोग जरूरी है। सरकार ने भारत में स्वास्थ्य सेवा को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप बनाया है। उन्होंने स्वास्थ्य सेवा को सुलभ और सस्ती दोनों बनाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरन्तर सुविधाएं बढ़ेए इसे लेकर सरकार पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही। स्वास्थ्य के क्षेत्र में आम आदमी के खर्च को कम करने में पीएम जन औषधि केंद्रों ने सशक्त एवं महती भूमिका निभाई है।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि सभी स्वास्थ्य कर्मी अभियान के द्वारा लोगों को संचारी रोग के प्रति जागरूक करें। आपसी सामंजस्य बनाकर संचारी रोगों के नियंत्रण के लिए शुरू हो रहे इस अभियान को सफल बनाएं। इस संदर्भ में जिन विभागों को जो भी जिम्मेदारियां दी गयी हैं। उसका पूरी जिम्मेदारी के साथ पालन किया जाए।

सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने कहा कि अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य सहयोगी विभागए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के अलावा लोगों को घर.घर जाकर प्रचार.प्रसार के माध्यम से बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक किया जाए। जिससे संचारी रोगों से लोगों को ग्रसित होने से बचाया जा सके। साथ ही इस दौरान सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए । दस्तक अभियान के तहत टीमें डोर टू डोर दस्तक देकर संचारी रोगों से बचाव के लिए जागरूक करेंगी। वहीं दूसरी ओर संचारी केसों को ट्रेस करेंगी।

## संपूर्ण समाधान दिवस में सीडीओ ने सुनीं समस्याएं



**संडीला( हरदोई )।** तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में सीडीओ ने जनशिकायतें सुनकर उनपर तत्काल कार्रवाई करने के आदेश देने के साथ अधिकारियों के स्वंय न आने और अपने प्रतिनिधि भेजे जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। तहसील सभागार में आयोजित इस संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता सीडीओ सौम्या गुरूरानी ने की। उन्होनें लोगों से प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर कड़ी कार्रवाई करने के आदेश दिए। सीडीओ ने अपने संबोधन में कहा कि लोगों की शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि लोगों को बार बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। सीडीओ उस समय बहुत नाराज हुईं जब कतिपय अधिकारियों के स्थान पर उनके अधीनस्थ कर्मचारी तहसील दिवस में उपस्थित मिले। इसपर उन्होंनें कहा कि यह स्थिति अत्यंत आपत्तिजनक है और इसकी पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए। इस समाधान दिवस में कुल 82 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमें से दो का तत्काल निस्तारण कर दिया गया। इस अवसर पर एसडीएम डॉ0 दिव्या मिश्रा, सीओ अंकित मिश्रा के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे। सीडीओ ने तहसील परिसर का निरीक्षण भी किया।

## विचित्र बालक का हुआ जन्म, भीड़ उमड़ी



संडीला( हरदोई ) । एक नर्सिंग होम में जनमे विचित्र बालक को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोथांवा कस्बे में स्थित एक नर्सिंग होम में ग्राम कमलापुर निवासी रघुवीर राठौर की पत्नी मालती प्रसव हेतु भर्ती थीं। उन्होंनें एक विचित्र बच्चे को जन्म दिया। बालक की आकृति शेर जैसी थी, उसका वनज काफी अधिक था, बाल लंबे थे। हालांकि इस बालक की तत्काल मौत हो गयी। इस विचित्र बालक के जन्म की खबर जैसे ही फैली बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। तमाम तरह की चर्चाएं इस दौरान चलती रहीं।

## खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजय त्रिपाठी का हुआ स्थानांतरण

सीतापुर। खाद्य सुरक्षा एंव औषधि प्रशासन विभाग में भी तबादला एक्सप्रेस दौड़ी है। सीतापुर सहित 10 जनपदों में तैनात खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एंव औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश अनीता सिंह की तरफसे जारी की गई स्थानांतरण सूची में सीतापुर में तैनात रहे खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजय कुमार त्रिपाठी को रायबरेली के लिए इसी पद पर तबादला कर दिया गया है और पीलीभीत में तैनात सुभाष बाबू यादव को सीतापुर भेजा गया है। सीतापुर में तैनात खाद्य सुरक्षा अधिकारी कुसुम सिंह को मुख्यालय में तैनाती दी गई है।

## सीतापुर एआरटीओ प्रवर्तन रहे डॉ. उदित नारायण का गौतमबुद्ध नगर हुआ तबादला

सीतापुर ।उत्तर प्रदेश में बड़े स्तर पर तबादलो का दौर जारी है। तकरीबन हर रोज अधिकारियों कर्मचारियों के तबादले किए जा रहे है। इसी क्रम में परिवहन विभाग में भी तबादला एक्सप्रेस दौड़ी है। जिन अधिकारियों का तबादला किया गया है, उनका कार्यकाल उस जनपद में तीन वर्ष से अधिक और मंडल में 7 वर्ष से अधिक का हो चुका था। सीतापुर में तैनात रहे एआरटीओ प्रवर्तन डॉ. उदित नारायण का गौतमबुद्ध नगर के लिए तबादला हो गया है।

# सपा जनता को भाजपा से मुक्ति दिलाने को प्रतिबद्ध

**लोक कल्याण दिवस के रूप में मनाया गया सपा मुखिया का जन्म दिवस**

**संवाददाता।** सीतापुर

**सीतापुर** के सपा जिला कार्यालय पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का 50वां जन्मदिवस लोक कल्याण दिवस के रूप में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका संचालन इकबाल हुसैन अंसारी ने किया। जन्मदिवस कार्यक्रम प्रारंभ होने से पहले जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल सिंह यादव, एमएलसी जासमीर अंसारी, विधायक अनिल वर्मा, पूर्व एमएलसी आनंद भदौरिया के द्वारा जिला चिकित्सालय व् महिला चिकित्सालय में मरीजों को फल वितरित किया गया। इसके उपरांत जिला कार्यालय पर एक गोष्ठी करके उनके सतायु होने की कामना की गई। इस दौरान सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने केक काटकर एक दूसरे को खिलाया। गोष्ठी में सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन के इस शुभ अवसर पर हम सब उनके स्वस्थ और दीर्घायु होने की कामना करते हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 में समाजवादी पार्टी विजय प्राप्त करके भाजपा की नफरती राजनीती और उसकी कुनीतियों से जनता को मुक्ति दिलाने को प्रतिबद्ध है द्य समाजवादी पार्टी की भारत के संविधान में सच्ची निष्ठां है। इस दौरान जिला कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। इस मौके पर पूर्व मंत्री रामहेत भारती, पूर्व विधायक रामपाल यादव, आरपी चौहान, शब्बीर खां, प्रमोद वर्मा, अशफाक खां, कौशलेन्द्र सिंह, चंद्रशेखर यादव, राजितराम शुक्ला, अशोक यादव, रामप्रकाश यादव,रमेशचन्द्र शुक्ला, फुरकान खां, रमेश यादव, धर्मेन्द्र राजवंशी, मंशादीन यादव, रामनिवास मौर्या, असद अराफात, राकेश जोशी, मनोज राठौर, अताउल्ला अंसारी, जयसिंह यादव, वकील अहमद, योगेन्द्र तिवारी, शमीम बानो, विजय कुमार यादव, विजय बहादुर यादव, मनोज अर्कवंशी, डॉ चन्द्रभाल भार्गव, सुहैल अहमद, राजकिशोर गौतम, अरशद खां, रघुबीर यादव, अज़ीज़ अहमद, कपिल कुमार, सादिया खान, राजेंद्र यादव, राजवीर यादव, अंकित यादव, नज़ीर अहमद, कमलेश कुमार विवेक वर्मा, कुलदीप यादव, अजित सिंह, इस्तियाक हुसैन, जावेद अंसारी, मो असद अंसारी, श्याम किशोर पाल, कामरान खान, आदि लोग मौजूद रहे। सीतापुर सदर से पूर्व सपा विधायक और निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष राधेश्याम जायसवाल के पुत्र एवं प्रतिनिधि सचिन जायसवाल ने अपने तमाम समर्थकों के साथ सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस दौरान पूर्व विधायक के मालगोदाम स्थित कार्यालय पर जमा हुए सैकड़ा सपा कार्यकर्ताओं ने केक काटकर अपने नेता को शुभकामनाएं दी। इस दौरान सचिन जायसवाल द्वारा एक बैठक का भी आयोजन किया गया, जिसमें निवर्तमान सपा सरकार द्वारा कराए गए तमाम विकास कार्यों पर चर्चा की गई और 2024 के लोकसभा चुनाव में जिले की चारों लोकसभा सीटें सपा को जिताने के लिए जुट जाने का संकल्प लिया गया। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के 50 वें जन्मदिन पर सेवता विधानसभा क्षेत्र में सपाइयों ने सपा सरकार में बने उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े पुल चहलारी घाट पर केक काटकर मनाया। यह कार्यक्रम सपा छात्र सभा के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह देव और युवजन सभा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष रिजवान अहमद के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनी फरियादें, समाधान के लिए भेजी गईं टीमें



लखीमपुर खीरी। जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए जिले में शनिवार को तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। तहसील निघासन के सभागार में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एसपी गणेश प्रसाद साहाए सीडीओ अनिल कुमार सिंहए एसडीएम राजेश कुमार व अधिकारियों के साथ फरियादियों की समस्याएं सुनीं। निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण मुख्यमंत्री व शासन की प्राथमिकता है। सभी अधिकारी जनसमस्याओं के निस्तारण की गुणवत्ता व समयबद्धता पर विशेष ध्यान दें। आने वाले फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवायी कर उसका समयबद्धता के साथ निस्तारण सुनिश्चित कराये ताकि फरियादी को अनावश्यक रूप से भाग.दौड़ न करनी पड़े। समस्याओं के निस्तारण की कार्यवाही पर इस बात पर विशेष ध्यान रखा जाय कि निस्तारण की कार्यवाही से फरियादी भी संतुष्ट दिखे। डीएम.एसपी ने समाधान दिवस में आये हुए फरियादियों से समस्याओं की सुनवाई की। डीएम ने कई मामलों में समस्या निस्तारण को पुलिस व राजस्व टीमें भेजी। डीएम ने मामलों के समाधान को सम्बन्धित अफसरों को जरूरी हिदायतें दीं। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में हैए इसलिए सभी अधिकारी रूचि लेकर गुणवत्तायुक्त ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करे। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी। भूमि संबंधी मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमें मौके पर जाकर गुणवत्तापरक निस्तारण करें। डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 71 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत कियेए जिसमें चार शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 24ए पुलिस 15ए विकास 08ए नगर पंचायत 04ए आपूर्तिए कृषिए पशुपालनए शिक्षा का एक.एक शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ। जिन्हें पृष्ठाकिंत कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया। इस दौरान मुख्य रूप से सीडीओ अनिल कुमार सिंहए सीएमओ डॉ संतोष गुप्ताए डीडीओ अरविंद कुमारए एसडीएम राजेश कुमारए सीओ राजेश कुमारए तहसीलदार भीमसेन सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## एसडीएम पकज श्रीवास्तव ने सुनीं फरियादें



मोहम्मदी खीरीएउपजिलाधिकारी पकज श्रीवास्तवत की अध्यक्षता मे तहसील सभागार मे सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआएजिसमे कुल 23 शिकायते प्राप्त हुईएजिनमे से राजस्व विभाग की 12 एपुलिस की 04 ए नगर पालिका की 02ए विकास की 04एवन विभाग की 01 शिकायत प्राप्त हुई एजिसमे राजस्व विभाग 06 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया हैएआज के सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपमुख्य चिकित्सा अधिकारीए गन्ना निरीक्षक व जेबी गंजए सहायक अभियंता ग्रामीणए सहायक अभियंता लोक निर्माणए सहायक अभियंता विद्युतए चकबंदी अधिकारी मोहम्मदीए अधिशाषी अधिकारी मोहम्मदीए बरबरए सहायक विकास अधिकारी पंचायतए पसगवाए सहायक विकास अधिकारी कृषि पसगवाए ए प्रभारी निरीक्षक कोतवाली पसगवाए थानाध्यक्ष उचौलिया अनुपस्थित रहेएउपजिलाधिकारी ने बताया कि इस संबंध में जिलाधिकारी को कार्यवाही हेतु पत्र प्रेषित किया गया है

# सहकारी महासम्मेलन से जुड़े आँवला इकाई के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक



**बरेली ।** भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ द्वारा आयोजित 17वें सहकारी महासम्मेलन में आँवला इकाई मे तकनीकी भवन स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग भवन में वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक राकेश पुरी जी, एससी गुप्ता जी , वेंकट.एस.के जी सहित इफ्को के वरिष्ठ अधिकारियों ने वर्चुअली कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। इफ्को आँवला संयंत्र के सहकारिता महासम्मेलन का इस अवसर पर इकाई प्रमुख वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक श्री राकेश पुरी जी ने कहा कि दिल्ली के प्रगति मैदान में भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ द्वारा आयोजित 17वें सहकारी महासम्मेलन में भारत के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के संबोधन को वर्चुअली कार्यक्रम को बड़ी संख्या में सुना। अमृत काल –जीवंत भारत हेतु सहकार से समृद्धि विषय) पर सहकारिता के जरिए में किसानों के उत्थान हेतु क्रांतिकारी पहल की गई है । दिल्ली के प्रगति मैदान में भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 25 अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि और विश्व के कई देशों के राजदूत शामिल हुए।श्री राकेश पुरी ने बताया कि राष्ट्रीय सहकारिता महासम्मेलन में माननीय केंद्रीय सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी एवं माननीय सहकारिता राज्यमंत्री श्री बी एल वर्मा जी एवं इफ्को के माननीय प्रबंध निदेशक महोदय डॉ उदय शंकर अवस्थी,निदेशक इफ्को श्री आर पी सिंह जी की गरिमामई उपस्थिति से इफ्को परिवार खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। राष्ट्रीय सहकारिता महासम्मेलन में देश के 5 करोड़ से ज्यादा लोग वर्चुअल कार्यक्रम के जरिए जुड़े और प्रधानमंत्री जी के संबोधन को विस्तार से सुना।

# डीएम ने किया अभ्युदय क्लासेस का शुभारंभ

**शिक्षक की भूमिका में नजर आए जिलाधिकारी सिविल सर्विस की तैयारी कर रहे स्टूडेंट्स की ली क्लास**

लखीमपुर खीरी। शनिवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ;डायटद्ध में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के वर्ष 2023.24 में नये बैंच का शुभारम्भ हुआ। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह संग दीप जलाकर अभ्युदय क्लासेस का शुभारंभ किया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने शनिवार को एक टीचर के रूप में नजर आए। वह मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत सिविल सर्विस की तैयारी कर रहे प्रतिभागियों को पढ़ाते दिखे। डीएम ने सिविल सर्विस में आने वाले निबंध व जनरल स्टडी के पेपर की तैयारी के टिप्स दिए। शनिवार को करीब दो घंटे तक डीएम ने क्लास ली। उन्होने सिविल सर्विसेज में सफलता के मंत्र दिए। संवाद भी कायम किया और प्रतिभागियों की जिज्ञासाएं दूर की। उन्होंने यूपीएससी में सफलता के तैयारी करने के बारे में तो बताया हीए साथ ही यह भी बताया कि विषयों का चयन कैसे करें। नोट्स तैयार के साथ ही पत्र.पत्रिकाओं के पढ़ने से जानकारी करने के बारे में बताया। कहा कि नए युग में अब स्मार्ट फोन पर काफी कुछ मिल जा रहा हैए तैयारी काफी आसान हो सकती है। पूरी क्लास में शिक्षक की तरह डीएम नजर आए और प्रतिभागियों से पढ़ाने के दौरान जुड़ते चले गए।डीएम ने निबंधए सामान्य अध्ययन ए उत्तर लेखन में समय प्रबंधन जैसे विषयों पर टिप्स दिए। उन्होंने अभ्यर्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सिविल सेवा परीक्षा की अच्छी तैयारी के लिए प्रत्येक माह लक्ष्य बना का तैयारी करें और प्रत्येक विषय को समान समय निर्धारित करते हुए टाइम टेबिल से पढ़ाई करें। जो विषय कमजोर लग रहे हो। उस पर विशेष ध्यान देते हुए तैयारी करें।डीएम ने कहा कि रटना नहीं बल्कि पढ़ना व समझना महत्वपूर्ण है। गाइडए कुंजी का इस्तेमाल कदापि ना करें। विषय वस्तु को लिंककर आपस में जोड़कर नोट्स बनाएं। शिक्षा सरलता से अच्छी से अच्छी बुलंदी दिला सकती है। एनसीईआरटी की बुक्स पढ़कर विषय वस्तु की समझ को विकसित करें। ष्एक सीट मेरी हैष् लक्ष्य बनाकर ईमानदारी से उसे हासिल करने में जुट जाएं। सभी में प्रतिभा है बशर्ते मेहनत से उसे निखरना होगा। कॉन्फिडेंस को कतई लूज़ ना करें। जीवन में सीखने की अपार संभावनाएं हैं।कार्यक्रम में सीडीओ अनिल कुमार सिंहए जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखरए डायट प्राचार्य ब्रज भूषणए डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंहए सेवानिवृत्तए विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान वाईडी कॉलेज एससी मिश्रा ने नव अभ्यर्थियों का मार्गदर्शन किया तथा बदलते परिवेश में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं की प्रवृत्ति तथा उसमें उभरते चुनौतियों पर अभ्यर्थियों का मार्ग.दर्शन किया। शनिवार को डाइट में स्थापित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत नीट कक्ष का डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह के साथ फीता काटकर उद्घाटन किया। इस नीट कक्ष में अभ्युदय विद्यार्थी नीट प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करेंगे।

## परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद की जयंती मनाई गई



गोला गोकर्णनाथ खीरी। परमवीर चक्र विजेता शहीद वीर अब्दुल हमीद की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई ।वीर अब्दुल हमीद का जन्म आज ही के दिन उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के रामपुर गांव में सन 1933 में हुआ था। एक साधारण परिवार में वीर अब्दुल हमीद 21 दिसंबर 1954 में भारतीय सेना के ग्रेनेडियर रेजीमेंट में भर्ती हुए वीर अब्दुल हमीद को बहादुरी के लिए उन्हें पहले महावीर चक्र और फिर सेना का सर्वोच्च सम्मान परमवीर चक्र से अलंकृत किया गया। सारा देश उनकी बहादुरी को सलाम करता हैए वीर अब्दुल हमीद की जयंती पर जिला पंचायत सदस्य वारिस अली अंसारी ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया ।इस मौके पर लियाकत हुसैन एडवोकेटए कुलदीप वर्माए पिंटू अर्कवंशीए सर्वेश गौतमए नैमिष वर्माए विकास शर्मा एसानू वर्मा ए मनीष राठौरए रंजन कश्यपए सरताज अंसारीए महताब आलमए आमिर इदरीसीए अनस खानए जलील मंसूरीए हबीब मंसूरीए अयूब खानए कमल खानए बबलू अर्कवंशीए सर्वेश गौतमए आसिफअंसारी सहित दर्जनों संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।

# अखिलेश यादव का जन्मदिन कल्याण दिवस के रूप में मनाया

**संवाददाता।** बरेली



**उत्तर प्रदेश** के पूर्व सीएम अखिलेश यादव का 50 वां जन्मदिवस बरेली में आज लोक कल्याण दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर सपाइयों ने केक काटकर अपने नेता अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाया । और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की । केक के कार्यक्रम में पूर्व मंत्री भगवत शरण गंगवार , पूर्व मेयर आईएस तोमर, पूर्व विधायक शहजिल इस्लाम , पूर्व मंत्री प्रवीण सिंह ऐरन, पूर्व मंत्री अताउर रहमान के साथ तमाम सपा के कई दिग्गज रहे मौजूद ।पूर्व मंत्री सुप्रिया ऐरन ने कहा कि आज बहुत खुशी का दिन है। आज अखिलेश जी का जन्मदिन है। अखिलेश जी सभी का दिल जीत लेने वाले , सबसे कम उम्र के सीएम होने वाले, सबसे ज्यादा स्वच्छ छवि रखने वाले नेता है। उन्हें अपने पिता मुलायम सिंह की विरासत मिली है। अखिलेश जी ने आगामी चुनाव को गंभीरता से ले रहे है। उनका मुकाबला ऐसे लोगों से है जिनका पढ़ने लिखने से कोई मतलब नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि हो सकता है अगला अखिलेश जी का जन्मदिन पीएम के जन्मदिन के रूप में मनाए ।पूर्व विधायक विजय पाल ने अपने संबोधन में पूर्व सीएम को अखिलेश यादव के उज्ज्वल भविष्य की कामना की । उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा की नीति बहुत खतरनाक है। वह संविधान बदलने जा रहे है। उन्होंने ईवीएम की बदलने की भी वकालत की। आज हमें अखिलेश जी के जन्मदिन पर यह शपथ लेना है कि लोकसभा की अधिक से अधिक सीट जीतकर पार्टी को देना है ।प्रवीण सिंह ऐरन ने कहा कि आज हम अपने क्रांतिकारी नेता का जन्मदिन मनाने के लिए एकत्र हुए है। उन्होंने अखिलेश यादव को थिंक थेकर कहा । वह अखिलेश जी के जन्मदिन की अपनी बधाई देते है। निश्चित ही अखिलेश यादव केंद्रीय मंत्री मंडल में महत्वपूर्ण भूमिका में होंगे। या फिर कुछ भी हो सकता है। उन्होंने ईवीएम को लेकर निशाना साधा । उन्होंने यह भी कहा कि गुजरात में ईवीएम को क्यों रखा जाता है।

## श्री शिरडी साई रक्षा धाम की सिल्वर जुबली 2 को, पहुचेंगे बॉलीवुड और टीवी प्लेबैक सिंगर

बरेली । कुदेसिया फाटक स्थित श्री शिरडी साई रक्षा धाम के सिल्वर जुबली उत्सव की श्रृंखला में 25वी गुरु पूर्णिमा पर्व पर दो दिन के कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 2 जुलाई, रविवार को भव्य भजन संध्या का आयोजन होगा जिसमे मुंबई की सुप्रसिद्ध गायिका डॉ सुप्रिया जोशी अपनी भजन गायकी प्रस्तुत करेंगी। सुप्रिया जानी मानी बॉलीवुड और टीवी प्लेबैक सिंगर है। सारेगामा की फाइनलिस्ट रह चुकी डॉ सुप्रिया ने सत्या 2, विवाह, माय फ्रेंड गणेशा जैसी कई फिल्मों में गाने गाए हैं। टीवी की बात करें तो सीरियल बालिका वधु, देवों के देव महादेव, दुर्गा, बजरंग बली, राधा कृष्ण, आदि के गानों को सुप्रिया जोशी ने आवाज दी है। रविवार 2 जुलाई को साई मंदिर में सायं 7-9 बजे उनका कार्यक्रम रखा गया है, जिसमे बरेली के मेयर उमेश गौतम, पूर्व मेयर सुप्रिया ऐरन, एस.आर.एम.एस के चेयरमैन राम मूर्ति समेत कई गणमान्य अतिथि सम्मिलित होंगे।

## कावड़ियों की सुविधाओं के लिए सड़क को गड्ढामुक्त मेडिकल कैंप और एंबुलेंस की व्यवस्था की मांग की

बरेली । सभी जानते हैं कि 4 जुलाई से सावन माह का प्रारंभ होगा और इस माह में शिवभक्तध् कावड़िए शिव भक्त जलाभिषेक करने के लिए दूरदराज से जल लाकर शिवालयों पर चढ़ाते हैं। इन्हीं कावड़ियों को सुविधाएं मुहैया कराने हेतु करणी सेना के जिला अध्यक्ष ठाकुर राहुल सिंह ने 9 सूत्रीय मांगों को जिलाधिकारी ज्ञापन दिया ।करणी सेना की मांग है कि जिन रास्तों से कावड़ियों का आवागमन होता है उन मार्गों का रूट डायवर्जन करके एक साइड मात्र कावड़ियों के लिए छोड़ दी जाए। जिससे कावड़िये आराम कर सके। पूरे सावन माह में मीट की दुकानों को बंद करने का आदेश पारित किया जाए ।जिन मार्गों से कावड़िए गुजरे वहां पर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, विश्राम के लिए टेंटों, सड़क को गड्ढा मुक्त, जगह जगह मेडिकल कैंप और एंबुलेंस की व्यवस्था कराई जाए। मांग यह भी है कि जिन मार्गो से कांवड़िए गुजरे वहां पर सांप्रदायिक सद्भाव न बिगड़े इसके लिए उन मार्गों पर कड़ी निगरानी रखी जाए ताकि कोई शरारती तत्व माहौल को खराब न कर सके ।

# सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का मुनाफा तीन गुना बढ़ा

● नौ साल में 1.04 लाख करोड़ हुआ : सीतारमण



**भाषा**। नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि सरकार की नीतियों के कारण सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) का मुनाफा 2022-23 में बढ़कर 1.04 लाख करोड़ रुपए हो गया, जो 2014 के 36,270 करोड़ रुपए की तुलना में तीन गुना है। उन्होंने अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए इसी गति के जारी रहने की जरूरत पर प्रकाश डाला है। उन्होंने यहां पंजाब एंड सिंध बैंक के कॉरपोरेट कार्यालय का उद्घाटन करते हुए कहा कि बैंकों को सर्वोत्तम कॉर्पोरेट प्रशासन सिद्धांतों का पालन करके उपलब्धियों को आगे बढ़ाने की जरूरत है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, बैंकों को आराम से बैठकर सफलता पर जश्न नहीं मनाना चाहिए। उन्हें सर्वोत्तम कॉर्पोरेट प्रशासन नियमों का, नियामक मानदंडों का पालन करना चाहिए, विवेकपूर्ण तरलता प्रबंधन सुनिश्चित करना चाहिए और मजबूत परिसंपत्ति-देयता और जोखिम प्रबंधन पर ध्यान देना जारी रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था में बैंकों और कॉरपोरेट की ट्विन-बैलेंस शीट की समस्या दूर हो गई है। उन्होंने साथ ही जोड़ा कि मोदी सरकार के ठोस प्रयासों के कारण अब ट्विन-बैलेंस शीट का लाभ मिल रहा है। ट्विन-बैलेंस शीट की समस्या का अर्थ है कि एक ही समय में बैंकों और कॉरपोरेट की वित्तीय सेहत में गिरावट होगी। इस स्थिति में कर्ज लेने वाले और देने वाले, दोनों ही तनाव में रहते हैं। दूसरी ओर अगर कर्ज लेने वाले इसे चुकाने की स्थिति में हैं, तो यह ट्विन-बैलेंस शीट से लाभ मिलने की स्थिति है। सीतारमण ने कहा, मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि सरकार की विभिन्न पहलों के चलते ट्विन-बैलेंस शीट की समस्या दूर हो गई हैं। अब रिजर्व बैंक का मानना है कि ट्विन-बैलेंस शीट से भारतीय अर्थव्यवस्था को फायदा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद से मोदी सरकार की विभिन्न पहलों के कारण सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रदर्शन में सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि संपत्ति पर प्रतिफल, शुद्ध ब्याज मार्जिन और प्रावधान कवरेज अनुपात जैसे सभी महत्वपूर्ण मापदंडों में सुधार हुआ है।

## भीम आर्मी प्रमुख पर हमला करने के आरोप में चार आरोपी अंबाला से गिरफ्तार

**भाषा**। चंडीगढ़

**भीम आर्मी के** प्रमुख चंद्रशेखर आजाद पर हुए हमले में कथित तौर पर संलिप्त चार लोगों को हरियाणा के अंबाला से शनिवार को गिरफ्तार किया गया। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। हरियाणा के विशेष कार्यबल के उपाधीक्षक अमन कुमार ने बताया कि हरियाणा और उत्तर प्रदेश पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में इन लोगों को पकड़ा गया। चार लोगों को अंबाला के शहजादपुर इलाके से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हरियाणा निवासी विकास और उत्तर प्रदेश निवासी विकास, प्रशांत और लॉविश के तौर पर की गई है। विकास हरियाणा के करनाल जिले स्थित गौंडर गांव का निवासी है जबकि बाकी तीन उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले स्थित रणखंडी के निवासी हैं। कुमार ने बताया कि आरोपियों से कोई हथियार बरामद नहीं हुआ है।

# एनटीए की उत्तर कुंजी से विद्यार्थी नाखुश, प्रति प्रश्न 200 रुपए शुल्क लिया जा रहा

**भाषा**। नई दिल्ली

● साझा विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा

**अभ्यर्थियों** और अध्यापकों ने एक वर्ग ने दावा किया है कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा जारी की गई साझा विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) की अंतरिम उत्तर कुंजी में कई उत्तर गलत हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि एनटीए प्रति प्रश्न 200 रुपए शुल्क वसूलकर प्राप्तांक को चुनौती देने वाले विद्यार्थियों को लूट रही है। शनिवार को जब इन आरोपों के बारे में पूछा गया, तो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने कहा कि एनटीए को कुछ उत्तर के गलत होने की शिकायत मिली है और यह टाइपिंग संबंधी त्रुटि हो सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यार्थी बिना कोई शुल्क जमा किए सीधे एनटीए को ई-मेल भी भेज सकते हैं और वैध शिकायत मिलने की स्थिति में उन पर विचार किया जाएगा। कुमार ने कहा कि एनटीए दो दिन में दूसरी अंतरिम उत्तर कुंजी जारी करेगी। एनटीए ने 29 जून को सीयूईटी-2023 के लिए अंतरिम उत्तर कुंजी जारी की थी। अभ्यर्थी एक जुलाई को रात साढ़े 11 बजे तक उत्तर कुंजी के खिलाफ आपत्ति दर्ज करा सकते हैं और उन्हें उस प्रत्येक प्रश्न के लिए 200 रुपए शुल्क देना होगा, जिसके उत्तर को उन्होंने चुनौती दी है। हालांकि, कुछ विद्यार्थियों और अध्यापकों ने दावा किया है कि शुल्क वसूलना अनुचित है। उन्होंने कहा, उत्तर कुंजी में यहां तक कि कुछ मूलभूत प्रश्नों के उत्तर भी गलत हैं। और त्रुटियों के मद्देनजर आपत्तियां दर्ज करने का मौका दिए जाने से पहले संशोधित उत्तर कुंजी जारी की जानी चाहिए। अभ्यर्थी उमंग शर्मा ने कहा, एक प्रश्नपत्र में मैंने सात उत्तर गलत पाए। अब यदि मैं उन्हें चुनौती देता हूं, तो मुझे 1400 रुपए की जरूरत पड़ेगी। मेरे पास इतने पैसे नहीं हैं। कई लोगों ने कहा कि आपत्ति दर्ज कराने की प्रक्रिया बहुत जटिल है। सत्यप्रिय पांडे नाम के एक अभिभावक ने कहा कि हिंदी की परीक्षा की उत्तर कुंजी में 40 प्रश्नों के गलत उत्तर दिए गए हैं। पांडे की बेटी ने सीयूईटी परीक्षा दी थी। उन्होंने कहा, हिंदी की उत्तर कुंजी पूरी तरह से गलत है। ऐसे में क्या किया जाए? मैं कुछ समझ नहीं पा रही हूं। चुनौती देने की प्रक्रिया बहुत जटिल है। दिल्ली विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर समरेंद्र कुमार ने कहा कि छह जून को तीसरी पाली में हुई राजनीतिक विज्ञान की परीक्षा में आजाद हिंद फौज के संस्थापक के बारे में पूछा गया था और एनटीए की उत्तर कुंजी के अनुसार जवाब भगत सिंह है, जबकि सही उत्तर सुभाषचंद्र बोस है।

## क्विक न्यूज

### जगन्नाथ रथयात्रा में चेहरा पहचानने की तकनीक से पकड़े गए 90 झपटमार

**पुरी**। ओडिशा के पुरी में इस साल वार्षिक जगन्नाथ रथयात्रा के दौरान चेहरे की पहचान करने वाले सॉफ्टवेयर और भीड़ के व्यवहार का विश्लेषण करने में प्रशिक्षित पुलिस द्वारा गठित एक विशेष दल ने 90 झपटमारों को गिरफ्तार किया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने कहा कि कानून प्रवर्तकों ने चोरी किए गए 60 मोबाइल फोन उनके मालिकों को लौटाए। हाल के वर्षों में, पुलिस द्वारा बड़े आयोजनों की निगरानी के लिए चेहरे की पहचान और कृत्रिम बुद्धिमता प्रमुख उपकरण बन रहे हैं।पुरी के पुलिस अधीक्षक कंवर विशाल सिंह ने कहा, राज्य में पहली बार शुरुआती अभियान के तौर पर चेहरे की पहचान करने वाले चार कैमरे लगाए गए और एससीआरबी (राज्य अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो) को 300 असामाजिक तत्वों की जानकारी अपलोड करने के लिए भेजी। उत्सव के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ का फायदा उठाते हुए जेबकतरे और झपटमार तीर्थयात्रियों को निशाना बनाने की फिराक में रहते हैं। वे भक्तों को भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की एक झलक पाने या उनके रथों को खींचने में व्यस्त होने के दौरान निशाना बनाते हैं। सिंह ने पीटीआई-भाषा को बताया कि एक 11 सदस्ईय टीएसीटी (मंदिर कार्वाई चैन झपटमारी रोकथाम दल) का गठन किया गया है। प्रत्एक समूह में 4-6 एपीआर (सशस्त्र पुलिस रिजर्व) जवान हैं जो त्योहार के दौरान संवेदनशील क्षेत्रों में तैनात थे। दलों को भीड़ की आवाजाही के दौरान लोगों के व्यवहार संबंधी पहलुओं का निरीक्षण और विश्लेषण करने के लिए पहले से ही प्रशिक्षित किया गया था।पुलिस अधिकारी ने कहा, टेएसीटी सदस्यों को संवेदनशील स्थानों पर सादे कपड़ों में तैनात किया गया था। हमारा प्राथमिक कार्य श्रद्धालुओं का बचाव और सुरक्षा है। बुजुर्ग और महिलाएं अधिक संवेदनशील होती हैं और झपटमारों के लिए ए आसान लक्ष्य होते हैं। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार किए गए 92 झपटमारों में से 41 ओडिशा के हैं, जबकि 23 झपटमार पश्चिम बंगाल के हैं।

### जैवविविधता का संरक्षण मोदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है : पर्यावरण मंत्री

**कोलकाता**। केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने शनिवार को इस बात पर जोर दिया कि जैव विविधता का संरक्षण केन्द्र की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। भारतीय प्राणि सर्वेक्षण (जेडएसआई) के 108वें स्थापना दिवस समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए यादव ने कहा कि पिछले 10 साल में 45 आर्द्र भूमि को रामसर स्थल घोषित किया गया है और इनमें से 11 की घोषणा 2022 में हुई है। यादव ने कहा, क्षेत्रों को उनके मूल प्राकृतिक रूप में विकसित करना और जैव विविधता को बनाए रखना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। हाल ही में दूसरे महाद्वीप से चीतों को लाकर फिर से मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में बसाने के हमारे प्रयास को दुनिया भर में सराहा गया है। भारत में चीतों को विलुप्त हुए सात दशक हो चुका है और केन्द्र सरकार ने हाल ही में नामिबिया से आठ चीते लाकर कूनो राष्ट्रीय उद्यान में छोड़ा है। ऐसे ही दूसरी बार किसी अन्य महाद्वीप से चीते लाने के प्रयास के तहत दक्षिण अफ्रीका से 12 चीते लाकर कूनो राष्ट्रीय उद्यान में छोड़े गए। हालांकि, उनमें से तीन चीतों की मृत्यु हो चुकी है। उन्होंने कहा, जलवायु परिवर्तन ने मनुष्य की श्रेष्ठता के मिथक को तोड़ दिया है। हम प्रकृति से श्रेष्ठ नहीं हैं, हम इसका हिस्सा हैं। इसलिए हमें अनिवार्य रूप से इसकी रक्षा करनी चाहिए। यादव ने बताया कि जेडएसआई ने सभी 10 जैव-भौगोलिक क्षेत्रों के प्राणियों का दस्तावेजीकरण कर लिया है।

### कर्नाटक में महंतों ने धर्मांतरण-रोधी और गोहत्या कानूनों को रद्द करने के फैसले का विरोध किया

**मेंगलुरु**। दक्षिण कन्नड़ जिले के विभिन्न मठों के प्रमुखों ने धर्मांतरण-रोधी कानून और गोहत्या रोकथाम अधिनियम को रद्द करने संबंधी कर्नाटक सरकार के फैसले का कड़ा विरोध किया है। ओडियुरु मठ के गुरुदेवानंद स्वामी ने शुक्रवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि महंतों की बैठक में कर्नाटक धार्मिक स्वतंत्रता अधिकार संरक्षण अधिनियम को वापस लेने और कर्नाटक पशु वध रोकथाम एवं संरक्षण अधिनियम में संशोधन करने के फैसले को लेकर कुछ मंत्रियों के हालिया बयानों की निंदा की गई। महंतों ने मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार से आग्रह किया कि वे अधिनियमों में बदलाव के किसी भी कदम पर आगे न बढ़ें क्योंकि इससे दक्षिण कन्नड़ और कर्नाटक के अन्य जिलों में सामाजिक अशांति फैल सकती है। गुरुदेवानंद स्वामी ने इस कदम को हिंदू विरोधी करार देते हुए कहा कि सरकार को हिंदुओं की भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचानी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार इस कदम पर आगे बढ़ती है तो महंत भूख हड़ताल करेंगे। वज्रदेही मठ के प्रमुख राजशेखरानंद स्वामी ने कहा कि अगर धर्मांतरण-रोधी कानून रद्द किया जाता है या गोहत्या अधिनियम में बदलाव किया जाता है तो वे कानूनी रास्ता भी अपनाएंगे।

### केंद्र ने राज्यों से जैविक खेती को बढ़ावा देने और यूरिया का उपयोग कम करने का आग्रह किया

नई दिल्ली। केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री मनसुख मंडाविया ने शुक्रवार को राज्यों से मृदा स्वास्थ्य के संरक्षण के लिए जैविक खेती को बढ़ावा देने और रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को कम करने के प्रयास करने का आग्रह किया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मंत्री ने राज्यों से कृषि और किसानों के लिए यूरिया का अन्य क्षेत्रों में उपयोग कम करने के लिए प्रभावी कदम उठाने को भी कहा। मंडाविया ने उर्वरक क्षेत्र के संबंध में मंत्रिमंडल द्वारा हाल ही में लिए गए फैसलों पर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के कृषि मंत्रियों के साथ वर्चुअल माध्यम से बातचीत करते हुए यह बात कही। आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने 28 जून को राज्यों को वैकल्पिक उर्वरकों को बढ़ावा देने और रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को कम करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए एक नई योजना – पीएम-प्रणाम योजना को मंजूरी दी और 3.68 लाख करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ मार्च 2025 में समाप्त होने वाले तीन वर्षों के लिए वर्तमान यूरिया सब्सिडी योजना को जारी रखने का भी निर्णय लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, मंडाविया ने कहा, यह पैकेज टिकाऊकृषि को बढ़ावा देकर किसानों के समग्र कल्याण और आर्थिक भलाई पर केंद्रित है।

# मणिपुर में अगले सात से दस दिनों में सुधर जाएगी स्थिति : हिमंत

**भाषा**। डिब्रूगढ़

**असम के मुख्यमंत्री** हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को कहा कि पड़ोसी राज्य मणिपुर में अगले सात से दस दिनों में स्थिति सुधर जाएगी, क्योंकि राज्य एवं केंद्र सरकार शांति बहाली के लिए चुपचाप काम कर



रही हैं। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि विपक्षी दल तब चिंता जाहिर कर रहा है, जब इस पूर्वोत्तर राज्य में अपेक्षाकृत शांति कायम हो गई है। मणिपुर में बहुसंख्यक मेइती और अल्पसंख्यक कुकी समुदाय के बीच तीन मई को शुरू हुए जातीय संघर्ष में अब तक 100 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। यहां एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से बातचीत में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत पूर्वोत्तर लोकतांत्रिक गठबंधन (नेडा) के संयोजक शर्मा ने कहा, मणिपुर में स्थिति दिन-प्रतिदिन सुधर रही है। मेरे विचार से अगले सात से दस दिनों में स्थिति में और सुधार आएगा। उन्होंने दावा किया कि मणिपुर में पिछले महीने स्थिति में काफी सुधार आया।शर्मा ने कहा, मणिपुर सरकार और केंद्रीय गृह मंत्रालय चुपचाप काम कर रहे हैं। आप देख सकते हैं कि एक महीना पहले हिंसा का स्तर क्या था और आज क्या है। उन्होंने कहा, मैं गारंटी से कह सकता हूं कि स्थिति में काफी सुधार आया है। कांग्रेस की आलोचना करते हुए शर्मा ने कहा, जब मणिपुर में अपेक्षाकृत शांति आ गई है, तब कांग्रेस वहां के हालात के बारे में शोर मचा रही है। उसे तब आवाज उठानी चाहिए थी, जब स्थिति बेहद खराब थी।

## हम दिल्ली में विशाल बिहू नृत्य का आयोजन करेंगे

**डिब्रूगढ़( असम )**, एक जुलाई (भाषा) असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को कहा कि इस साल के शुरू में राज्य में बड़े पैमाने पर बिहू नृत्य का आयोजन करने और उसके रिकॉर्ड बुक में दर्ज होने के बाद वह अब उससे भी बड़े पैमाने पर राष्ट्रीय राजधानी में इसके आयोजन की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि राज्य सरकार द्वारा नृत्य की इस विधा को प्रोत्साहित करने के लिए उठाए जा रहे कदमों की वजह से जल्द ही बिहू देश में लोकप्रिय नृत्य विधा होगी। शर्मा विशाल बिहू नृत्य प्रस्तुति में डिब्रूगढ़ से शामिल हुए कलाकारों को सम्मानित करने के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि 13 अप्रैल को गुवाहाटी के सरुसजाई खेल परिसर में आयोजित बिहू नृत्य में 11,000 से अधिक नृत्यांगनाओं और ढोल वादकों ने हिस्सा लिया और उन्हें मान्यता देने के लिए शुक्रवार से दो दिनों तक राज्य भर में कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें विभिन्न मंत्रियों ने हिस्सा लिया। गुवाहाटी में आयोजित बिहू नृत्य ने दो गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए, पहला एक ही स्थान पर सबसे बड़ा बिहू नृत्य का आयोजन। दूसरा, एक ही स्थान पर सबसे बड़ा ढोल (पारंपरिक ताल निर्देश) वादन। शर्मा ने कहा कि सरकार दिल्ली में बिहू नृत्य का आयोजन करेगी जिसमें 25 हजार बिहू और बिहूवती (ढोल वादक और नृत्यांगना) हिस्सा लेंगे। हालांकि, उन्होंने इसकी तारीख नहीं बता



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मुलाकात करते उत्तखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी

### भारतीय वन सेवा परीक्षा में 147 अभ्यर्थी उत्तीर्णः यूपीएससी

**नई दिल्ली**। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने शनिवार को कहा कि भारतीय वन सेवा परीक्षा 2022 में 147 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया है। इसने कहा कि इनमें से 39 सामान्य वर्ग से, 21 आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस), 54 अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), 22 अनुसूचित जाति (एससी) और 11 अनुसूचित जनजाति (एसटी) से है। भारतीय वन सेवा के 150 पदों को भरने के लिए भर्ती परीक्षा आयोजित की गई थी। आयोग ने एक बयान में कहा कि यूपीएससी द्वारा 20 से 27 नवंबर 2022 तक आयोजित भारतीय वन सेवा (आईएफएस) परीक्षा, 2022 के लिखित भाग के परिणाम और इस वर्ष जून में आयोजित व्यक्तित्व परीक्षण के लिए साक्षात्कार के आधार पर 147 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है।

# अमेरिकी पत्रिका ने पश्चिम एशिया में भारत के अहम शक्ति के रूप में उभरने पर प्रकाश डाला

**भाषा**। नई दिल्ली

**प्रमुख अमेरिकी** पत्रिका फॉरेन पॉलिसी ने अपने हालिया लेख में पश्चिम एशिया में भारत के अहम शक्ति के रूप में उभरने पर प्रकाश डाला है। इसे पिछले कुछ वर्षों में इस क्षेत्र में सबसे दिलचस्प भू-राजनीतिक घटनाक्रम में से एक के रूप में देखा जा रहा है। लेख में इजराइल, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) सहित क्षेत्र के प्रमुख देशों के साथ नई दिल्ली के गहरे और बढ़ते संबंधों पर प्रकाश डाला गया है। इसमें कहा गया है कि ए देश बदलती अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में भारत के उभार का लाभ उठाने के इच्छुक नजर आ रहे हैं। लेखक स्टीवन ए. कुक ने अपने लेख में तर्क दिया कि इस बात की बेहद कम संभावना है कि अमेरिका इस घटनाक्रम में हस्तक्षेप कर सकता है। लेख में कहा गया कि अमेरिका इस घटनाक्रम से लाभ भी उठा सकता है। कुक ने जोर दिया, यदि अमेरिका के पश्चिम एशियाई साझेदार वाशिंगटन के विकल्प की तलाश में हैं, तो बेहतर होगा कि नई दिल्ली इन विकल्पों में से एक हो। उन्होंने कहा, अमेरिका अब इस क्षेत्र में निर्विवाद रूप से सबसे शक्तिशाली नहीं रह सकता, लेकिन भारत के पश्चिम एशिया में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने की सूरत में, न तो रूस और न ही चीन वह भूमिका निभा सकते हैं। लेखक ने लगभग एक दशक पहले की अपनी भारत यात्रा को याद करते हुए जिक्र किया कि उस समय उनके मन में यह बात आई थी कि भारतीय पश्चिम एशिया में बड़ी भूमिका निभाना नहीं चाहते हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि उनकी यात्रा के 10 साल बीत जाने के बाद अब चीजें बदल चुकी हैं। कुक ने लिखा, अमेरिकी अधिकारी और विश्लेषक बीजिंग के हर कूटनीतिक कदम को लेकर सचेत हैं तथा पश्चिम एशिया में चीनी निवेश को संदेह की नजर से देखते हैं, जबकि वाशिंगटन पिछले कुछ वर्षों में इस क्षेत्र के सबसे दिलचस्प भू-राजनीतिक घटनाक्रम में से एक की अनदेखी करता रहा है: पश्चिम एशिया में भारत का अहम शक्ति के रूप में उभार। लेख में कहा गया है कि जहां तक खाड़ी देशों की बात है, तो यूएई और सऊदी अरब, भारत के साथ संबंधों का विस्तार करने के तरीके तलाश रहे हैं। इसमें कहा गया कि यह विशेष तौर पर सऊदी अरब के संदर्भ में बेहद महत्वपूर्ण है जिसके लंबे समय से पाकिस्तान के साथ अच्छे संबंध रहे हैं। लेख के मुताबिक, भारत की ओर झुकाव का कारण कुछ हद तक इस्लामी चरमपंथ को रोकने में साझा रुचि हो सकती है, लेकिन प्रभावी कारण आर्थिक तौर से प्रभावित होता है। लेख में भारत और इन दोनों देशों के बीच बढ़ते आर्थिक संबंधों पर खास तौर से ध्यान केंद्रित किया गया है।

# सुप्रीम कोर्ट तय करेगा कि समाधान पेशेवर पर जनसेवक की तरह मुकदमा चल सकता है या नहीं

**भाषा**। नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने झारखंड न्यायालय के उस आदेश को चुनौती देने वाली एक अर्जी पर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जवाब मांगा है जिसमें कहा गया है कि दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता के तहत समाधान पेशेवर एक जनसेवक होता है और उस पर भ्रष्टाचार रोकथाम अधिनियम के तहत सुनवाई की जा सकती है। उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की अवकाशकालीन पीठ ने एक याचिका पर सीबीआई को नोटिस जारी किया है। याचिका में उच्च न्यायालय के पांच अप्रैल के आदेश को चुनौती दी गई है।इस याचिका में अनुरोध किया गया है, विशेष अनुमति याचिका पर प्रतिवादी को नोटिस जारी किया जाए। शीर्ष अदालत संजय कुमार अग्रवाल की याचिका पर सुनवाई कर रही है। अग्रवाल ने झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी है।याचिका में कहा गया है, इस याचिका में कानून का एक महत्वपूर्ण प्रश्न उठाया गया है जिसके भारत की विभिन्न अदालतों के समक्ष लंबित विभिन्न कार्यवाही के दूरगामी प्रभाव हो सकते हैं। वह यह प्रश्न यह है कि क्या दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता के तहत समाधान पेशेवर भ्रष्टाचार रोकथाम अधिनियम के अंतर्गत एक जनसेवक होता है और इस तरह उस पर इस अधिनियम के तहत अदालती कार्यवाही एवं मुकदमा चलाया जा सकता है। उच्च न्यायायल ने व्यवस्था दी थी कि समाधान पेशेवर भ्रष्टाचार रोकथाम अधिनियम के तहत जनसेवा का कार्य करता है, इसलिए जनसेवक पर मुकदमा चलाया जा सकता है।

### निज्जर की हत्या के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान कई हिरासत में

**अमृतसर**। पंजाब के अमृतसर मे स्वर्ण मंदिर के निकट शनिवार को पुलिस ने कट्टरपंथी संगठन दल खालसा के कई सदस्यो को हिरासत मे ले लिया। परमजीत सिंह मंड की अगुवाई मे ए कार्यकर्ता खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) के प्रमुख हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर अपना विरोध दर्ज कराने के लिए देश की खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के कार्यालय जा रहे थे।गौरतलब है कि कनाडा मे 19 जून को अज्ञात व्यक्तियो ने एक गुरुद्वारे के बाहर गोली मारकर निज्जर की हत्या कर दी थी। वह भारत के अति वांछित आतंकवादियो मे एक था और उस पर 10 लाख रुपए के इनाम की घोषणा की गई थी।

### बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर के बड़े भाई भाजपा में हुए शामिल

**पटना**। बिहार के शिक्षा मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता चंद्रशेखर के बड़े भाई रामचंद्र प्रसाद यादव भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मे शामिल हो गए है। रामचंद्र प्रसाद यादव ने दावा किया कि लालू प्रसाद की पार्टी राजद ने दलितो और वंचितो के उत्थान के लिए कुछ नही किया। यादव शुक्रवार को यहां प्रदेश भाजपा इकाई मुख्यालय मे पार्टी के वरिष्ठ नेताओ की मौजूदगी मे भाजपा मे शामिल हुए। यादव ने भाजपा मे शामिल होने के बाद संवाददाताओ से कहा कि यदि भाजपा उन्हें मधेपुरा विधानसभा सीट से टिकट देती है, जिसका प्रतिनिधित्व वर्तमान मे उनके छोटे भाई कर रहे है, तो वह निश्चित रूप से वहां से राजद के खिलाफ चुनाव लड़ेगे।

### एआईएम में समर इंटर्नशिप प्लेसमेंट्स में शानदार सफलता

**कोलकाता**। भारत के प्रीमियर बी-स्कूल्स में से एक आर्मी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (एआईएमके) ने अपने समर इंटर्नशिप प्लेसमेंट प्रोसेस (एसआईपी) के समापन की घोषणा की है। यह उनके फुल-टाइम एमबीए प्रोग्राम के 115 स्टूडेंट्स (26वां बैच) की कक्षा के लिए था। एआईएमके ने मौजूदा 2024 बैच के लिए स्टाइपेंड के साथ 100% प्लेसमेंट की उपलब्धि हासिल की है। इस समर प्लेसमेंट प्रोसेस में लगभग 60+ घरेलू और अंतरराष्ट्रीय कंपनियां शामिल हुई थीं। ज्यादा ऑफर्स देने के मामले में कुछ शीर्ष नियोक्ताओं में, आईटीसी लिमिटेड, पीएनबी मेटलाइफ और पैंटालून्स थे। मेजर जनरल वीएस रानाडे (सेवानिवृत्त), डायरेक्टर, एआईएमके का कहना है, हमने हाल ही एक और अविश्विसनीय रूप से सफल समर प्लेसमेंट चक्र पूरा किया है। 2 अप्रैल 2023 से शुरू हुए 2 महीने की इंटर्नशिप अवधि के ठीक पहले समर इंटर्नशिप प्लेसमेंट समाप्त होने जा रहा है।

# यूसीसी लागू करने का यह सही समय, विपक्ष को सांप्रदायिक राजनीति से दूर रहना चाहिए : नक्वी

**भाषा**। नई दिल्ली

**वरिष्ठ भाजपा** नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने शनिवार को कहा कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने का यह सही समय है। नकवी ने कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि वे अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनें और सांप्रदायिक राजनीति से दूर रहें। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, इस समावेशी सुधार को लागू करने का यह सही समय है। इस कानून के लिहाज से यह अभी या कभी नहीं की स्थिति है। उन्होंने कहा कि यूसीसी सभी के लिए समानता और न्याय सुनिश्चित करेगा। यूसीसी का आशय एक साझा कानून से है जो देश के सभी नागरिकों पर लागू होता है और विवाह, विवाह विच्छेद, उत्तराधिकार और गोद लेने समेत अन्य निजी मामलों से निपटने में यह धर्म पर आधारित नहीं होगा। देश का मिजाज सांप्रदायिक साजिश करने वाले उन लोगों के शिकंजे से स्वतंत्र यूसीसी बनाना है, जिन्होंने इसे पिछले सात दशकों से अपनी संकीर्ण मानसिकता और स्वार्थ के लिए बंधक बना रखा है। विपक्षी दलों की आलोचना करते हुए भाजपा नेता ने कहा, यूसीसी जैसे प्रगतिशील कानून को लेकर संप्रदायिक राजनीति का एकमात्र मुंहतोड़ जवाब अंतरात्मा की आवाज सुनना है। यूसीसी सभी के लिए समानता और न्याय सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सांप्रदायिक भ्रम और यूसीसी पर विरोधाभास को दूर करने के लिए विपक्षी दलों को अपनी अंतरात्मा की आवाज सुननी चाहिए। नकवी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस द्वारा वर्ष 1985 में की गई क्षणभर की गलती देश के लिए दशकों तक का दंड बन गई, जब इस पार्टी ने शाह बानो मामले में समावेशी सुधार पर सांप्रदायिक हमले के लिए संसद में अपने संख्या बल का दुरुपयोग किया था।



भगवान अमरनाथ के दर्शन को जाते श्रद्धालु

# पाकिस्तानी एजेंट को सूचना देने के आरोपी डीआरडीओ के वैज्ञानिक के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल

**पुणे ( महाराष्ट्र )**। महाराष्ट्र पुलिस के आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने पाकिस्तानी इंटेलिजेंस ऑपरेटिव (पीआईओ) को गोपनीय सूचना उपलब्ध कराने के आरोपी रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के वैज्ञानिक प्रदीप कुरुलकर के खिलाफ शुक्रवार को आरोप पत्र दाखिल किया। कुरुलकर के वकील ने हालांकि उनके आवाज विश्लेषण सहित कुछ जांच की अनुमति से संबंधित अभियोजन पक्ष की याचिका का विरोध किया। लोक अभियोजक विजय फरगड़े ने पीटीआई-भाषा से कहा कि करीब 1,000 से अधिक पन्नों के आरोपपत्र में आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम की धारा तीन (जासूसी के लिए दंड), चार (विदेशी एजेंट के साथ संचार) और पांच (गलत संचार) के तहत आरोप शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इसमें कहा गया है कि कुरुलकर ने जारा दासगुप्ता नाम से काम कर रही एक पाकिस्तानी एजेंट को गोपनीय सूचनाएं दीं।

# वेस्टइंडीज के बिना खेला जाएगा वनडे विश्व कप

● क्वालीफाइंग मुकाबले के सुपर सिक्स चरण में स्कॉटलैंड से सात विकेट से हारा

भाषा। हरारे




**वेस्टइंडीज** वनडे विश्व कप के इतिहास में पहली बार टूर्नामेंट का हिस्सा नहीं होगा, वह क्वालीफाइंग मुकाबले के सुपर सिक्स चरण में शनिवार को स्कॉटलैंड से सात विकेट की हार के साथ ही बाहर हो गई। दो बार की चैम्पियन वेस्टइंडीज इस नतीज से अपने निचले स्तर पर पहुंच गई है टूर्नामेंट के 48 वर्षों के इतिहास में यह पहली बार है कि 1975 और 1979 की चैम्पियन वेस्टइंडीज सीमित ओवरों के क्रिकेट में शीर्ष 10 टीमों में शामिल नहीं होगी। स्कॉटलैंड के खिलाफ शनिवार को वेस्टइंडीज की बल्लेबाजी नहीं चली। पूरी टीम 43.5 ओवर में 181 रन पर आउट हो गई। स्कॉटलैंड ने 6.3 ओवर बाकी रहते तीन विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। ऐसा पहली बार होगा जब 1975 से शुरु हुए वनडे विश्व कप में वेस्टइंडीज टीम नहीं खेलेगी। वनडे विश्व कप पांच अक्टूबर से भारत में 10 स्थलों में खेला जाएगा। यह वेस्टइंडीज के खिलाफ चार मैचों में स्कॉटलैंड की पहली जीत है। क्लाइव लॉयड की वेस्टइंडीज टीम ने विश्व कप के पहले दो चरण में ट्राफी जीती थी और 1983 का फाइनल खेला था जिसमें भारत ने उसे शिकस्त दी थी। लक्ष्य का पीछा करते हुए मैट क्रास (107 गेंद में नाबाद 74) और ब्रेंडन मैकमुलेन (106 गेंद में 69 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 125 रन की साझेदारी कर टीम की जीत की नींव रखी। अब दो और मैच ही बचे हैं और अगर वेस्टइंडीज जीत भी जाती है तब भी वह चार अंक तक ही पहुंच पाएगी जबकि श्रीलंका और जिम्बाब्वे के तीन मैचों में छह छह अंक हैं। स्कॉटलैंड के इस जीत से चार अंक हैं और वह उम्मीद करेगी कि कोई उलटफेर उन्हें टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करा दे। पिछले दो दशक से वेस्टइंडीज के क्रिकेट में गिरावट आ रही थी। उन्होंने 2012 और 2016 में दो टी20 विश्व कप जीते थे लेकिन टेस्ट और वनडे में उनका प्रदर्शन गिरता ही जा रहा था। विडंबना यह है कि वेस्टइंडीज को 2019 विश्व कप से पहले भी क्वालीफायर खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा था, लेकिन अंत में वह खुद को शर्मिंदगी से बचाने में सफल रहा और उसने अफगानिस्तान के साथ शीर्ष दो में रहकर क्वालीफाई किया।

## होप ने खिलाड़ियों के रवैए पर सवाल उठाए

**हरारे।** वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने शनिवार को भारत में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए क्वालिफाई करने की दौड़ से बाहर होने के बाद अपने खिलाड़ियों के रवैए और उनकी तैयारी पर सवाल उठाए। दो बार की विजेता वेस्टइंडीज 48 साल में पहली बार 50 ओवर के विश्व कप का हिस्सा नहीं होगी जिसकी शुरुआत 1975 में हुई थी। होप ने वेस्टइंडीज के बाहर होने के बाद प्रसारक से कहा, ईमानदारी से कहूं तो मैं सिर्फ एक चीज पर ही उंगली नहीं उठा सकता। हमने निश्चित रूप से टूर्नामेंट में खुद को निराश किया। यह वास्तव में रवैए की बात है। हमने हर बार अपना शत प्रतिशत नहीं दिया, हमने ऐसा सिर्फ टुकड़ों में किया। मुझे लगता है कि क्षेत्ररक्षण रवैए की बात है, कैच छूट जाते है, खराब क्षेत्ररक्षण होता है लेकिन यह खेल का हिस्सा होता है।

## राज्य इकाईयों के ट्रेनर एनसीए के लेवल एक परीक्षण के लिए उपस्थित हुए

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) से मान्यता प्राप्त इकाईयों के करीब 114 स्ट्रेंथ एवं कंडिशनिंग कोच खुद को अपग्रेड करने के लिए हाल में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी द्वारा आयोजित किए गए लेवल एक परीक्षण के लिए उपस्थित हुए। एनसीए ने आस्ट्रेलियन स्ट्रेंथ एंड कंडिशनिंग एसोसिएशन (एएससीए) के साथ मिलकर यह परीक्षण आयोजित किया। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने हाल में जिक्र किया था कि नीतिन पटेल की अध्यक्षता वाली एनसीए की खेल विज्ञान टीम एक यूनीफॉर्म ट्रेनिंग माड्यूल बनाने की कोशिश में जुटी है जिसका राज्य अनुकरण करें क्योंकि इससे राष्ट्रीय टीम को मदद मिलेगी। भविष्य में बीसीसीआई चाहेगा कि सभी राज्य एनसीए द्वारा प्रमाणित कोच को नियुक्त करे। इस कार्यक्रम का नाम बीसीसीआई एएससीए क्रिकेट स्पेसिफिक स्ट्रेंथ एंड कंडिशनिंग कोर्स है।

## मनिका, शरत डब्ल्यूटीटी जगरेब कंटेंडर से बाहर हुए

**जगरेबे।** भारत के शीर्ष महिला और पुरुष टेबल टेनिस खिलाड़ी क्रमशः मनिका बत्रा और अचिंत शरत कमल डब्ल्यूटीटी कंटेंडर के अपने-अपने प्री-क्वार्टर फाइनल मैच हार गए जिससे एकल वर्ग मे देश की चुनौती शनिवार को यहां समाप्त हो गई।मनिका और शरत को अपने से बेहतर रैंकिंग वाले प्रतिद्वंदियों के खिलाफ 0-3 के समान अंतर से हार का सामना करना पड़ा। मनिका को विश्व रैंकिंग मे 11वें स्थान पर काबिज शिन यूबिन ने 13-11, 11-5, 16-14 से हराया जबकि विश्व रैंकिंग मे 16वें स्थान के खिलाड़ी चीन के लिन शिडोंग ने शरत को एकतरफा मुकाबले में 11-6, 11-7, 11-5 से शिकस्त दी।

## पाकिस्तान विश्व कप स्थलों के निरीक्षण के लिए सुरक्षा प्रतिनिधिमंडल भारत भेजेगा

**कराची।** पाकिस्तान इस साल के आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) एकदिवसीय विश्व कप के लिए अपनी टीम को यात्रा मंजूरी देने से पहले आयोजन स्थलो का निरीक्षण करने के लिए एक सुरक्षा प्रतिनिधिमंडल भारत भेजने की तैयारी कर रहा है। अंतर-प्रांतीय समन्वय (खेल) मंत्रालय के एक आधिकारिक सूत्र ने कहा कि ईद की छुट्टियो के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के नए अध्यक्ष के चुने जाने के बाद विदेश और गृह मंत्रालय सहित सरकार तय करेगी कि सुरक्षा प्रतिनिधिमंडल को भारत कब भेजा जाए। इस सूत्र ने कहा, सुरक्षा प्रतिनिधिमंडल पीसीबी के प्रतिनिधित्व के साथ उन स्थानो का निरीक्षण करने जाएगा जहां विश्व कप के दौरान पाकिस्तान खेलेगा। यह प्रतिनिधिमंडल सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओ का भी निरीक्षण करेगा। उन्होंने कहा कि प्रतिनिधिमंडल 15 अक्टूबर को भारत-पाकिस्तान मैच के आयोजन स्थल चेन्नई, बेंगलुरु, हैदराबाद, कोलकाता और अहमदाबाद का दौरा करेगा। उन्होने कहा, भारत के किसी भी दौरे से पहले क्रिकेट बोर्ड के लिए सरकार से अनुमति लेने का चलन है। सरकार दौरे से पहले आम तौर पर भारत मे एक प्रतिनिधिमंडल भेजती है। प्रतिनिधिमंडल मैच स्थल के अधिकारियों से बातचीत करेगा और टूर्नामेंट के लिए जाने वाले हमारे खिलाड़ियों, अधिकारियो, प्रशंसकों और मीडिया के लिए सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओ पर चर्चा और निरीक्षण करेगा। उन्होंने कहा कि अगर प्रतिनिधिमंडल को लगेगा कि पाकिस्तान के लिए निर्धारित स्थान के बजाय किसी अन्य स्थान पर खेलना बेहतर होगा, तो वह अपनी रिपोर्ट मे इसका उल्लेख करेगा। उन्होने कहा, अगर प्रतिनिधिमंडल को कोई चिंता है तो पीसीबी रिपोर्ट को आईसीसी और बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के साथ साझा करेगा। पीसीबी के एक सूत्र ने पुष्टि की कि जब पिछली बार पाकिस्तान टी20 विश्व कप के लिए भारत गया था, तो सरकार ने आयोजन स्थलो का निरीक्षण करने के लिए एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल भेजा था।

## रेस के दौरान नीदरलैंड के फार्मूला कार चालक की मौत

**स्पा फ्रैंकोरचैम्प्स।** नीदरलैंड के 18 साल के फार्मूला कार चालक डिलानो वान टी हॉफ की शनिवार को बेल्जियम मे फॉर्मूला क्षेत्रीय यूरोपीय चैम्पियनशिप में दुर्घटना के बाद मृत्यु हो गई। एमपी मोटरस्पोर्ट का यह ड्राइवर स्पा-फ्रैंकोरचैम्प्स सर्किट मे सुबह की रेस में प्रतिस्पर्धा कर रहा था। रेस के आयोजको ने यहां जारी बयान मे कहा, इस आयोजन से जुड़ा हर व्यक्ति इस खबर से आहत है कि डिलानो वैन टी हॉफ ने फॉर्मूला रीजनल ईयू रेस के दौरान दुर्घटना मे अपनी जान गंवा दी।

## एफसी गोवा ने मिडफील्डर पाउलो रेट्रे से करार किया

**पणजी।** एफसी गोवा ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के आगामी सत्र के लिए शनिवार को आस्ट्रेलियाई मिडफील्डर पाउलो रेट्रे से करार किया। एफसी गोवा ने पाउलो (30 वर्ष) के पूर्व क्लब सिडनी एफसी से जिस ट्रांसफर राशि पर सहमति जताई है, उसका खुलासा नही किया है। पाउलो अपने पूर्व क्लब के साथ 2019 और 2020 में दो बार ए-लीग जीत चुके है। इस विंडो में एफसी गोवा ने टीम में यह छठा खिलाड़ी शामिल किया है।

## साइ ने ओलंपियन मुक्केबाज विकास कृष्ण की मदद की

**पटियाला।** खेल मंत्रालय की केंद्रीय एथलीट चोट प्रबंधन प्रणाली (सीएआईएमएस) के तहत भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने ओलंपियन मुक्केबाज विकास कृष्ण को लगी चोट के बाद त्वरित जांच और सर्जरी कराने में सहायता प्रदान की है। विकास साइ के एनएसएनआईएस पटियाला केंद्र मे चल रहे मुक्केबाजी राष्ट्रीय शिविर का हिस्सा हैं। 23 जून को एक स्पारिंग (अभ्यास) सत्र के दौरान उनका बायां हाथ चोटिल हो गया। उन्हे यह चोट कोहनी और कंधे के बीच लगी थी।

## दीक्षा व प्राणवी को लेडीज ओपन गोल्फ में कट

**सियुनटियो (फिनलैंड)।** भारतीय महिला गोल्फर दीक्षा डागर यहां लेडीज यूरोपीय टूर के दूसरे दौर में शानदार प्रदर्शन के दम पर कट मे जगह बनाने मे सफल रही। दीक्षा के साथ भारत की प्राणवी उर्स ने भी कट मे जगह बनाई। शुरुआती दौर मे दो ओवर का निराशाजनक स्कोर करने वाली दीक्षा ने दूसरे दौर मे शानदार वापसी करते हुए चार अंडर 68 का कार्ड खेला। वह कुल दो अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 32वें स्थान पर है। शुरुआती दौर मे एक अंडर 71 का कार्ड खेलने वाली प्राणवी ने दूसरे दौर मे पार 72 का स्कोर किया।

## गंडास और शुभंकर ब्रिटिश मास्टर्स में कट से चूके

**बेलफ्राइ (ब्रिटेन)।** भारतीय गोल्फर मनु गंडास और शुभंकर शर्मा ब्रिटिश मास्टर्स के कट मे जगह बनाने मे नाकाम रहे। पहले दौर मे 73 का स्कोर करने वाले गंडास ने दूसरे दिन भी यही स्कोर बनाया। उन्होंने दूसरे दौर मे चार बोगी और तीन बर्डी लगाई और एक शॉट से कट से चूक गए। उनका कुल स्कोर दो ओवर का रहा जबकि कट एक ओवर का था जिसमें 79 खिलाड़ियों ने जगह बनाई। शर्मा ने अपने पहले दौर मे निराशाजनक 77 का कार्ड खेलने के बाद दूसरे दौर मे 72 के स्कोर के साथ कुछ बेहतर प्रदर्शन किया लेकिन यह कट मे जगह बनाने के लिए नाकाफी रहा।

## त्रिवेणी कांटिनेंटल किंग्स चेस लीग फाइनल में

**दुबई।** त्रिवेणी कांटिनेंटल किंग्स शनिवार को यहां पांच बार के विश्व चैम्पियन विश्वनाथन आनंद की अगुआई वाली गैंजेस ग्रैंडमास्टर पर 11-6 की जीत से ग्लोबल चेस लीग (जीसीएल) के शुरुआती चरण के फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली टीम बनी। दिन के एक अन्य मैच मे चिंगारी गल्फ टाइटन्स ने एसजी एल्पाइन वारियर्स को 8-7 से शिकस्त दी। त्रिवेणी का जीत की दौड़ मे बने रहने के लिए एक जीत की दरकार थी जबकि गैंजेस ग्रैंडमास्टर के लिए एक ड्रा भी काफी होता। पहले गेम मे लेवोन अरोनियन और आनंद ने ड्रा खेला। सारा खादेम ने त्रिवेणी के लिए बड़ी जीत दर्ज की जब उन्होंने बेला खोटेनाश्विली को हराया।

# भारत सैफ फुटबाल के फाइनल में पहुंचा

● कुवैत से होगी भिड़ंत, बांग्लादेश व लेबनाान हारे



भाषा। बेंगलुरु

भारतीय फुटबॉल टीम ने शनिवार को यहां लेबनान को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराकर सैफ चैम्पियनशिप फाइनल में प्रवेश किया। अब चार जुलाई को फाइनल में मेजबान टीम का सामना कुवैत से होगा जिसने दूसरे सेमीफाइनल में बांग्लादेश को।-0 से पराजित किया। भारतीय टीम ने लगातार सैफ चैम्पियनशिप के फाइनल में जगह बनाई। भारत और लेबनान निर्धारित समय के बाद एक्स्ट्रा टाइम में भी गोल नहीं कर सकीं जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट से फैसला हुआ। शानदार फॉर्म में चल रही भारतीय टीम के लिए करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री, अनवर अली, नाओरेम महेश सिंह और उदांता सिंह कुमाम ने गोल किए। वहीं लेबनान के लिए वालिद शऊर और मोहम्मद सादेक ही गोल कर सके जबकि हसन मातोक और खलील बदेर चूक गए।इससे पहले कुवैत ने अब्दुल्लाह अल ब्लोशी के गोल की बदौलत शनिवार को यहां बांग्लादेश को।-0 से हराकर सैफ फुटबॉल चैम्पियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया। कुवैत के लिए अब्दुल्लाह ने पहले हाफ के अतिरिक्त समय के अंत में विजई गोल दागा। अब उसका सामना चार जुलाई को होने वाले फाइनल में भारत या लेबनान से होगा। इस गोल से पहले दोनों टीमों ने अच्छे मौके गंवा दिए। दूसरे हाफ में बांग्लादेश ने वापसी करने की कोशिश की लेकिन कुवैत के गोलकीपर अब्दुल रहमान की सतर्कता से उसकी सारे प्रयास नाकाम रहे।

# चोटिल लियोन ने बल्लेबाजी की

● एशेज : आस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को दिया 371 रन का लक्ष्य

भाषा। लंदन



**चोटिल नाथन** लियोन ने क्रीज पर लड़खड़ाते हुए बल्लेबाजी की जिससे आस्ट्रेलिया ने 15 रन जोड़कर शनिवार को यहां दूसरे एशेज टेस्ट के चौथे दिन चाय तक दूसरी पारी 279 रन पर समाप्त कर इंग्लैंड को जीत के लिए 371 रन का लक्ष्य दिया। लियोन चार रन पर आउट होने वाले अंतिम खिलाड़ी रहे, उनके योगदान से आस्ट्रेलियाई पारी 279 रन पर खत्म हुई। गुरूवार को लियोन की मासंपेशियों में खिंचाव आ गया था और इस विशेषज्ञ स्पिनर के टेस्ट मैच के बाकी हिस्से में खेलने की उम्मीद नहीं थी। लेकिन जब वह पैड बांधकर आस्ट्रेलियाई पारी में बल्लेबाजी करने उतरे तो दर्शक हैरान हो गए और उनका तालियां बजाकर स्वागत किया। वह 27 मिनट तक क्रीज पर टिके रहे। पिछले सत्र में इंग्लैंड ने एजबेस्टन में भारत के खिलाफ 378 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया था। आस्ट्रेलिया ने दूसरे सत्र में 31.1 ओवर में केवल 57 रन जोड़े। इंग्लैंड ने सुबह के सत्र में शार्ट गेंदबाजी का फायदा उठाते हुए आस्ट्रेलिया के तीन विकेट झटक लिए। ड्रिंक्स के आधे घंटे के अंदर बीती रात से खेल रहे उस्मान ख्वाजा (77) के अलावा स्टीव स्मिथ और उनके बाद ट्रेविस हेड भी पवेलियन पहुंच गए। आस्ट्रेलिया ने बीती रात दो विकेट पर 130 रन के स्कोर से खेलना शुरु किया। ख्वाजा और स्मिथ अपनी टीम को 187 रन तक ले गए, जिसके बाद इंग्लैंड के गेंदबाजों ने शार्ट गेंदबाजी करने की रणनीति अपनाई। इंग्लैंड ने स्कायर के पीछे छह क्षेत्ररक्षकों को लगाकर इन दोनों बल्लेबाजों को आउट करने का जाल बिछाया। ए दोनों बल्लेबाज ड्रिंक्स के बाद पुल और हुक शॉट खेलने के लालच में आ गए और विकेट गंवा बैठे। स्टुअर्ट ब्राड का दिन का पहला ओवर था। ख्वाजा ने उनकी गेंद पर शॉट लगाने की कोशिश की और फाइन लेग पर खड़े स्थानापन्न खिलाड़ी मैथ्यू पॉट्स ने उनका कैच लपक लिया। इससे ख्वाजा की 188 गेंद में 77 रन की पारी खत्म हुई। हेड क्रीज पर उतरे और पहली ही गेंद पर गली में खड़े जेम्स एंडरसन ने उनका कैच छोड़ दिया। एंडरसन ने पारी में दूसरी बार कैच छोड़ा। लेकिन अगली गेंद पर स्मिथ (34 रन) ने जोश टंग की गेंद को उठा दिया जो सीधे डीप बैकवर्ड स्क्वायर पर जाक क्राउले के हाथों में चली गई। स्मिथ को अपनी गलती का अंदाजा हो गया था। हेड (07) फिर ब्राड की गेंद पर शार्ट लेग में कैच देकर पवेलियन लौट गए। जो रूट ने एक हाथ से शानदार कैच लपका। यह उनका 176वां कैच था जिससे उन्होंने एलिस्टर कुक को इंग्लैंड के टेस्ट इतिहास में सर्वाधिक कैच लपकने के मामले में पछाड़ दिया। आस्ट्रेलियाई टीम ने 197 रन पर पांच विकेट गंवा दिए।

# उत्तर क्षेत्र सेमीफाइनल में

● दलीप ट्राफी ● पूर्वोत्तर क्षेत्र को 511 रन से रौंदा

**बेंगलुरु।** उत्तर क्षेत्र ने दलीप ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल में चार दिनो के अपने दबदबे को अंजाम तक पहुंचाते हुए शनिवार को यहां पूर्वोत्तर क्षेत्र को 511 रन से करारी शिकस्त दी। जीत के लिए 666 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पूर्वोत्तर क्षेत्र की दूसरी पारी 154 रन पर सिमट गई। सेमीफाइनल में उत्तर क्षेत्र का मुकाबला पांच जुलाई से मयंक अग्रवाल के नेतृत्व वाले दक्षिण क्षेत्र से होगा जबकि एक अन्य सेमीफाइनल मे मध्य क्षेत्र के सामने पश्चिम क्षेत्र की चुनौती होगी।पूर्वोत्तर क्षेत्र ने दिन की शुरूआत तीन विकेट पर 58 रन से की। पलजोर तमांग (40) और नीलेश लामिछाने (27) ने चौथे विकेट के लिए 57 रन की साझेदारी कर उत्तर क्षेत्र के गेंदबाजो को शुरूआती एक घंटे तक सफलता से रोके रखा। निशांत सिंधू (25 रन पर दो विकेट ने लामिछाने को आउट कर इस इस साझेदारी को तोड़ा जिसके बाद पुलकित नारंग (43 रन पर चार विकेट) ने तमांग को चलता किया। इस दो झटकों के बाद पूर्वोत्तर के बल्लेबाज क्रीज पर ज्यादा देर नही टिक सके और लगातार अंतराल पर विकेट गंवाते रहे। पूर्वोत्तर की टीम मैच मे अपना दबदबा बनाने मे नाकाम रही लेकिन बेहतर टीम के खिलाफ खेलने के अनुभव से उन्हे काफी फायदा होगा।

## मध्य क्षेत्र ने पूर्वी क्षेत्र को सेमीफाइनल का टिकट कटाया



**बेंगलुरु** वामहस्त स्पिनर सौरभ कुमार (64 रन पर आठ विकेट) की शानदार गेंदबाजी दम पर मध्य क्षेत्र शनिवार को यहां पूर्वी क्षेत्र पर 170 रन की आसान जीत के साथ दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल मे पहुंच गया। जीत के लिए 300 रन का लक्ष्य का पीछा करते हुए पूर्वी क्षेत्र ने मैच के चौथे और आखिरी दिन अपने अभियान को छह विकेट पर 69 रन से आगे शुरू किया लेकिन उसकी पूरी टीम 129 रन पर आउट हो गई। इस जीत के बाद मध्य क्षेत्र की टीम पांच जुलाई से अलूर मे खेले जाने वाले सेमीफाइनल मे पश्चिम क्षेत्र का सामना करेगी। दूसरे सेमीफाइनल मे उत्तर क्षेत्र का सामना दक्षिण क्षेत्र से चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा।पूर्वी क्षेत्र को मैच मे बनाए रखने का दारोमदार रियान पराग पर था लेकिन वह बीते दिन के छह रन के अपने स्कोर मे आठ रन और जोड़कर खब्बू गेंदबाज सौरभ के खिलाफ पगबाधा हो गए। सौरभ ने इसके बाद आकाश दीप, शाहबाज नदीम और ईशान पोरेल के विकेट चटकाए। सौरभ ने पहली पारी मे भी तीन विकेट चटकाए थे। मैच मे 11 विकेट लेने के लिए उन्हे मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## पंजाब के खेल मंत्री ने पूछा - विश्व कप स्थलों की सूची से मोहाली को बाहर करने का मानदंड क्या है?

**चंडीगढ़।** पंजाब के खेल मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने शुक्रवार को भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष रोजर बिन्नी और सचिव जय शाह को पत्र लिखकर उन मानदंडों पर सवाल उठाया, जिसके तहत आईसीसी विश्व कप के दौरान मैच की मेजबानी करने वाले शहरों की सूची से मोहाली को बाहर कर दिया गया। क्रिकेट विश्व कप 2023 की शुरुआत अहमदाबाद में पांच अक्टूबर होने वाली है। बीसीसीआई प्रमुख को लिखे अपने पत्र में हेयर ने कहा कि पंजाब के पास सबसे अच्छा खेल बुनियादी ढांचा है। उन्होंने यह भी बताया कि मोहाली के आईएस बिंद्रा स्टेडियम को दो विश्व कप सेमीफाइनल मुकाबलों की मेजबानी करने का भी गौरव प्राप्त है। पंजाब के मंत्री ने मीडिया में बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला के बयान का भी जिक्र किया और कहा कि शुक्ला ने बताया था कि पीसीए मोहाली स्टेडियम मैच आयोजित करने के लिए आईसीसी के मानदंडो को पूरा नही करता है।

# नीरज ने फेंका सोने का भाला

● लुसाने डायमंड लीग में लगातार दूसरी बार शीर्ष पर रहे

भाषा। लुसाने

**ओलंपिक चैम्पियन** भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा डायमंड लीग के लुसाने चरण में शुक्रवार को 87.66 मीटर की दूरी के साथ लगातार दूसरी बार शीर्ष स्थान हासिल किया। चोट के कारण लगभग एक महीने तक खेल से दूर रहे नीरज हालांकि अपने 90 मीटर के अपने व्यक्तिगत लक्ष्य को हासिल करने से एक बार फिर चूक गए। लुसाने में स्वर्ण पदक जीतने वाला उनका यह प्रयास करियर के शीर्ष 10 प्रदर्शन के बाहर था। पच्चीस साल के चोपड़ा ने पिछले महीने मांसपेशियों में खिंचाव के कारण तीन शीर्ष स्पर्धाओं में भाग नहीं लिया था। उन्होंने पांच मई को दोहा में अपने करियर के चौथे सर्वश्रेष्ठ 88.67 मीटर के थ्रो के साथ सत्र की शुरुआत डायमंड लीग जीती थी। चोपड़ा आमतौर पर शुरुआती दौर में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं लेकिन शुक्रवार को शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए उन्हें पांचवें प्रयास का इंतजार करना पड़ा। चौथे दौर की समाप्ति तक वह दूसरे स्थान पर थे।नीरज ने खिताब जीतने के बाद कहा, चोट से वापसी करने के कारण मैं थोड़ा घबराया हुआ महसूस कर रहा था। यहाँ थोड़ी ठंड भी थी। मैं अब भी अपने सर्वश्रेष्ठ से दूर हूं, लेकिन मुझे लगता है कि इसमें सुधार जारी है। उन्होंने कहा, मुझे राहत है कि यह मेरे लिए अच्छा साबित हो रहा है। जीत तो जीत होती है , और मैं इससे खुश हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस चैंपियन एथलीट को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी।उन्होंने ट्विटर पर लिखा, लुसाने डायमंड लीग में शानदार प्रदर्शन करने के लिए नीरज चोपड़ा को बधाई। वह अपने असाधारण प्रदर्शन की बदौलत तालिका में शीर्ष पर रहे। उनकी प्रतिभा, समर्पण और उत्कृष्टता के लिए निरंतर प्रयास सराहनीय है। चोपड़ा ने फाउल से शुरूआत की और फिर 83.52 मीटर और 85.04 मीटर थ्रो किया। चौथे दौर में भी उन्होंने फाउल किया। अगले दौर में हालांकि उन्होंने 87.66 मीटर का मुकाबला जीतने वाला थ्रो किया। उनका छठा और आखिरी थ्रो 84.15




मीटर का था। जर्मनी के जूलियन वेबर 87.03 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर थे, जबकि तोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता और सत्र की तालिका में शीर्ष पर चल रहे चेक गणराज्य के जैकब वडलेज 86.13 मीटर के प्रयास के साथ तीसरे स्थान पर रहे। लय हासिल करने के लिए जूझ रहे मौजूदा विश्व चैंपियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स 82.23 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ पांचवें स्थान पर रहे।

## 19 अगस्त से शुरू होने वाले बुडापेस्ट विश्व चैंपियनशिप में भाग लेंगे नीरज

**नई दिल्ली।** डायमंड लीग के लुसाने चरण मे शीर्ष पर रहने वाले भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने संकेत दिया कि वह अब सीधे विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप मे प्रतिस्पर्धा करते हुए दिखेंगे जो 19 अगस्त से बुडापेस्ट में शुरू होगा। चोपड़ा इस दौरान किसी और प्रतियोगिता मे हिस्सा नही लेंगे। चोट के कारण लगभग एक महीने तक खेल से दूर रहे चोपड़ा ने डायमंड लीग के लुसाने चरण मे शुक्रवार को 87.66 मीटर की दूरी के साथ लगातार दूसरी बार शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होने मौजूदा सत्र मे पांच मई को दोहा मे हुए शुरुआती डायमंड लीग में भी शीर्ष स्थान हासिल किया था। लुसाने मे जीत दर्ज करने के बाद चोपड़ा ने कहा, मेरे लिए बुडापेस्ट मे होने वाली अगली प्रतियोगिता काफी बड़ी होगी। उन्होने कहा, मै यहां जीतना चाहता था इसलिए मै नतीजे से बहुत खुश हूं लेकिन मै फिर से अभ्यास करना चाहता हूं। मैने कुछ खामियों को महसूस किया है और उसमें सुधार करना चाहता हूं। इससे मेरा खेल मजबूत होगा। उन्होंने लुसाने को अपने के लिए अच्छी किस्मत वाला शहर करार दिया। लुसाने मेरे लिए हमेशा अच्छा रहा है। पिछले साल भी मैने यहां जीत दर्ज की थी और इस साल भी ऐसा ही हुआ। इसलिए मै अगले साल फिर से आने और फिर से जीतने की उम्मीद कर रहा हूं। चोपड़ा के कोच डॉ. क्लॉस बार्टोनिट्ज ने पीटीआई-भाषा से पुष्टि की कि उनका शिष्य अब सीधे बुडापेस्ट मे विश्व चैंपियनशिप (19-27 अगस्त) में नजर आएगा। बार्टोनिट्ज ने कहा, हां, चोपड़ा का कहने का मतलब विश्व चैंपियनशिप ही है। बुडापेस्ट विश्व चैंपियनशिप का पुरुषों का भाला फेंक क्वालिफिकेशन राउंड 25 अगस्त को निर्धारित है। इसमें अभी 50 से अधिक दिन का समय है। चोपड़ा अगर उससे पहले किसी स्पर्धा मे हिस्सा नही लेते है तो वह डायमंड लीग के दोहा और लुसाने चरणो जैसे सिर्फ दो बड़ी स्पर्धाओं मे भाग लेने के बाद विश्व चैंपियनशिप में जाएंगे।

# विश्व और एशियाई खेलों के लिए मनु, दिव्यांश और ऐश्वर्य टीम में

भाषा। नई दिल्ली



**ओलंपियन** मनु भाकर, दिव्यांश सिंह पंवार और ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर आगामी आईएसएसएफ विश्व चैम्पियनशिप और एशियाई खेलों के लिए चुनी गई भारतीय निशानेबाजी टीम में शामिल रहे। हालांकि 2018 एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता और पूर्व युवा ओलंपिक चैम्पियन सौरभ चौधरी शनिवार को दो बड़े टूर्नामेंट के लिए घोषित टीम में जगह नहीं बना सके।देश में खेल की संचालन संस्था भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने अगस्त में अजरबेजान के बाकू में होने वाली आगामी विश्व चैम्पियनशिप और सितंबर में चीन के हांगजोऊमें होने वाले एशियाई खेलों के लिए भारतीय राइफल और पिस्टल टीम की घोषणा की। शॉटगन टीम की घोषणा पहले ही हो चुकी है। बाकू के लिए 22 सदस्ईय राइफल और पिस्टल रवाना होगी जिसमें 32 पेरिस ओलंपिक कोटे दाव पर लगे होंगे जबकि 21 सदस्ईय टीम हांगजोऊ जाएगी। मौजूदा पुरुष 10 मीटर एयर राइफल विश्व चैम्पियन रूद्रांक्ष पाटिल को चयन मापदंड में पेरिस कोटा विजेता के आधार पर एशियाई खेलों की टीम में शामिल किया गया।

## नार्थम्पटनशर के लिए खेल सकते हैं पृथ्वी साव

भाषा। नई दिल्ली

**मुंबई के** प्रतिभाशाली सलामी बल्लेबाज पृथ्वी साव इस महीने के अंत में दलीप ट्राफी की प्रतिबद्धता पूरी करने के बाद इंग्लिश काउंटी टीम नार्थम्प्टनशर के लिए खेल सकते हैं। इस समय यह 23 साल का खिलाड़ी भारतीय टीम में जगह बनाने की दौड़ से बाहर है और उनके करीबी लोगों नें उन्हें अपनी तकनीक में सुधार के लिए ब्रिटेन में खेलने की सलाह दी है ताकि वह लगातार मैच खेलकर फॉर्म में वापसी कर सकें। इस क्रिकेटर के करीबी सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, हां, पृथ्वी पश्चिम क्षेत्र के लिए दलीप ट्राफी की प्रतिबद्धता पूरी करने के बाद रवाना हो जाएगा।

# दीपक, निशांत, परवीन ने एशियाई खेलों के लिए स्थान पक्का किया

● पंघाल, नीतू चूके

भाषा। नई दिल्ली

**विश्व** चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज दीपक भोरिया (51 किग्रा) और निशांत देव (71 किग्रा) चीन के हांगझोऊमें होने वाले एशियाई खेलों की भारतीय मुक्केबाजी टीम में शनिवार को जगह बनाने में सफल रहे। विश्व चैम्पियनशिप 2022 की कांस्य पदक विजेता परवीन हुड्डा (57 किग्रा), राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जैस्मीन लम्बोरिया (60 किग्रा), अरुंधति चौधरी और प्रीति पवार इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के लिए महिला टीम में स्टार मुक्केबाज निकहत जरीन (51 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) के साथ शामिल हुईं। एशियाई खेलों का आयोजन 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक होगा। दो बार की विश्व चैंपियन निकहत और तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना ने मार्च में विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने के कारण स्वत: ही एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाई किया था। एशियाई खेलों की मुक्केबाजी प्रतियोगिता का महत्व इसलिए भी अधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि यह मुक्केबाजों के लिए 2024 पेरिस ओलंपिक का टिकट पक्का करने का पहला क्वालीफायर भी है। मौजूदा एशियाई खेलों के लाइट फ्लाईवेट चैंपियन और 2019 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता अमित पंघाल हालांकि अपने खिताब का बचाव नहीं कर पाएंगे क्योंकि वह एक बार फिर दीपक से पिछड़ गए।

## भारतीय मुक्केबाजों ने एलोर्डा कप में पांच पदक से अभियान समाप्त किया



**अस्ताना (कजाखस्तान)।** भारत ने शनिवार को यहां एलोर्डा कप मुक्केबाजी टूर्नामेंट मे अपना अभियान पांच पदक से समाप्त किया। विजय कुमार, सुषमा, केशाम संजीत सिंह, नीमा और सुमित ने अपने वजन वर्गों मे कांस्य पदक जीते। विजय कुमार (60 किग्रा) ने सेमीफाइनल मे चुनौती पेश की लेकिन कजाखस्तान के बेकनूर ओझानोव से।-4 से हार गए जिससे उन्हे कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। वही 81 किग्रा वजन वर्ग मे सुषमा ने कजाखस्तान की फरीजा शोलटे के खिलाफ अच्छी कोशिश की लेकिन वह 2023 विश्व चैम्पियनशिप की कांस्य पदक विजेता से 0-5 से हार गईं जिससे उन्होने अपना अभियान कांस्य पदक से खत्म किया।

## खेलों में आने के लिए युवाओं को प्रेरित करने की जरूरत : टिर्की

**गुवाहाटी।** पूर्व ओलंपियन दिलीप टिर्की ने शनिवार को खेलों में आने के लिए युवाओं को प्रेरित करने की जरूरत की बात कही। उन्होंने यहा असम में खेल पत्रकारिता के साल भर चलने वाले शताब्दी जश्न के समापन समारोह में कहा कि बच्चों को खेलों में अपने रूचि के खेल पता करने में मदद करना महत्वपूर्ण है और उन्हें प्रोत्साहित करना भी ताकि वे भविष्य में सफल हो सकें। पूर्व भारतीय हॉकी कप्तान ने कहा, हमें खेलों के भविष्य के लिए जमीनी स्तर पर ध्यान देने की जरूरत है। मुझे लगता है कि जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं को तलाशने और तराशने में आमतौर पर अनदेखी होती है। इसलिए खिलाड़ियों को खेलों में आने के लिए प्रेरित करने की जरूरत है। वहीं उन्होंने असम में खेलों की स्थिति के बारे में बात करते हुए कहा कि राज्य की महिला खिलाड़ी पिछले कुछ वर्षों से अच्छा कर रही हैं। लवलीना (बोरगोहेन) ने ओलंपिक में पदक जीता जो बहुत बड़ी चीज है। हिमा (दास) भी यहां की लोकप्रिय खिलाड़ी हैं।